# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


ईडी-सीबीआई की रणनीति के आगे पस्त हो गया भगोड़ा

बेल्जियम की संघीय लोक न्याय सेवा ने सोमवार को कहा कि भारत ने भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण का अनुरोध किया है

## भारत के बैंकिंग इतिहास के सबसे बड़े 13000 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोपी अब स्विट्जरलैंड भागने की फिराक में था

चोकसी ने बेल्जियम में निवास कार्ड पाने के लिए जाली दस्तावेज जमा किए। यह भी छिपाया कि वह भारत और एंटीगुआ का नागरिक है

# भगोड़ा मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार, भारत ने कहा- हमें 'सौंपो'

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

भारत के भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी को सोमवार सुबह बेल्जियम से गिरफ्तार किया गया है। चोकसी बीते करीब सात साल से भारतीय एजेंसियों की पकड़ से दूर है।

चोकसी की गिरफ्तारी के बाद यह चर्चा है कि क्या 26/11 हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के बाद चोकसी का प्रत्यर्पण भी कर सकता है? माना जा रहा है कि अब उसके भांजे का नंबर है। आरोप है कि नीरव मोदी और मेहुल ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के कुछ अधिकारियों के साथ मिलकर बैंक को करीब 13,000 करोड़ रुपए का चूना लगाया। यह बैंकिंग इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला कहा जाता है। इन लोगों ने पीएनबी की मुंबई के फोर्ट ▶▶शेष पेज 4 पर

### वकील ने कहा था-उसे ब्लड कैंसर, वह भारत नहीं आ सकता

फरवरी में चोकसी के वकील ने मुंबई की एक अदालत को बताया था कि वह भारत नहीं लौट सकता, क्योंकि वह रक्त कैंसर के इलाज के लिए बेल्जियम में था। भगोड़े कारोबारी ने कहा था कि वह भारतीय एजेंसियों के साथ सहयोग करने और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालतों में पेशी के लिए तैयार है। हालांकि, इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया और एजेंसियां उसके प्रत्यर्पण की दिशा में काम करती रहीं।





### भारत और बेल्जियम के बीच प्रत्यर्पण संधि

### जब दोनों देशों में अपराध साबित तभी होगा प्रत्यर्पण

भारत और बेल्जियम के बीच प्रत्यर्पण संधि है। इस संधि के तहत हत्या, धोखाधड़ी, जालसाजी जैसे कई अपराधों के अभियुक्तों को एक देश से दूसरे देश भेजने का अहम माध्यम है। 2020 में केंद्रीय कैबिनेट ने संधि में कुछ बदलाव भी किए थे। भारत और बेल्जियम ने 2023 में आपसी कानूनी सहयोग संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत दोनों देश भगोड़े आरोपियों के खिलाफ जांच एजेंसियों की तरफ से जारी एक-दूसरे के सर्च वॉरंट और समन को प्रभावी कर सकते हैं। संधि के मुताबिक किसी भी स्थिति में नागरिकों या निवासियों को तब तक नहीं सौंपा जा सकता, जब तक ▶▶शेष पेज 4 पर

### तो, बेल्जियम प्रत्यर्पण से मना कर सकता है?

संधि की एक खास बात यह भी है कि अगर प्रत्यर्पण की मांग राजनीतिक कारणों से की जा रही है तो इस मांग को नकारा जा सकता है। इसके अलावा सैन्य, भेदभाव व अन्य तर्कों और तथ्यों के आधार पर भी प्रत्यर्पण से इनकार किया जा सकता है। इसके अलावा अगर किसी अपराध के लिए भारत में मौत की सजा दी जा सकती है, तो बेल्जियम प्रत्यर्पण से पहले ऐसी किसी सजा को न देने का समझौता कर सकता है। हालांकि, चोकसी के मामले में यह तथ्य लागू नहीं होता।

### 2021 में डोमिनिकन गणराज्य में पकड़ा गया था

इससे पहले 2021 में मेहुल चोकसी को अवैध प्रवेश के लिए डोमिनिकन गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था। उसकी हिरासत को सुरक्षित करने के लिए सीबीआई की एक टीम कैरेबियाई देश पहुंची थी। 65 साल का मेहुल चोकसी 2018 में भारत से भाग गया था। घोटाला सामने आने के बाद वह देश छोड़कर एंटीगुआ चला गया, जहां उसने निवेश कार्यक्रम के जरिए नागरिकता ले ली थी।

### नीरव मोदी भी लंदन में प्रत्यर्पण कार्यवाही का सामना कर रहा

सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने भगोड़ा नीरव मोदी और मेहुल चोकसी दोनों के खिलाफ गैरजमानती वॉरंट जारी किया है। नीरव मोदी वर्तमान में लंदन में प्रत्यर्पण कार्यवाही का सामना कर रहा है। नीरव मोदी लंदन में मनी लांड्रिंग मामले को लेकर कानूनी कार्रवाई का सामना कर रहा है। फिलहाल वो लंदन की जेल में बंद है। बार-बार जमानत मांगने के बाद भी उसकी याचिका खारिज हो गई है। नीरव मोदी ने जनवरी 2018 में भारत छोड़ा था। इसके कुछ दिनों बाद ही पंजाब नेशनल बैंक के साथ हुए घोटाले का मामला सामने आया था। सीबीआई ने इस मामले में 30 जनवरी 2018 को एफआईआर दर्ज की थी। उसको 19 मार्च 2019 को लंदन में होबर्न के मेट्रो बैंक ब्रांच से गिरफ्तार किया गया था। उस वक्त नीरव मोदी वहां अपना बैंक अकाउंट खुलवाने गया था। उसके बाद नीरव मोदी को लंदन की वैंडजवर्थ जेल में रखा गया। मई 2020 से लंदन के वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट कोर्ट में नीरव मोदी के प्रत्यपर्ण का मामला चला। लंदन की अदालत ने नीरव मोदी के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
पंजाब कोलकाता
शाम 7.30 बजे से

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


## खबर संक्षेप

### वर्ग-2 की शिक्षक पात्रता के प्रवेश पत्र जारी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड ने मध्य प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा वर्ग 2 का प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। परीक्षा 20 अप्रैल को शुरू होने वाली है। उम्मीदवार नीचे बताए चरणों का पालन करके अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। नियमों का पालन जरूरी है।

### हेमंत होंगे झामुमो के अध्यक्ष, शिबू संरक्षक



**रांची।** सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा में अब कार्यकारी अध्यक्ष का पद नहीं होगा। उसके स्थान पर संस्थापक संरक्षक का पद होगा। कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन अब झामुमो के अध्यक्ष होंगे, जबकि दिशोम गुरु शिबू सोरेन संस्थापक संरक्षक होंगे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भीम जन्मस्थली (महू) डॉ. आंबेडकर नगर में नमन करते हुए कहा

# बाबा साहेब ने आरक्षण की व्यवस्था के साथ प्रेरणा दी कि शिक्षा की 'कमी' न हो



भीम जन्मस्थली से शुरू नई ट्रेन से महू सीधा देश की राजधानी दिल्ली से जुड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर ने 20 वीं शताब्दी में ऐसे अनेकों उल्लेखनीय कार्य किए, जिनसे 1000 वर्ष की गुलामी की विसंगतियां दूर हुईं। इन्हीं के आधार पर आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश बना है। डॉ. आंबेडकर के जीवन के योगदान बहुआयामी हैं, उन्हें भारत में भविष्य की चुनौतियों का आभास हो चुका था, यद्यपि उनका जीवन बहुत कठिनाई के साथ बीता, लेकिन वे ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने स्वयं के संघर्ष से सीख ली और अपने जैसे दूसरे लोगों की मदद की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को बाबा साहब डॉ. आंबेडकर की जन्मस्थली महू पहुंचे थे। उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर कई मंत्री, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में बाबा साहेब के अनुयायी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब ने स्वयं की शिक्षा में कोई कसर नहीं रहने दी, इससे यह प्रेरणा मिलती है कि व्यक्ति के जीवन में शिक्षा में कभी कोई कमी नहीं रहनी चाहिए।

*सीएम ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग की साक्षरता जो कभी मात्र 1.5 प्रतिशत थी, आज 59 प्रतिशत तक पहुंच गई है। भविष्य में जब-जब कठिनाई आएगी, हम सर्वहारा वर्ग के सशक्तिकरण का ध्यान रखेंगे।*



### महू से हुई एक सकारात्मक क्रांति की शुरुआत

विचारक मुकुल कानिटकर ने कहा कि 1891 में इसी दिन महू से एक सकारात्मक क्रांति की शुरुआत हुई थी, एक क्रांति सूर्य का उदय हुआ था। डॉ. आंबेडकर ने वर्ष 1916 में मात्र 27 वर्ष में अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय से इकोनॉमिक्स की डिग्री प्राप्त की थी। कोलंबिया यूनिवर्सिटी में सिर्फ एक ही स्टैच्यू लगा है, वो बाबा साहेब आंबेडकर का है। उन्होंने अर्थशास्त्र में पीएचडी और समाजशास्त्र व मानवशास्त्र में एमए किया। उस समय वे विश्व में सर्वाधिक डिग्री हासिल करने वाले व्यक्ति थे। वे किसी एक जाति-धर्म के नेता नहीं सर्वसमाज के नेता हैं।

### प्रधानमंत्री ने डॉ. आंबेडकर से जुड़े सभी स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में मान्यता दी

### महू में धर्मशाला निर्माण के लिए सरकार देगी 3.5 तीन एकड़ जमीन

### महू आने-जाने वालों की संपूर्ण सुविधा का प्रबंध सरकार की ओर से किया जाएगा

### अनुसूचित जाति वर्ग की साक्षरता अब 59 प्रतिशत

बाबा साहेब ने समूचे समाज को आरक्षण जैसी व्यवस्था प्रदान की। आज अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सहित हर वर्ग को साक्षरता का लाभ मिल रहा है। अनुसूचित जाति वर्ग की साक्षरता जो कभी मात्र 1.5 प्रतिशत थी, आज 59 प्रतिशत तक पहुंच गई है। भविष्य में जब-जब कठिनाई आएगी, हम सर्वहारा वर्ग के सशक्तिकरण का ध्यान रखेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. आंबेडकर से जुड़े सभी स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में मान्यता दी। महू स्थित भीम जन्मभूमि को तीर्थ के रूप में विकसित करने में मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा और शिवराज सिंह चौहान का योगदान महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव और मंचासीन अतिथियों ने 'संवैधानिक सामाजिक न्याय : एक चिंतन' पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, सांसद श्रीमती कविता पाटीदार, पूर्व मंत्री और विधायक सुश्री ऊषा ठाकुर सहित वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। ▶▶पढ़ें पेज 07 भी

### डेयरी खोलने पर सरकार देगी 30 प्रतिशत अनुदान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने सर्वहारा वर्ग और प्रदेश के किसानों को समृद्ध बनाने के लिए डॉ. आंबेडकर कामधेनु योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि यदि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग का कोई व्यक्ति दूध डेयरी खोलेगा, तो उसे हमारी सरकार 30 प्रतिशत अनुदान देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से एक दिन पहले ही भीम जन्मस्थली महू को नई ट्रेन की सौगात मिली है। अब महू शहर सीधा देश की राजधानी दिल्ली से जुड़ गया है।

### टेकरी के पुजारी से मारपीट का मामला



## 6 गाड़ियां ट्रेस, मालिकों-चालकों समेत 12 पर केस, पर विधायक पुत्र नामजद नहीं

कांग्रेस नेता सज्जन वर्मा व पिंटू जोशी ने पखारे पुजारी के पैर

इंदौर के मठ ने कहा गोलू या रुद्राक्ष शुक्ला मांगें माफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास

देवास पुलिस ने देवास के जीतू रघुवंशी पर केस दर्ज कर व उज्जैन में भी लापरवाही से वाहन चलाने व हूटर कार में लगाकर घूमने पर कार जप्त की हैं। बीते शुक्रवार की रात को 12 बजे बाद रुद्राक्ष शुक्ला व उसके साथियों ने माता टेकरी पर पहुंचकर पुजारियों पर मंदिर के पट खोलने का दबाव बनाया था।

उक्त मामले में जीतू रघुवंशी पर मामला दर्ज किया जा चुका है। अब इस मामले में कांग्रेस ने इसको राजनीतिक मुद्दा बना लिया है। सोमवार को पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा व उनके साथ गोलू शुक्ला के सामने विधानसभा चुनाव में खड़े हुए प्रत्याशी प्रदेश कांग्रेस सचिव पिंटू जोशी ने माता टेकरी मंदिर के पुजारियों के पैर पखारकर उनसे माफी मांगी है। वहीं, इंदौर के मठ ने एक पत्र जारी कर आंदोलन करने की चेतावनी दी है, कहा है कि रुद्राक्ष शुक्ला या गोलू शुक्ला माफी नहीं मांगते हैं तो बड़ा आंदोलन उनके विरुद्ध किया जाएगा।

### *शुक्ला के बेटे की गाड़ी पर लगी थी बत्ती*

*मंदिर के पास इंदौर विधायक गोलू शुक्ला के बेटे रुद्राक्ष की गाड़ी को देखा गया है। वीडियो में रुद्राक्ष उसी गाड़ी में नजर आ रहा है। गाड़ी पर नीली-पीली बत्ती भी दिख रही है, जो बिल्कुल वैसी है, जैसी पुलिस की गाड़ियों में होती है। पुलिस का कहना है कि जो छह गाड़ियां ट्रेस की गई हैं, उनके मालिकों और चालकों समेत 12 पर केस दर्ज किया गया है। एसपी पुनीत गेहलोत ने बताया कि पुलिस ने अभी तक सात गाड़ियां चिन्हित की हैं। जिसमें से चार गाड़ियों को जप्त किया जा चुका है। इंदौर उज्जैन से एक एक गाड़ी और अन्य दो देवास से जप्त की हैं। जिसमें एमपी 09 डब्ल्यू एल 0009 गाड़ी भी शामिल हैं। आगे इन वाहनों के वाहन मालिकों को तलब किया जाएगा।*

### हर दिन विशेष विधि से बदला जाता है मंदिर का ध्वज

## जगन्नाथ मंदिर का ध्वज लेकर 'उड़' गया गरुड़, लोग जता रहे अनहोनी की आशंका



मंदिर प्रशासन की तरफ से इस घटना को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया

एजेंसी ▶▶पुरी

ओडिशा के पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें एक गरुड़ मंदिर के शिखर पर लगे पवित्र ध्वज को अपने पंजों में दबाकर उड़ रहा है।

भगवान जगन्नाथ मंदिर का ध्वज हर दिन विशेष विधि से बदला जाता है। इसे बेहद शुभ मानते हैं। कई लोग इस घटना को भगवान जगन्नाथ की कोई लीला मान रहे हैं, तो वहीं कुछ लोग इसे शुभ या अशुभ संकेत से जोड़ रहे हैं। फिलहाल, मंदिर प्रशासन की तरफ से इस घटना को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। हालांकि, स्थानीय पुजारियों के हवाले से कहा गया है कि यह एक सामान्य प्राकृतिक घटना हो सकती है। हालांकि, श्रद्धालुओं की भावनाओं और मंदिर की परंपरा के मद्देनजर यह घटना चर्चा का विषय बन गई है। हालांकि, लोग अनहोनी की आशांका जता रहे हैं।

क्योंकि इस पहले साल 2020 में आकाशीय बिजली के चमकने की वजह से मंदिर के ध्वज में आग लग गई थी। मंदिर के ऊपर एक सुदर्शन चक्र लगा है, जिसका वजन करीब 1000 किलोग्राम है। विज्ञान भी हैरान है कि आखिर यह चक्र इतनी ऊंचाई पर कैसे पहुंचा? क्योंकि उस समय तकनीक भी इतनी विकसित नहीं थी।

### अब बारिश थमेगी, दो-तीन दिन बाद से गर्मी बढ़ेगी

भोपाल में एक डिग्री बढ़कर पारा 39.5 डिग्री

## सबसे गर्म रतलाम में दिन का पारा 42, धार और उज्जैन में 41 डिग्री

### पूर्वी मप्र के कुछ हिस्सों में गरज-चमक व एक-दो जगह हल्की ओलावृष्टि की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

सोमवार को भोपाल सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में दिन के तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं रहा। धूप और बारिश के बीच पारा 40 डिग्री के करीब थमे रहने से भीषण गर्मी से राहत रही।

सबसे गर्म रतलाम में पारा 42 और धार तथा उज्जैन में 41 डिग्री तक दर्ज हुआ है। भोपाल में एक डिग्री बढ़कर 39.5 डिग्री रहा, जबकि रतलाम, उज्जैन, खजुराहो, नौगांव और सागर में सर्वाधिक बढ़त 2.5 से 3 डिग्री की रही। मौसम केंद्र के अनुसार अब बारिश में कमी आएगी। गर्मी में बढ़त होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अब सिस्टम आगे निकल रहा है। अभी राजस्थान से लगे हिस्सों पर सकुर्लेशन का असर होने से पूर्वी मप्र के कुछ हिस्सों में गरज चमक और एक-दो जगह हल्की ओलावृष्टि हो सकती है। शेष प्रदेश में बारिश में कमी आने से बुधवार के बाद से तापमान में 2 से 4 डिग्री तक बढ़त होगी। इधर, भोपाल सहित आसपास के हिस्सों में भीषण गर्मी से अभी दो-तीन दिन और कुछ राहत के संकेत हैं। हवाएं बदलने और गति सामान्य से अधिक रहने से यह राहत रहेगी। 17-18 अप्रैल के बाद गर्मी काफी तेज हो जाएगी।



न्यू मार्केट में छाते की छांव में विदेशी युवती

### आज यहां बारिश के साथ ओले गिरेंगे

मंगलवार तक रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा, खरगोन, देवास, सिंगरौली, सीधी, रीवा, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिं दवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, सागर, मैहर, पांढुर्ना आदि जिलों में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। सिंगरौली, अनूपपुर, डिंडोरी और बालाघाट जिलों में हल्की ओलावृष्टि होने का येलो अलर्ट है। वहीं, सोमवार को दोपहर बाद पांढुर्णा, बैतूल, सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, सिंगरौली और अनूपपुर जिलों में हल्की बारिश होने से गर्मी से कुछ राहत रही।

8 ऑनलाइन जॉब में मुनाफे का झांसा देकर ठगी ...



12 राष्ट्र के समृद्ध अतीत को याद दिलाने रंगमंच ने निभाई...



# मैनिटः अस्पताल से हॉस्टल लौटे छात्र, 2 से 3 अभी भी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी (मैनिट) के मेस में दूषित भोजन करने के बाद बड़ी संख्या में बीमार हुए छात्रों में से अधिकांश छात्र सोमवार को इलाज के बाद अस्पताल से हॉस्टल पहुंच गए हैं। हालांकि, सभी छात्र अभी भी हॉस्टल नहीं पहुंचे, इनमें से दो से तीन छात्रों का इलाज अभी और चलने की बात सामने आई है। इस मामले में मैनिट प्रशासन के पीआरओ डॉ. राहुल तिवारी से बात नहीं हो सकी है। वाट्सएप ग्रुप पर उनके द्वारा दिए गए अपडेट जानकारी के मैसेज के अनुसार सभी छात्र वापस हॉस्टल आ गए हैं। शेष छात्रों को उपचार के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज किया जाएगा।

## मैनिट की मेस में दूषित भोजन से बड़ी संख्या में बीमार हुए छात्रों का दो दिन चला इलाज

पीआरओ डॉ. राहुल तिवारी ने व्हाट्सएप ग्रुप पर दी जानकारी

प्रबंधन पर मनमानी के आरोप



### 3 दिन में मिलेगी रिपोर्ट, आज जमा होंगे सैंपल

रविवार को खाना खाने के बाद मैनिट में तीस से अधिक छात्रों की तबियत बिगड़ने के बाद खाद्य विभाग ने खाने के सैंपल ले लिए हैं। रविवार और सोमवार की छुट्टी होने से सैंपल जमा नहीं हो सके। अब मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की लेबोरेटरी में सैंपल जमा किए जाएंगे, जिसकी रिपोर्ट तीन दिन में आने की उम्मीद है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि अमले ने बिना पके चावल, बेसन, तुअर दाल और आटे के सैंपल लिए हैं। रविवार दोपहर के भोजन में बनाए गए चावल और पनीर की सब्जी के सैंपल भी लिए गए हैं। अफसरों का कहना है कि जल्द ही लेबोरेटरी से सैंपल की जांच रिपोर्ट मिल जाएगी, जिसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### दूषित दाल पर नहीं हुई कार्रवाई

तीन महीने पहले गुनगा के इझगिरी गांव की आंगनबाड़ी में दाल, रोटी और लप्सी खाने से 7 बच्चों की तबियत बिगड़ने के मामले में दाल में वैक्टीरिया की पुष्टि हुई थी। बावजूद इसके महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील सोलंकी ने यहां खाना परोसने वाले बालाजी स्व सहायता समूह का बचाव शुरू कर दिया है। उस पर कार्रवाई नहीं की गई है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने दाल, रोटी और लप्सी के सैंपल लिए थे, जिसकी महिला बाल विकास विभाग ने प्राइवेट लैब में जांच कराई।

## इमरजेंसी विभाग में कर रहे थे ड्यूटी
# एम्स के जूनियर डॉक्टर पर हमला, हमलावर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के हमीदिया अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों से मरीज के परिजनों द्वारा मारपीट की घटनाएं लगातार सामने आती रहती हैं। अब एम्स में भी जूनियर डॉक्टर पर मरीज के परिजनों द्वारा घटना किए जाने के मामला सामने आया है। दरअसल, सोमवार दोपहर एम्स भोपाल के आपातकालीन विभाग में एक डॉक्टर के साथ मरीज के परिजनों ने मारपीट और अभद्रता की।

हालांकि सुरक्षा गार्डों और तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा तुरंत पकड़ लिया गया और उसे बागसेवनिया पुलिस थाने के हवाले कर दिया। वहीं उसके दो अन्य साथी भाग जाने की बात भी सामने आ रही है। एम्स के चिकित्सकों का कहना है कि यह घटना स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न करती है।



### डॉक्टर के चेहरे पर किया हमला

*घटना उस समय हुई जब डॉक्टर इमरजेंसी विभाग के येलो ट्रायेज क्रिटिकल एरिया में ड्यूटी पर तैनात थे। मरीज संतोष कुमार (उम्र 39 वर्ष) के साथ आए परिजनों ने डॉक्टर के साथ शारीरिक और मौखिक दुर्व्यवहार किया। परिजनों ने न केवल धमकाया, बल्कि हिंसा भी करते हुए डॉक्टर की शर्ट फाड़ दी, चेहरे पर हमला करने की कोशिश की और उनका गला पकड़ लिया।*

## गार्ड्स ने हमलावर को पकड़कर पुलिस को सौंपा

हमलावर को एम्स के सुरक्षा गार्डों और तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा तुरंत पकड़ लिया गया और उसे बाग सेवनिया पुलिस थाने के हवाले कर दिया गया। इस संबंध में मप्र चिकित्सा सेवा व्यक्ति और चिकित्सा सेवा संस्थान (हिंसा और क्षति की रोकथाम) अधिनियम, 2008 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस अधिनियम के अंतर्गत दोषी पाए जाने पर 3 से 5 साल की सजा और 50,000 से 2 लाख तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश

एम्स प्रशासन ने अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

**हमारे डॉक्टर के साथ मारपीट**

एम्स के डॉ. संजय मंडलोई ने कहा, हमारे जूनियर डॉक्टर के साथ न सिर्फ मारपीट हुई है, बल्कि गालियां दी गई हैं। इस तरह की हिंसा अत्यंत निंदनीय है और हम संस्थान की तरफ से सख्त कार्रवाई करेंगे।

**कार्रवाई की जाएगी..**

हमें एम्स से घटना की सूचना प्राप्त हुई है। डॉक्टर का मेडिकल परीक्षण कराने के साथ शिकायत के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।
अमित सोनी, बागसेवनिया थाना प्रभारी

## एर्नाकुलम से हजरत निजामुद्दीन चलेगी एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन

**भोपाल।** गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन द्वारा विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 06061 एनार्कुलमझहजरत निजामुद्दीन वन वे सुपरफास्ट विशेष ट्रेन का एक फेरा चलाया जा रहा है। यह विशेष ट्रेन भोपाल मंडल के इटारसी, भोपाल और बीना स्टेशनों पर ठहराव करती हुई अपने गंतव्य तक पहुंचेगी। यह ट्रेन 16 अप्रैल (बुधवार) को एर्नाकुलम से शाम 18:05 बजे रवाना होगी। जो अगले दिन यानी 18 अप्रैल को इटारसी प्रातः 05:10 बजे, सुबह 6:50 बजे भोपाल स्टेशन पहुंचेगी। इसके बाद सुबह 08:50 बजे बीना में हॉल्ट लेते हुए रात 20:35 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी। एनार्कुलम, ऑल्विन, त्रिचूर, पलक्कड़, पोदनूर, तिरुपुर, ईरोड, सेलम, जोलारपेटै, कटपडी, रेनीगुटा, गुडुर, औंगोल, विजयवाड़ा, वारंगल, बल्लारशाह, नागपुर, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा छावनी, मथुरा, हजरत निजामुद्दीन पर भी रुकेगी।

## मौसम में बदलाव और गर्म हवाएं बच्चों को सबसे ज्यादा कर रहीं प्रभावित
# ज्यादातर मासूम बुखार व उल्टी दस्त से ग्रस्त, जेपी का बच्चा वार्ड भी हुआ फुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बढ़ती गर्मी ने सेहत पर असर डालना शुरू कर दिया है। सबसे ज्यादा प्रभावित नन्हे बच्चे हो रहे हैं। जेपी अस्पताल का बच्चा वार्ड और बाल चिकित्सा गहन देखभाल इकाई पूरी तरह भर चुका है। सिर्फ दो बेड इमरजेंसी केस के लिए रिजर्व रखे गए हैं। अस्पताल में भर्ती ज्यादातर मासूम तेज बुखार, उल्टी-दस्त और निमोनिया जैसी बीमारियों से जूझ रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार, मौसम में बदलाव और गर्म हवाएं बच्चों को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रही हैं। बचाव के लिए जरूरी है कि पर्याप्त पानी पिलाएं और बच्चों को धूप में खेलने या बाहर जाने से रोकें। यदि धूप में निकलना आवश्यक हो तो सूती कपड़ों से बच्चों के सर को ढंक कर रखें।

बाल चिकित्सा गहन देखभाल इकाई भी फुल

डॉक्टरों ने बच्चों को लेकर जारी किए निर्देश



### जेपी अस्पताल में भर्ती 24 बच्चे

जेपी अस्पताल के बच्चा वार्ड में 16 और पीआईसीयू में 10 बेड हैं। जिसमें वर्तमान में 24 बच्चे भर्ती हैं। इनमें से दो बाल रोगी निमोनिया से पीड़ित हैं। वहीं, अन्य बच्चों में उल्टी-दस्त और बुखार यानी फूड पॉइजनिंग के लक्षण देखे गए, जिसके आधार पर इलाज किया जा रहा है। अधिक तापमान में वायरस व बैक्टीरिया आसानी से पनपते हैं। जिससे खाना जल्द खराब हो जाता है। जो फूड पॉइजनिंग और पेट से जुड़े रोगों का खतरा बढ़ाता है। यही कारण है कि इन दिनों बाहर का खाना न खाने की सलाह दी जाती है।

### बाहर के खाने से फूड पॉइजनिंग का खतरा

*जेपी अस्पताल की शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. भावना पवार ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ तेज बुखार, उल्टी-दस्त, पानी की कमी, निमोनिया के केस बढ़ गए हैं। पीआईसीयू और बच्चा वार्ड लगभग फुल हैं। दो बेड इमरजेंसी केस के लिए रिजर्व रखे गए हैं। इसके अलावा जो बच्चे बाहर का खाना, फास्ट फूड, पानी पूरी, नींबू पानी जैसी चीजों का सेवन ज्यादा करते हैं। इनमें फूड पॉइजनिंग के मामले ज्यादा देखने को मिल रहे हैं।*

### हीट स्ट्रोक से बचना जरूरी

जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ हीट स्ट्रोक और लू लगने की संभावनाएं भी बढ़ी हैं। इससे शरीर का तापमान 104 डिग्री फारेनहाइट हो जाता है जिससे ब्रेन स्ट्रोक के साथ किडनी भी काम करना बंद कर सकती है।

### निमोनिया से ग्रसित ढाई माह का बच्चा

जेपी अस्पताल के बाल रोग विभाग में 23 मार्च को दो माह के नवजात शिशु को भर्ती किया गया। बच्चे को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी, ऐसे में करीब एक हफ्ते तक उसे वेंटिलेटर पर रख इलाज दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार जांच और केस स्टडी से सामने आया कि बच्चे के फेफड़ों में इन्फेक्शन से बीमारी की शुरूआत हुई थी। जो बढ़कर निमोनिया में तब्दील हो गई। इस मौसम में साफ सफाई का विशेष ध्यान देने की जरूरत है। पसीना और गंदे हाथों के संपर्क में आने से छोटे बच्चों में इन्फेक्शन होने का खतरा बढ़ जाता है।

# तीस की जगह सिर्फ 10 मिनट चल रहे नल, लोग गड्ढे खोदकर भर रहे पानी
## बागमुगालिया एक्सटेंशन कॉलोनी के लोगों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अप्रैल माह में ही नगर निगम की पानी सप्लाई ध्वस्त हो रही है, जहां पहले तीस मिनट तक प्रेशर के साथ पानी आता था, वहीं अब दस से पंद्रह मिनट ही पानी मिल पा रहा है। प्रेशर नहीं होने की वजह से लोगों को जमीन के नीचे गड्ढे खोदकर पानी भरना पड़ रहा है।

पिछले एक हफ्ते से लो प्रेशर से परेशान बाग मुगालिया एक्सटेंशन कॉलोनी के रहवासी सड़क पर उतर आए। उनका आरोप था कि प्रेशर इतना कम है कि पानी एक फीट ऊपर भी नहीं चढ़ रहा, लिहाजा गड्ढे खोदकर लाइन से पानी लेना पड़ा रहा है।



### इसलिए सप्लाई प्रभावित

83 एकड़ में फैली इस कॉलोनी में 1206 आवास हैं, जबकि आबादी 12 हजार से ज्यादा है। कॉलोनी में दो ओवरहैड टैंक हैं, लेकिन इसके बाद भी सप्लाई व्यवस्थित नहीं है। वजह ये है कि कॉलोनी की टंकियों से लाहरपुरा, कुम्हार मोहल्ला, 70 क्वार्टर, आशा राम फेस-3 की झुग्गी बस्ती और श्मशान घाट झुग्गी बस्ती में भी सप्लाई दी जा रही है। इसकी वजह से यहां सप्लाई प्रभावित हो रही है।

### पंद्रह फीसदी घरों तक नहीं पहुंचा पानी

शहर के कोलार, बड़ी झील, केरवा और नर्मदा से जल सप्लाई होता है। शहर में 164 उच्च स्तरीय टंकियां और 136 भू स्तरीय सम्प के माध्यम से 2.71 लाख घरों में पानी सप्लाई की जाती है। साथ ही 751 कॉलोनियों को बल्क कनेक्शन दिए गए हैं। वर्तमान में 85% इलाकों में सप्लाई है, जबकि 15 फीसदी में पाइप लाइन ही नहीं बिछाई गई है।

## लापरवाही से बाइक न चलाने की समझाइश दी तो मीडियाकर्मियों से ही कर दी मारपीट



**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित दानिश नगर चौराहा पर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात बाइकर्स गैंग ने दो मीडियाकर्मियों से मारपीट कर दी। दोनों को गंभीर चोट आई हैं। मिसरोद पुलिस साधारण धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक, रात करीब डेढ़ बजे मिसरोद क्षेत्र के एक अखबार के दफ्तर के मीडियाकर्मी विशेष कुमार अपने साथी विजय कुमार के साथ मिसरोद से एमपी नगर अपने घर की ओर जा रहे थे। दानिश नगर चौराहा के पास बाइकर्स गैंग में शामिल एक बाइक के बाइकर्स ने विशेष की बाइक के पास से तेजी से बाइक निकाली। इसका विशेष ने विरोध किया, तभी बाइकर्स गैंग के युवकों ने दोनों को रोककर पहले तो गाली-गलौज की इसके बाद उनके साथ मारपीट कर दी। दोनों को चोट लगी है। कड़ा लगने से एक के सिर में चोट आई है। थाना प्रभारी मनीष राज सिंह भदौरिया ने बताया कि घटना स्थल के पास के सीसीटीवी फुटेज नहीं होने से आरोपियों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उनकी पहचान में जुटी है।

देर रात तक खोले जा रहे बार, परोसी जा रही शराब

# रीमिक्स बार, टर्निंग प्वॉइंट बार पहुंची आबकारी की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के बार देर रात तक खुले रहने के मामले में आबकारी विभाग का अमला रोजाना चेकिंग कर रहा है। यहां होने वाली पार्टियां और अन्य संचालन को लेकर जांच की जा रही है। सोमवार को आबकारी कंट्रोलर एचएस गोयल की टीम ने हाउस नंबर-230, रिमिक्स बार, टर्निंग प्वाइंट सहित अन्य बारों का निरीक्षण किया। जहां बार की टाइमिंग, शराब का स्टॉक भी जांचा गया। टीम ने नारियल खेड़ा के गौतम नगर में आरोपी नीलम से 41 पाव देसी शराब और भानपुर इलाके के चौकसे नगर से आरोपी लक्ष्मी के कब्जे से 16 पाव देसी शराब जब्त की है। सोमवार को आबकारी की टीम हाउस नं. 230,



रीमिक्स बार, टर्निंग पॉइंट बारों को चैक करने पहुंची, जिसमें बारों पर शराब स्टॉक, परमिटों चैक किए गए। बार संचालकों को हिदायत दी गई कि तय समय से बार खोले और बंद करें।

## बीसीएलएल की पहल की महापौर ने की तारीफ
# जुगाड़ः कबाड़ की बस से बना दिया मुसाफिरों के लिए बस स्टॉप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में बीसीएलएल की बसों का कबाड़ बढ़ रहा है। शहर के अधिक रूट पर चलने वाली बसें कंडम होने की वजह से कबाड़ हो रही हैं, जिसको देखते हुए कबाड़ में पड़ी बसों के सामान से बीसीएलएल ने बोर्ड ऑफिस चौराहे के पास बस स्टॉप तैयार किया है। सोमवार को महापौर मालती राय ने अफसरों के साथ बस स्टॉप का निरीक्षण कर कबाड़ से की गई जुगाड़ की तारीफ की।

### कबाड़ के उपयोग के साथ नगर निगम की राशि की भी बचत




महापौर ने बताया कि पुरानी बसों से बस स्टॉप निर्माण किया गया है, जिससे कबाड़ के उपयोग के साथ नगर निगम की राशि की भी बचत हुई है। उन्होंने कहा कि बीसीएलएल की पुरानी अनुपयोगी बस से बस स्टॉप का निर्माण कबाड़ से जुगाड़ की अनुकरणीय पहल है। इस तरह बस स्टॉप के निर्माण से जहां एक ओर यात्रियों को सुविधा मिलेगी, वहीं अनुपयोगी बसों का उपयोग भी होगा। उन्होंने कहा कि शहर में अन्य जगहों पर भी इस तरह का कबाड़ से जुगाड़ वाले बस स्टॉप बनाए जाएं।



भोपाल
मंगलवार, 15 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष-02
वर्ष : 12, अंक : 14
पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 37
न्यून. 23

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 बल्लेबाजों के बल्ले के आकार को जांच रहे...

विचार पेज
06 मुर्शिदाबाद का भयावह सच

### दिल्ली में निरंतर तीन दिन हुआ 'महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य' का मंचन

# सीएम ने कहा-महानाट्य बताता है कि दुनिया में सबसे पहले कहां था लोकतंत्र



- विक्रमादित्य महानाट्य अतीत के स्वर्णिम पृष्ठ का प्रकटीकरण
- कार्यक्रम में महानाट्य के कलाकारों का सम्मान भी किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश की राजधानी में लाल किले की प्राचीर पर निरंतर तीन दिन ऐतिहासिक महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का मंचन उस युग को जीवंत करने का प्रयास है, जो विश्व में भारत द्वारा सुशासन और लोकतांत्रिक व्यवस्था को स्थापित करने की पहल से अवगत करवाता है। फिल्मों के निर्माण और डिजिटल युग के बावजूद प्राचीन नाट्य परंपरा से परिचित करवाने वाले इस महानाट्य के अंश स्मरणीय रहेंगे। मुख्यमंत्री डा. यादव सोमवार को नई दिल्ली में महानाट्य ▶▶शेष पेज 4 पर





### विशिष्ट अतिथियों का मुख्यमंत्री ने माना आभार

मुख्यमंत्री ने दिल्ली में महानाट्य के मंचन के लिए आए राज्यसभा के उप सभापति हरवंश सिंह, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, स्वामी अचलानंद, मध्यप्रदेश के मंत्री राकेश सिंह, प्रद्युम्न सिंह तोमर, नरेंद शिवाजी पटेल, दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद की उपस्थित के लिए आभार माना और संस्कृति मंत्रालय एवं विक्रमादित्य शोध पीठ के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। राज्यसभा के उपसभापति ▶▶शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### करैरा में 9 लाख की 800 लीटर अवैध शराब जब्त



**शिवपुरी।** करैरा थाना पुलिस ने एक सफेद पिकअप वाहन से कबाड़ के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही 800 लीटर अवैध शराब बरामद की है। एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया, जबकि इस तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है। जब्त की गई शराब और वाहन की कुल अनुमानित कीमत करीब 9 लाख रुपए बताई जा रही है।

### दो पक्षों में फायरिंग, एक की मौत, 2 घायल



**मुरैना।** आंबेडकर जयंती की रैली के दौरान डीजे बजाने को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों की तरफ से गोलियां चला गईं। इसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। घटना सोमवार रात को हिंगोना खुर्द गांव की है। जानकारी के अनुसार, जाटव समाज के लोग आंबेडकर जयंती पर रैली निकाल कर आ रहे थे।

### ट्रैफिक चालान, 10 सेकंड तक का वीडियो बनेगा



**नई दिल्ली।** अब ट्रैफिक नियम तोड़ने पर चालान सिर्फ फोटो से नहीं, बल्कि वीडियो वाले सबूत के साथ दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने एक नया स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर जारी किया है, जिससे ट्रैफिक नियमों की निगरानी ऑटोमैटिक कैमरों से की जाएगी। यह एसओपी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में पेश किया है।

लूट की नीयत से की वारदात : रात 12 बजे हनुमान मंदिर में विश्राम कर रहे संतों पर बोला हमला

### सीएम डॉ. यादव ने दिए कठोर कार्रवाई के निर्देश, सभी बदमाश पकड़ लिए गए

# शराब पीकर 6 बदमाशों ने जैन संतों को लाठी-डंडों से पीटा, कपड़े फाड़े

*सिंगोली की ओर से जैन संत शैलेष मुनि, बालभद्र मुनि और मुनींद्र मुनि रविवार को विहार कर नीमच की ओर आ रहे थे। उन पर एक मंदिर में विश्राम के दौरान बोला गया प्राणघातक हमला।*

### आरोपी राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के रहने वाले



घटना के विरोध में जैन समाज ने सोमवार को बंद रखा सिंगोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶नीमच/भोपाल

नीमच जिले के सिंगोली थाना क्षेत्र में बदमाशों द्वारा लूट की नीयत से जैन संतों के साथ अमानवीय तरीके से मारपीट की गई। इसके विरोध में सिंगोली बंद रहा। सिंगोली की ओर से जैन संत शैलेष मुनि, बालभद्र मुनि और मुनींद्र मुनि रविवार को विहार कर नीमच की ओर आ रहे थे।

सूर्यास्त होने पर तीनों जैन संत सिंगोली थाना क्षेत्र के ग्राम कछाला स्थित हनुमान मंदिर में विश्राम के लिए रुक गए। इसी दौरान रात करीब 12 बजे तीन बाइक से कुछ बदमाश वहां पहुंचे। बदमाशों ने पहले मंदिर के सामने बैठकर शराब पी। उसके बाद मंदिर में विश्राम कर रहे जैन संतों के पास पहुंचे और उनसे रुपए मांगने लगे, जब मुनियों ने ▶▶शेष पेज 4 पर

**घायल संतों ने अस्पताल जाने से किया इनकार जैन स्थानक में चल रहा इलाज**



वारदात के बाद दो बदमाशों को तो लोगों ने मौके पर ही पकड़ लिया था

### जीतू पटवारी ने कहा
### संतों की सुरक्षा नए सिरे से निर्धारित हो

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि नीमच के सिंगोली क्षेत्र में जैन संतों पर प्राणघातक हमले की चिंताजनक सूचना मिली! अहिंसावादी भगवान महावीर के अनुयायियों के साथ हुई अमानवीयता स्तब्ध करती है। भाजपा सरकार को पूरे प्रदेश में संतों की सुरक्षा को नए सिरे से निर्धारित करना चाहिए। घटना की त्वरित जांच व कठोर कार्रवाई भी तुरंत सुनिश्चित चाहिए।

#### पदयात्रा करने वाले संतों को सुरक्षा दी जाएगी

नीमच एसपी अंकित जायसवाल का कहना है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने जैन मुनि महाराज के साथ मारपीट की है। इस मामले में सिंगोली पुलिस ने फरियादी पवन पिता भगवानलाल मेहता निवासी अहिंसा पथ सिंगोली के आवेदन पर प्रकरण दर्ज कर जैन मुनियों के साथ मारपीट करने वाले आरोपी गणपत पिता राजू नायक, गोपाल ▶▶शेष पेज 4 पर

### सीएम डॉ. यादव ने कहा
#### टीम बनाकर की कार्रवाई, बदमाश दबोचे गए

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मुझे इस बात की जानकारी मिली कि रात को नीमच जिले के सिंगोली में कुछ लोगों ने शराब पीकर जैन मुनियों के साथ अभद्र व्यवहार किया है। हमने तुरंत टीम बनाकर उन पर कार्रवाई की है। हमने संदेश भी दिया है कि ऐसी किसी भी घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा बोले, मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव का संवेदनशील नेतृत्व है। नीमच जिले में जैन मुनियों के साथ हुई अभद्र व्यवहार की घटना के किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। भाजपा प्रवक्ता आशीष अग्रवाल ने एक्स पर लिखा पूज्य जैन मुनियों के साथ हुई घटना अत्यंत निंदनीय है। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की ओर से ये घटना मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के संज्ञान में लाई गई। इसके बाद सिंगोली पुलिस ने मामले में गंभीर धाराओं ▶▶शेष पेज 4 पर



### वर्ली परिवहन विभाग के वॉट्सएप नंबर पर संदेश

# सलमान खान की कार को बम से 'उड़ाने' की धमकी

एजेंसी ▶▶मुंबई



जाने-माने अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। इससे पहले 'सिकंदर' के प्रमोशन के दौरान अभिनेता ने लगातार मिल रही धमकियों पर कहा था कि भगवान, अल्लाह सब ऊपर हैं। जितनी उम्र लिखी है, उतनी लिखी है। साथ ही सुरक्षा के कारण आने वाली समस्याओं का भी जिक्र किया था। इस बार मुंबई के वर्ली परिवहन विभाग के वॉट्सएप नंबर पर धमकी भरा संदेश भेजा गया है। इसमें अभिनेता के घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी गई है। साथ ही धमकी देने वाले ने सलमान की कार को बम से उड़ाने की भी ▶▶शेष पेज 4 पर

- पिछले कुछ दिनों में मिली हैं कई धमकियां

### ईपीएफओ में बदल गए नियम

# रद्द किए गए चेक की 'तस्वीर' अपलोड करने की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶मुंबई



बीते कुछ दिनों में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से जुड़े कई नियम बदल गए हैं। इसका असर ईपीएफओ के करोड़ों ग्राहकों पर पड़ने वाला है। इनमें से एक नियम पीएफ क्लेम के प्रोसेस से जुड़ा है तो एक नियम वेरिफिकेशन को लेकर है। अब ईपीएफओ के ग्राहक फेस वेरिफिकेशन के जरिए यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) और संबंधित सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। बीते दिनों केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने फेस वेरिफिकेशन के जरिए भविष्य निधि का यूएएन आवंटित करने और उसे सक्रिय करने के लिए अपग्रेडेड डिजिटल ▶▶शेष पेज 4 पर

- बैंक खातों का नियोक्ताओं द्वारा सत्यापन अनिवार्य नहीं

### हनुमान जयंती के जुलूस पर पथराव

# हिंदूवादी संगठनों ने किया प्रदर्शन प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने खदेड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना



हनुमान जयंती के जुलूस पर हुए पथराव की घटना के बाद शहर में तीसरे दिन भी तनावपूर्ण माहौल देखने को मिला। सोमवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पत्थरबाजों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। स्थिति उस समय और अधिक बिगड़ गई जब प्रदर्शनकारियों की एक टोली विवादित स्थल की ओर बढ़ने लगी। तब पुलिस ने हालात संभालने के लिए हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर किया। प्रदर्शन के दौरान ▶▶शेष पेज 4 पर

- प्रदर्शनकारियों की टोली विवादित स्थल जा रही थी

### पचमढ़ी में श्रद्धालुओं को नहीं चढ़नी होंगी 1300 सीढ़ियां

# चौरागढ़ महादेव मंदिर तक रोपवे बनेगा, 400 करोड़ रुपए होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने पचमढ़ी में चौरागढ़ महादेव मंदिर तक रोपवे बनाने की स्वीकृति दे दी है। यह प्रोजेक्ट 400 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा।

नर्मदापुरम-नरसिंहपुर क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने इस प्रोजेक्ट के लिए केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा था। रोपवे प्रियदर्शिनी प्वाइंट से चौरागढ़ मंदिर तक बनेगा, जिसकी ▶▶शेष पेज 4 पर

*रोपवे प्रियदर्शिनी प्वॉइंट से चौरागढ़ मंदिर तक बनेगा, जिसकी लंबाई लगभग आधा किलोमीटर होगी*



**▶▶ लाखों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं**

चौरागढ़ बाबा के मंदिर की है, हर साल महाशिवरात्रि पर लाखों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। करीब साढ़े 3 किमी का ट्रैक पैदल ऊंची-नीची सरपिली पहाड़ियों में होकर गुजरना पड़ता है। महाशिवरात्रि पर श्रद्धालु वजनी त्रिशूल ▶▶शेष पेज 4 पर

### पायलट को कंफ्यूज करने का प्रयास

# हवा में था वायुसेना का विमान और हो गया साइबर अटैक

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली



ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत म्यांमार को राहत पहुंचा रहा भारतीय वायुसेना का विमान साइबर अटैक का शिकार हो गया। खबर है कि यह हमला उस वक्त हुआ, जब विमान राहत सामग्री लेकर म्यांमार जा रहा था। हालांकि, वायुसेना के जांबाजों पर इसका कोई असर नहीं पड़ा और उन्होंने सूझबूझ से रास्ता निकाला और यात्रा को पूरा किया। रिपोर्ट के अनुसार, अपने सैटेलाइट आधारित जीपीएस सिग्नल में स्पूफिंग के रूप में भारतीय वायुसेना के विमान को साइबर हमलों का सामना करना पड़ा है। म्यांमार के हवाई क्षेत्र में किसने जीपीएस स्पूफिंग की है, इसका पता लगाना मुश्किल साबित हो सकता ▶▶शेष पेज 4 पर

### पीएम से मिलने का लिया संकल्प 14 साल बाद हुआ पूरा

# पीएम मोदी मिले भी और रामपाल को जूते भी पहनाए, कहा- ऐसा व्रत दोबारा न करें

एजेंसी ▶▶यमुनानगर



कैथल के रामपाल कश्यप ने 14 साल पहले जूते पहनना छोड़ दिया था। उनका संकल्प था जब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी मुलाकात नहीं हो जाती तब तक वे नंगे पाव ही रहेंगे। आखिरकार रामपाल का वनवास पूरा हो गया और पीएम मोदी से उनकी मुलाकात हो गई। पीएम ने उन्हे ऐसा व्रत दोबारा न करने का सुझाव देते हुए खुद ही उन्हे जूते पहनाए। सोमवार को यमुनानगर में रामपाल ने जब अपने समक्ष पीएम को देखा तो उनके आंसू निकल गए। मोदी हरियाणा के हिसार में एयरपोर्ट के उद्घाटन और यमुनानगर में 800 मेगावाट के नए थर्मल प्लांट का शिलान्यास करने पहुंचे थे। इस दौरान वे कैथल के रहने वाले रामपाल से मिले।

बातचीत के दौरान पीएम ने कहा, ऐसा व्रत दोबारा न करें। मोदी ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। मोदी ने लिखा- हरियाणा के यमुनानगर में आज कैथल के रामपाल कश्यप जी से मिलने का सौभाग्य मिला। इन्होंने 14 वर्ष पहले एक व्रत लिया था कि मोदी जब तक प्रधानमंत्री नहीं बन जाते और ▶▶शेष पेज 4 पर

- पीएम ने सोशल मीडिया पर शेयर किया वीडियो

इतना छोटा है कि इसे सिरिंज की नोक के अंदर फिट किया जा सकता है

### कामयाबीः अमेरिका की वेस्टर्न ऑरगन यूनिवर्सिटी के इंजीनियरों ने यह पेसमेकर विकसित किया

# वैज्ञानिकों ने बनाया चावल के दाने जितना छोटा पेसमेकर, बिना सर्जरी के शरीर में हो जाएगा फिट

### जरूरत खत्म होने पर खुद ही डिजॉल्व हो जाएगा पेसमेकर

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

हृदय रोगों के मामले वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए गंभीर चिंता का कारण बने हुए हैं। हर साल हृदय से संबंधित बीमारियों के चलते लाखों लोगों की मौत हो जाती है। हाल के वर्षों में विशेषकर, कोविड महामारी के बाद हृदय से संबंधित जटिलताओं जैसे हार्ट अटैक-हार्ट फेलियर के मामलों में और तेजी से बढ़ोतरी हुई ▶▶शेष पेज 4 पर

अच्छी खबर

जन्मजात हृदय दोष वाले नवजात शिशुओं के छोटे, नाजुक हृदय के लिए भी इसे विशेष रूप से उपयुक्त माना जा रहा

#### पेसमेकर के सभी घटक बायोकम्पेटिबल



पेसमेकर एक छोटा सा उपकरण होता है जिसे शरीर में इंप्लांट (प्रत्यारोपित) किया जाता है, ये हृदय को नियमित गति और लय में धड़कने में मदद करता है। इसका उपयोग मुख्य रूप से ऐसे लोगों के इलाज के लिए किया जाता रहा है जिन्हें एरिथमिया (दिल की धड़कन में अनियमितता) की समस्या होती है। कुछ लोगों के दिल की धड़कन बहुत तेज या बहुत कम हो ▶▶शेष पेज 4 पर

#### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

अमेरिका स्थित मैककॉर्मिक स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में कार्डियोलॉजी विभाग में प्रोफेसर और अध्ययन के प्रमुख लेखकों में से एक डॉ. इगर इफिमोब कहते हैं, ये बच्चों में होने वाली हार्ट की समस्याओं के लिए बहुत कारगर साबित हो सकता है। लगभग 1 प्रतिशत बच्चे जन्मजात हृदय दोष के साथ पैदा होते हैं। अच्छी खबर यह है कि इन बच्चों को सर्जरी के बाद केवल अस्थायी पेसिंग की आवश्यकता होती है। लगभग सात दिनों में, ▶▶शेष पेज 4 पर

धूमधाम से मनाई गई संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर की 134वीं जयंती, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी हुआ आयोजन

# जय भीम के उद्घोष से गूंजी राजधानी, जुलूस में उमड़े अनुयायी बौद्ध विहारों में कैंडल जलाकर बाबा साहेब को किया गया नमन

## कई जगह काटे गए केक, सोशल मीडिया पर दिनभर चलता रहा एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला, निकाली गईं संदेश रैलियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती सोमवार को धूमधाम से मनाई गई। शहरभर में कई आयोजन हुए। वहीं मुख्य कार्यक्रम बोर्ड आफिस चौराहे पर आयोजित हुआ। इसके साथ ही यहां बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संदेश भी दिया गया। घरों और बौद्ध विहारों में कैडिल जलाकर बाबा को नमन किया। साथ ही उनके जीवन को दर्शाती नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। इसके साथ ही आंबेडकर मैदान से बोर्ड ऑफिस तक एक संदेश रैली भी निकाली गई। राजधानी में जगह-जगह जय भीम के नारों से गूंज रहे थे। इस दौरान विभिन्न सामाजिक और राजनैतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने बोर्ड ऑफिस चौराहे, नर्मदा भवन व ऑफिसों सहित अन्य जगहों पर डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। सामाजिक संगठनों द्वारा बोर्ड ऑफिस चौराहा स्थित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित करने भी पहुंचे। सुबह से लेकर देर रात तक सोशल मीडिया पर डॉ. आंबेडकर को मानने वालों के संदेशों की धूम मची रही। लोगों ने डॉ. आंबेडकर द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया। इस दौरान लोगों ने बौद्ध विहारों के साथ-साथ अपने-अपने घरों पर विद्युत साज-सज्जा की, जिससे वातावरण रोशनी से जगमग हो उठा।

### बौद्ध विहार में मनाई डॉ. आंबेडकर जयंती



दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में तुलसी नगर स्थित करुणा बौद्ध विहार में महामानव डॉ. आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई। मोमबत्ती प्रज्जवलित कर डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पार्पित किए। त्रिशरण पाठ कर मानवंदना भी की। तो वहीं विभिन्न धर्मों व समाजों के लोगों द्वारा बोर्ड ऑफिस चौराहा पर स्थापित डॉ. आंबेडकर की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्जवलित किए और पुष्पार्पित कर सर्वधर्म प्रार्थना व बुद्ध वंदना की।

### पेश की सेवा की मिसाल



कोई व्यवसायी था तो कोई उद्योगपति। किसी की नौकरी एमएनसी में थी तो कोई डॉक्टर, वकील और इंजीनियर जैसे ओहदे पर था। लेकिन डॉ.ऑबेडकर की जयंती पर सब समान नजर आ रहे थे। कोई खाना वितरण कर रहा था। तो कोई पानी, तो कोई शरबत बांट रहा था।

#### गौरीशंकर परिसर में धूमधाम से मनाई गई बाबा की जयंती

भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती पर गौरीशंकर परिसर में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर क्षेत्रवासियों ने एक दूसरे साथियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इसके बाद भव्य रैली निकाली गई। इस मौके पर सभी ने बाबा के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### वकीलों ने डॉ. आंबेडकर को किया याद



बोर्ड ऑफिस चौराहे पर बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष संविधान हाथों में लेकर लोगों ने जश्न मनाया।

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के 134 वें जन्मोत्सव के अवसर पर जिला अभिभाषक संघ ने कार्यक्रम आयोजित कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में अभिभाषक संघ के अध्यक्ष दीपक खरे, स्टेट बार कौंसिल के पूर्व को-चेयरमैन मेहबूब अंसारी, अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष पीसी कोठारी, वरिष्ठ अधिवक्ता साजिद अली, दीपचंद यादव संजय गुप्ता, तुलसीराम पटेल, मो. रियाज उद्दीन, महेश साहू, मो. अब्दुल खालिक, उमेश द्विवेदी, मनोज रघुवंशी, मो. मुंशी खान, भूपेश उपाध्याय, मुकेश नागपुरे, हरि अहिरवार और लखनलाल खाती सहित अनेक अधिवक्ताओं ने उपस्थित होकर डॉ. भीमराव आंबेडकर के पद चिन्हों का अनुसरण करने का आह्वान किया।

### मैत्री बौद्ध विहार में नवीन प्रतिमा का हुआ अनावरण



कटारा हिल्स के मैत्री बौद्ध विहार में डॉक्टर आंबेडकर जयंती के विशेष मौके पर बाबा साहेब की नवीन प्रतिमा का अनावरण किया गया। अनावरण मुख्य अतिथि पूज्य भिक्कुनी नागरूपा द्वारा किया गया। मैत्री बौद्ध विहार शिक्षा एवं जनकल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक डोंगरे ने बताया कि आंबेडकर जयंती के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया। सोमवार दोपहर रैली आयोजित की गई थी। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों आयोजित किए गए। कार्यक्रम में महिला मंडल अध्यक्ष कमला सोनोने, सचिव आनंद खातरकर, उपध्यक्ष शोभित जुमड़े, कोषाध्यक्ष धर्मपाल पूसे सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बाबा साहेब महान अर्थशास्त्री, सफल वकील और चिंतक भी थे: कुलगुरु तिवारी

#### एमसीयू में मनाई आंबेडकर जयंती, निकली रैली



राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में सोमवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विवि के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। कहा कि बाबा साहेब केवल संविधान निर्माता नहीं थे, बल्कि एक सफल वकील, अर्थशास्त्री और महान चिंतक भी थे। उन्होंने कहा कि जब मैंने उनकी वित्तीय विषयों पर लिखी पुस्तक पढ़ी, तब मुझे उन्हें देखने का नजरिया ही बदल गया। उन्होंने यह भी कहा कि कोई व्यक्ति कितना महान बना, यह महत्वपूर्ण नहीं होता। महत्वपूर्ण यह होता है कि वह किन परिस्थितियों से उठकर आया, क्या कहा, क्या किया और कैसे समाज को दिशा दी। बाबा साहब इसी सत्य का सबसे बड़ा उदाहरण हैं। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. प्रदीप डहेरिया ने बाबा साहब के योगदानों पर प्रकाश डाला, वहीं सह-संयोजक ज्ञानेश्वर ढोके ने भावनात्मक स्वर में बाबा साहब के आदर्शों को जीवन में उतारने की बात कही। कार्यक्रम के बाद विवि से बोर्ड ऑफिस चौराहे तक एक रैली निकाली गई, जहां बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। रैली को कुलगुरु ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

### विहिप-बजरंग दल ने किया बाबा साहेब को याद



डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जयंती पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला वीर सावरकर के शंकराचार्य प्रखंड विजयनगर शिव मंदिर पर समरसता कार्यक्रम रखा गया, जिसमें मुख्य रूप से प्रांत सत्संग प्रमुख एवं भोपाल विभाग के सह मंत्री हरिओम शर्मा का मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने माल्यार्पण के बाद बाबा साहेब के संपूर्ण जीवन चरित्र, सिद्धान्तों एवं उनके बनाए हुए संविधान को सर्वसमाज के सामने प्रस्तुत किया और सर्वसमाज के आग्रह किया सभी उनके चरित्र को अपने जीवन मे उतारें और किसी भी विधर्मियों की बातों में आकर आपस में बंटे नहीं। कार्यक्रम में उपस्थित जिला प्रचार प्रसार प्रमुख विजेंद्र सिंह परिहार, प्रखंड मातृशक्ति की प्रखंड उपाध्यक्ष राजकुमारी शाक्य, प्रखंड मंत्री नरेंद्र विश्वकर्मा, प्रखंड संयोजक मनीष सैनी एवं प्रखंड से श्याम, दिनेश गुप्ता एवं खुशीपुरा खंड संयोजक कमलेश पंथी, खंड प्रचार प्रसार प्रमुख अनिकेत वर्मा एवं अन्य इकाई से भी कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ अवधपुरी में 18 से

▸ व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने कार्यकर्ता बैठक आयोजित

**भोपाल।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आगामी 18 से 21 अप्रैल को अवधपुरी क्षेत्र के वेदवती कॉलोनी बीडीए ग्राउंड में गायत्री परिवार ट्रस्ट बरखेड़ा के मार्गदर्शन में संपन्न होने जा रहे 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियों को लेकर गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं में प्रज्ञापीठ बरखेड़ा में गहन चिंतन मंथन किया। महायज्ञ समिति के संयोजक गजानंद के घोड़ेड़े ने बताया कि यज्ञ की कलश शोभा यात्रा 18 अप्रैल को युग निर्माण के सप्त क्रांति आंदोलनों की झांकियां के साथ निकाली जाएगी। इसमें पर्यावरण संतुलन, जल संरक्षण और नशा मुक्ति जैसे अभियानों की झांकियां शामिल रहेंगी। 19 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होने वाले देवपूजन विशेष कर्मकांड आयोजित किए जाएंगे। वहीं अन्य दिनों मे यज्ञशाला मे पुंसवन, नामकरण, मुंडन, अन्नप्रासन दीक्षा आदि संस्कार आदि यज्ञ आहुतियों के साथ निःशुल्क कराए जाएंगे।

अनजान लोगों की खाने-पीने की चीजों से बचें

## हज पर जाने वाले रोजाना दस किमी पैदल चलने की आदत डालें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिन लोगों को इस बार अल्लाह ने हज पर जाने के लिए कुबूल किया है। उन्हें अल्लाह का शुक्र अदा करते हुए कुछ जरूरी काम अभी से शुरु कर देना चाहिए। सबसे ज्यादा जरूरी है कि वह रोजाना दस किलोमीटर पैदल चलने की आदत डालें, जिससे हज के जरूरी अरकान करने में किसी तरह की दिक्कत न हो। हज के दौरान ठंडा पानी और कोल्डड्रिंक पीने से बचना चाहिए। जो लोग रोजाना दवाईयां लेते हैं, वह अपनी सभी दवाईयां अपने साथ रखें। यह हिदायत हज कमेटी ने इस बार हज पर जाने वाले बंदों को दी है।

### हज की पहली फ्लाइट 29 को

हज पर जाने वाले लोगों से कहा गया है कि सउदी में लेफ्ट हेंड ड्राइव होने की वजह से सड़क पार करने में सावधानी बरतनी चाहिए। हज यात्रा के दौरान हेल्थ कार्ड और पासपोर्ट की कॉपी वीजा पेज हमेशा साथ रखना चाहिए। अनजान लोगों से खाने-पीने की चीजें खाने से बचना चाहिए। खादिमुल हुज्जाज की जिम्मेदारी है कि वह बंदों को यहां से ले जाने के साथ वापसी तक उनकी देखभाल करें। अगर किसी हज यात्री को समस्या सामने आती है, तो वह उसका हल निकालें। मालूम हो कि इस बार हज यात्रा पर जाने के लिए पहली फ्लाइट 29 अप्रैल को उड़ान भरेगी। प्रदेश से इस बार हज यात्रा पर करीब 8 हजार हज यात्री रवाना होंगे।

### 200 हज यात्रियों को मिली रुबात में ठहरने की सुविधा

भोपाल, सीहोर व रायसेन जिले के 900 हज यात्रियों में से 200 हज यात्रियों को मक्का-मदीना की रुबात में ठहरने की सुविधा मिलेगी। उक्त यात्रियों का चयन पिछले दिनों मोती मस्जिद में जिम्मेदरों की मौजूदगी में कुरआ के द्वारा किया गया।

## बीयू: सामान्य शुल्क के साथ 24 अप्रैल तक भरे जाएंगे पीजी के लिए परीक्षा फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

▸ लेट फीस 300 रुपए के साथ 25 से 28 अप्रैल और विशेष विलंब शुल्क 1000 रुपए के साथ परीक्षा शुरू होने से तीन दिन पहले तक जमा होंगे

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने संबद्ध कॉलेजों में अध्ययनरत एवं प्राइवेट तथा एटीकेटी के स्नात्कोत्तर परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा फार्म भरने की तारीखें जारी कर दी हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार स्नात्कोत्तर के तहत एमए/एमकाम/एमएससी/एमएससी होम सांइस/ एमए यौगिक सांइस द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर नियमित/ स्वाध्यायी अथवा एटीकेटी के परीक्षा आवेदन पत्र सत्र 2024-25 के सामान्य शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन 11 से 24 अप्रैल 2025 तक एमपी ऑनलाइन के माध्यम से जमा होंगे। विलंब शुल्क 300/-के साथ आवेदन 25 से 28 अप्रैल तक जमा होंगे। वहीं, 1000 रुपए लेट फीस के साथ आवेदन परीक्षा शुरू होने से तीन दिन पहले तक जमा किए जा सकेंगे। अंतिम अवसर के तौर पर विशेष विलंब शुल्क 4000 के साथ आवेदन परीक्षा शुरू होने के दो दिन पहले से लेकर परीक्षा के दिन तक परीक्षा आवेदन जमा किए जा सकेंगे।

## बच्चों को भी सुनाने लाएं भागवत कथा : डॉ. सलिल

» अयोध्या बायपास के श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास मैदान पर श्रीमद् भागवत कथा का पहला दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बच्चों को भागवत कथा सुनाने लाएं। ग्रीष्मकालीन के अवकाश शुरू होने वाले हैं। इन दिनों श्रीमद् भागवत कथाओं के आयोजन होते हैं। कथाओं में बड़े-बुजुर्ग तो दिखते हैं, लेकिन विद्यालयों व महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की संख्या कम रहती है। आज के समय में नई पीढ़ी को धर्म से जोड़ना जरूरी है। उन्हें धर्म से जोड़ना हमारी ही जिम्मेदारी है। यह बात अयोध्या बायपास स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास मैदान पर सोमवार से शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन वृंदानवन से आए डॉ. संजयकृष्ण सलिल महाराज ने कही। उन्होंने श्रद्धालुओं को पहले बताया कि किस प्रकार नारद जी ने महारानी भक्ति देवी के पुत्र ज्ञान और वैराग्य के सनकादिक ऋषियों के द्वारा भागवत कथा का श्रवण कराके दोनों पुत्रों को पुण्य किया। समकादिक ऋषि नारद जी को बताते हैं कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से बड़े से बड़ा पापी भी तर जाता है। इस संदर्भ में उन्होंने गोकर्ण और धुंधकारी की कथा सुनाई। धुंधकारी महापापी अत्याचारी कुटिल, कामी था। मृत्यु के बाद भयंकर प्रेत बना, लेकिन जब गोकर्ण जी ने भागवत कथा का श्रवण कराया तो वह पुनीत पवन और दिव्य पुरुष बनकर स्वर्ग को चला जाता है। कथा में विभिन्न ब्रज की सुंदर झांकियों के श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इस अवसर पर मुख्य यजमान अवधनारायण, अनुराधा, राहुल, हर्षिता, केशव चौबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

श्रद्धालुओं ने श्री गुरुग्रंथ साहब के चरणों में मत्था टेका, पूरी तरह ईको फ्रेंडली और जीरो वेस्ट रहा लंगर

# दूसरे दिन भी रही बैसाखी पर्व की धूम, गुरुद्वारा टीटी नगर में दीवान सजाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुद्वारा टीटी नगर में बैसाखी पर्व सोमवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। यहां विशेष दीवान सजाया गया। श्रद्धालुओं ने श्री गुरुग्रंथ साहब के चरणों में मत्था टेका और अरदास की। श्रद्धालुओं को शबीर बांटा गया। मत्था टेकने के बाद श्रद्धालुओं ने लंगर चखा। यह लंगर पूरी तरह से ईको फ्रेंडली और जीरो वेस्ट रहा। इधर टीटी नगर दशहरा मैदान में पंजाबी समाज के द्वारा आयोजित बैसाखी मेले रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।



### टीटी नगर दशहरा मैदान में हुआ आयोजन



टीटी नगर दशहरा मैदान में सोमवार को बैसाखी मेले का आयोजन पंजाबी समाज द्वारा किया गया। रंगारंग कार्यक्रम में पंजाबी लोकगीत और पंजाबी गिद्दा और भांगड़ा प्रस्तुत कर सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस मेले के संजीव सचदेव, जेपीएस अरोरा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

### लजीज व्यंजनों का लिया लुत्फ



मेले में अनेक लजीज व्यंजनों के स्टॉल पंजाबी, साउथ इंडियन, छोले कुलचे, फालूदा कुल्फी आदि के खाने पीने के दर्जनों स्टॉल लगाए गए। इसके अलावा बच्चों के लिए झूले और गेम्स लगाए गए, जिसमें बच्चों ने जमकर मजा लिया।

# एम्स हो या आईआईटी हर चौथा स्टूडेंट होता है कोटा कोचिंग से

## कोटा कोचिंग ने दिए 31 से ज्यादा ऑल इंडिया टॉपर्स

कोटा कोचिंग के वर्ष 2024 के रिजल्ट्स में आईआईटी व एम्स एडिमशन में हर चौथा स्टूडेंट कोटा कोचिंग से है। जेईई एडवांस्ड में वेद लाहोटी, जेईई मेन में नीलकृष्ण एवं नीट में 6 ऑल इंडिया टॉपर्स एलन कोटा कोचिंग से रहे। पिछले 10 वर्षों में कोटा कोचिंग ने चार बार नीट व आईआईटी-जेईई में एक साथ ऑल इंडिया टॉपर दिए हैं।

कोटा कोचिंग से 2014 में चित्रांग मुरडिया जेईई-एडवांस्ड टॉपर तथा तेजस्विन झा एआईपीएमटी टॉपर एलन कोटा से रहे, वर्ष 2016 में भी कोटा कोचिंग के अमन बंसल जेईई-एडवांस्ड टॉपर तथा हेत संजय शाह नीट आल इंडिया टॉपर एलन से रहे। इस वर्ष जेईई-एडवांस्ड व नीट दोनों में ऑल इंडिया 1, 2, 3 रैंक एलन क्लासरूम से रही। एम्स-2017 में सभी टॉप-10 स्टूडेंट्स एलन से रहे। निशिता पुरोहित ने ऑल इंडिया टॉप किया। वर्ष 2019 में कार्तिकेय जेईई-एडवांस्ड तथा नलिन खंडेलवाल नीट में टॉपर रहे।


### मेंटोरशिप प्रोग्राम

कोटा कोचिंग में हर स्टूडेंट का एक मेंटोर (फैकल्टी) होता है, जिससे वह व्यक्तिगत रूप से जुड़कर हर समस्या का समाधान ले सकता है।

## साल-दर-साल कोटा कोचिंग लगातार दे रहा रिकॉर्ड रिजल्ट्स

2024 आईआईटी में
**17000** स्टूडेंट्स ने प्रवेश लिया
**5000** से अधिक छात्र कोटा कोचिंग से

एम्स में
**2200** से ज्यादा सीट्स हैं
**700** के करीब छात्र कोटा कोचिंग से।




## हर साल ऑल इंडिया टॉपर कोटा कोचिंग से

**आईआईटी-जेईई**

| | |
|---|---|
| 2024 | वेद लाहोटी |
| 2021 | मृदुल अग्रवाल |
| 2019 | कार्तिकेय गुप्ता |
| 2016 | अमन बंसल |
| 2015 | सतवत जगवानी |
| 2014 | चित्रांग मुरडिया |
| 2008 | शितिकांत |
| 2007 | अचिन बंसल |
| 2002 | डूंगराराम |
| 2000 | नितिन गुप्ता |

**नीट/एम्स/एआईपीएमटी**

| | |
|---|---|
| 2024 | माजिन, दिव्यांश, प्राचिता, नेहा माने, तेजस |
| 2022 | तनिष्का |
| 2020 | शोएब आफताब |
| 2019 | नलिन खंडेलवाल |
| 2017 | निशिता पुरोहित |
| 2016 | हेत संजय शाह |
| 2014 | तेजस्विन झा |
| 2013 | आयुष गोयल |
| 2010 | लोकेश अग्रवाल |

**जेईई मेन** 2024 में नीलकृष्ण एवं पिछले वर्षों में गुरमीत सिंह, मृदुल अग्रवाल, पुलकित गोयल, सिद्धांत मुखर्जी, अंशुल वर्मा, काव्या चौपड़ा, कल्पित वीरवाल टॉपर रहे।

## अपने-अपने अनुभव

### कोटा की धरती बना रही देश के चैंपियन



कोटा में कॉम्पीटिशन का लेवल और पढ़ाई का माहौल बहुत अलग है। इसे देखते हुए ही एलन में पढ़ाई शुरू की। जो सुना था उससे भी अच्छा पाया। यहां बेस्ट स्टूडेंट्स का साथ है, बेस्ट फैकल्टीज की गाइडेंस है और पढ़ाई के लिए एलन कोटा में बेस्ट इको सिस्टम है। मेरा रैंक-1 का लक्ष्य पूरा करने में कोटा आना सबसे सही निर्णय रहा।
*-वेद लाहोटी, एआईआर-1, जेईई-एडवांस्ड 2024*



नीट की तैयारी के लिए एलन कोटा ज्वाइन किया। यहां आकर मेरा कॉन्फीडेंस अलग ही लेवल का हो गया, क्योंकि यहां का माहौल ही अलग है। इसका रिजल्ट भी सबके सामने है। परिवार हरियाणा से है। घर में पापा, चाचा सेना में हैं तो मेरा मन भी देश सेवा का था लेकिन पापा ने कहा कि तुम डॉक्टर बनकर देश सेवा करो।
*- दिव्यांश जितेन्द्र, एआईआर-1, नीट 2024*



नीट में कम्पीटिशन बड़ा है तो हमारी तैयारी भी बड़ी होनी चाहिए और बड़ी तैयारी के लिए कोटा आना सबसे सही फैसला था। इससे न केवल मेरा सेल्फ असेसमेंट प्रॉपर हुआ, वरन मुझे अच्छा कम्पीटिशन भी मिला जिससे मुझमें निरन्तर सुधार हुआ और मैं सफलता प्राप्त कर सकी।
*-तनिष्का, एआईआर-1, नीट 2022*



मेरी तीन बेटियां कोटा एलन में पढ़कर डॉक्टर बनी हैं। अब छोटे भाई की बेटी यहां पढ़ रही है। पढ़ने वाले बच्चों के लिए कोटा में सबकुछ है। यहां अनुभवी फैकल्टीज हैं, स्टूडेंट्स को कोटा आकर जरूर पढ़ना चाहिए।
*- विष्णु कुमार मंगल, मुरैना*

## कोटा... एक ऐसा शहर जहां मेहनत को दिशा, संघर्ष को हौसला और सपनों को मिल रही उड़ान

# कोटा : बड़ी जीत के लिए बड़ा मैदान

## मॉडल एजुकेशन सिटी, जहां है 'संस्कार से सफलता' तक की शिक्षा

### जेईई व नीट जैसे बड़े कम्पीटिशन के लिए देश का बड़ा मैदान है कोटा

**चम्बल** किनारे बसा शहर कोटा शिक्षा की काशी है। यह सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि लाखों सपनों की कर्मभूमि है। यहां हर साल हजारों छात्र अपने भविष्य की नींव रखने आते हैं। यह वह जगह है, जहां मेहनत को दिशा मिलती है, संघर्ष को हौसला मिलता है, और सपनों को उड़ान मिलती है। यही कोटा की असली परिभाषा है। कोटा सिर्फ डॉक्टर और इंजीनियर बनाने का केंद्र नहीं रहा। यह जीवन जीने की पाठशाला भी बन गया है। माता-पिता अब कहते हैं कि 'कोटा जाओ, वहां सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, जिंदगी के सबक भी सीख जाओगे।' यहां स्टूडेंट्स को मेहनत, आत्मनिर्भरता और सफलता के असली मायने समझाए जाते हैं।

### ऐसे हुई शुरुआत

1988 में एक छोटी सी शुरुआत ने कोटा की पहचान बदली। जब यहां के एक पॉलीटेक्निक डिप्लोमाधारी शिक्षक राजेश माहेश्वरी ने सबसे पहले सभी विषयों की कोचिंग एक छत के नीचे देने का नवाचार करते हुए एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की स्थापना की। यह पहल धीरे-धीरे सफलता में तब्दील होने लगी, वर्ष-दर-वर्ष कोटा की पहचान इस क्षेत्र में मजबूत होती चली गई। इस तर्ज पर कई संस्थान शुरू होते चले गए। आज कोटा को एजुकेशन कैपिटल के रूप में पहचाना जा रहा है। कोटा में देश ही नहीं वरन दुनिया से स्टूडेंट्स मेडिकल व इंजीनियरिंग में कॅरियर बनाने के लिए आ रहे हैं। कोटा क्लासरूम कोचिंग के साथ अत्याधुनिक तकनीक से भी स्टूडेंट्स को सपोर्ट दे रहा है।




**एक शहर...** जहां देश के हर प्रांत से श्रेष्ठ स्टूडेंट्स एक साथ पढ़ते हैं।

**एक शहर...** जहां देश के सबसे ऊर्जावान और युवा फैकल्टीज स्टूडेंट्स के आइकन हैं।

**एक शहर...** जहां पढ़ाई के लिए देश का सबसे बेहतर माहौल है।

**एक शहर...** जहां बातों-बातों में दिनभर में लाखों सवाल हल हो जाते हैं।

**एक शहर...** जहां आबादी के 15 प्रतिशत देशभर से आए स्टूडेंट्स हैं।

**एक शहर...** जहां देश के हर कोने से आई करीब 50 हजार बेटियां अपना कॅरियर बनाने के लिए मेहनत कर रही हैं।

**एक शहर...** जहां स्टूडेंट्स की केयरिंग परिवार की तरह की जा रही है। कोचिंग, हॉस्टल के साथ शासन-प्रशासन सभी स्टूडेंट्स के सपने पूरे करने के लिए प्रयासरत हैं।

**एक शहर...** जहां के एलन संस्थान का दुनिया में सबसे ज्यादा क्लासरूम स्टूडेंट्स पढ़ाने का रिकॉर्ड है।

**एक शहर...** एक शहर जो सबसे ज्यादा डॉक्टर व इंजीनियर देता है।

**एक शहर...** जहां के स्टूडेंट्स इंटरनेशनल ओलम्पियाड में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं।

**एक शहर...** जहां अत्याधुनिक तकनीक के साथ ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन मोड पर एजुकेशन दी जा रही है।

**एक शहर...** जिसका हैप्पीनेस इंडेक्स अन्य शहरों से ज्यादा है।

### कोटा कोचिंग के ऐसे उदाहरण जो समाज में बदलाव की कहानियां लिख रहे हैं

कोटा जिंदगी बदल रहा है। कामयाबी की कहानियां लिख रहा है, वो कहानियां जो समाज में बदलावों के लिए प्रेरक साबित हो रही है। छोटे गांव कस्बे के निर्धन परिवार की प्रतिभा को कामयाबी दिलाने की जिद हो या देश को नई दिशा देने की, कोटा साथ है।


*रामचंद्र, वात्सल्य व डॉ. रूपा*

यहां के तुहीन-डे (90% विकलांगता के साथ एनआईटी में), बालिका वधू डॉ. रूपा यादव, गूगल में कार्यरत दिहाड़ी मजदूर का बेटा रामचन्द्र सांखला, माइक्रोसॉफ्ट में कार्यरत वेल्डर का बेटा वात्सल्य चौहान, कुली का बेटा खेराज, घर-घर कबाड़ एकत्रित करने वाले का बेटा अरविन्द कुमार, शोध कर रही कैंसर से लड़ने वाली डॉ. अनीशा, बुनकर का बेटा मनोहरलाल, चौब सिंह, विशाल बिस्वास, राकेश बंजारा सहित सैंकडों ऐसे स्टूडेंट्स हैं जो डॉक्टर-इंजीनियर बनकर सामाजिक बदलाव के उदाहरण बने।

## यूं समझिए कोटा को

**13** लाख वर्तमान कोटा शहर की आबादी

**1.50** लाख से अधिक कोचिंग स्टूडेंट

**5** हजार अनुभवी फैकल्टीज

**25%** सीटों पर कोटा कोचिंग स्टूडेंट आईआईटी, एनआईटी और एमबीबीएस में



**50** हजार से अधिक छात्राएं।

**04** हजार हॉस्टल्स, 1500 से अधिक मैस

**25** हजार से अधिक स्टूडेंट्स पीजी में।

## कोटा केयर्स | कोचिंग, कॅरियर के साथ केयरिंग का नया कोटा

### 4 दशक में जीता 30 लाख परिवारों का भरोसा, देश को दिए 10 लाख से अधिक डॉक्टर व इंजीनियर्स

**कोटा** शहर अब एक नई परिभाषा और नए संकल्प के साथ स्थापित हो रहा है। पहले कोटा को सिर्फ 'कॅरियर व कोचिंग सिटी' कहा जाता था, लेकिन अब यह 'केयर सिटी' भी बन चुका है। यहां न सिर्फ पढ़ाई होती है, बल्कि छात्रों की देखभाल, मानसिक मजबूती और व्यक्तिगत विकास पर भी ध्यान दिया जाता है। 'कोटा केयर्स' अभियान ने पूरे शहर को स्टूडेंट्स की सफलता से जोड़ दिया है। कोटा ने अब तक 30 लाख परिवारों का भरोसा जीता है। करीब 10 लाख स्टूडेंट्स का कॅरियर डॉक्टर-इंजीनियर आदि प्रोफेशनल्स के रूप में बनाया है। कोटा केयर्स के तहत हॉस्टल संचालकों, ऑटो चालकों और डॉक्टर्स ने स्टूडेंट्स की मदद के लिए पहल की है।



### कोटा कोचिंग पैटर्न : एक्सपिरियंस लर्निंग सिस्टम

पिछले चार दशकों की एक्सपिरियंस लर्निंग से कोटा कोचिंग एक पैटर्न बन गया है, जिसका देशभर में अनुसरण किया जा रहा है। देश में मेट्रो और कोटा से बड़े अन्य शहर कोटा कोचिंग के पैटर्न के आधार पर बच्चों का कॅरियर बना रहे हैं। कोटा कोचिंग पैटर्न पढ़ाई की ऐसी पद्धति बन गई है जो सफलता के लिए आवश्यक है।

### देश के लिए मॉडल सिटी बनाने की पहल

कोटा में अकेडमिक एक्सीलेंस के साथ अब कोटा केयरिंग मॉडल को जोड़ते हुए शहर को मॉडल सिटी बनाने की तरफ कदम बढ़ाया जा रहा है। कोटा केयर्स अभियान के तहत एजुकेशन के साथ केयरिंग जोड़ते हुए ऐसा इको सिस्टम डवलप किया जा रहा है जो देश में एक मॉडल की तरह स्थापित हो। प्रशासन एवं पुलिस के साथ मिलकर शहर में हॉस्टल संचालक, ऑटो यूनियन, पीजी संचालक, मैस, स्ट्रीट वेंडर्स सभी आगे आए हैं

## छात्रों के लिए देश का पहला इमोश्नल वेलबीइंग सेंटर

कोटा अनुभवों से सीख रहा है। यह पहला शहर है जहां स्टूडेंट्स के मानसिक स्वास्थ्य पर काम हो रहा है। स्टूडेंट्स को एडवांस केयर कैसे दी जाए, उनके मानसिक स्वास्थ्य कैसे बेहतर हो, इस पर कोटा अब देश के अन्य शहरों से आगे बढ़ रहा है। यहां देश के पहले इमोशनल वेल बीइंग सेंटर की स्थापना की, जो एक इंटीग्रेटेड कैंपस है जहां सभी तरह के काउंसलर 24 घंटे स्टूडेंट्स की मदद के लिए उपलब्ध रहते हैं।

### कोटा इसलिए है दूसरे शहरों से अलग

- **पढ़ाई का तरीका**: विषयों की गहराई ही नहीं, बल्कि प्रभावी अध्ययन तकनीकों पर भी ध्यान दिया जाता है।
- **संघर्ष से सीख**: केवल परीक्षा पास करना ही नहीं सिखाता, बल्कि कठिनाइयों से लड़कर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।
- **नेशनल लेवल कम्पीटिशन**: देश के बेस्ट फैकल्टीज स्टूडेंट को नेशनल लेवल के कंप्टीशन के लिए तैयार करते हैं।

## एक्सपर्ट कमेंट्स | कोटावासियों की मेहनत और अनुभव से मजबूत बनी है शिक्षा की काशी कोटा सिटी

# अपने कर्म और कौशल से कोटा ने हासिल की कीर्ति

### कोटा के बेटा-बेटी देश-दुनिया में नेतृत्व कर रहे



अभिभावक अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए कोटा भेजें। यहां सुरक्षित वातावरण के साथ अच्छी शिक्षा है। यहां आकर विद्यार्थी अपनी आकांक्षाओं को पूरा करते हैं। कोटा में पढ़ने वाले बेटा-बेटी आज देश-दुनिया में नेतृत्व कर रहे हैं। आने वाला समय कोटा का और बेहतर होगा। कोटा स्टूडेंट्स की अपेक्षाओं को पूरा करने की समझ रखता है। यहां का माहौल आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।
*- ओम बिरला,*
*लोकसभा अध्यक्ष*

### स्टूडेंट्स के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित



पूरा कोटा आने वाले बच्चों को अपने स्वयं के बच्चों की तरह देखभाल करने हेतु कृत संकल्पित है। इस हेतु पिछले एक वर्ष में कई प्रयास कोटा द्वारा किए गए हैं, जिसमें कोटा केयर्स अभियान के तहत पूरे शहर के आमजन को स्टूडेंट केयरिंग से जोड़ा जा रहा है। अब यहां हर वर्ग स्टूडेंट की केयरिंग के लिए फोकस्ड है। समय-समय पर विभिन्न माध्यमों से स्टूडेंट्स से बातचीत करते हैं, उनके मन की बात जानते हैं और उन्हें समाधान देते हैं।
*-डॉ.रविन्द्र गोस्वामी, जिला कलक्टर, कोटा*

### स्टूडेंट्स के लिए सबसे सुरक्षित और अनुकूल शहर



कोटा देश में विद्यार्थियों के लिए बहुत अनुकूल और सुरक्षित शहर है। विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए ही कई पहल भी की गई है, जिसमें कोटा सेफ्टी ऑफ स्टूडेंट्स (K-SOS) एप लॉंच किया गया है। इसमें पैनिक बटन दिया गया है। पुलिस हर कदम पर स्टूडेंट्स के साथ खड़ी है। हमारा उद्देश्य कोटा में आने वाले स्टूडेंट्स के लिए एक सुरक्षित माहौल तैयार करना है। कोचिंग स्टूडेंटस वाले क्षेत्रों में नियमित गतिविधियां की जा रही है, बच्चों से बातचीत भी करते हैं, उन्हें समझते हैं।
*- डॉ.अमृता दुहन, सिटी एसपी, कोटा*

### कोटा स्टूडेंट्स के लिए परफेक्ट सिटी है



कोटा स्टूडेंट्स के लिए परफेक्ट सिटी है। यहां एक ऐसा इको सिस्टम है, जिसमें स्टूडेंट पढ़ाई के लिए प्रेरित होता है। चार दशकों के अनुभव से कोटा का सिस्टम इतना मजबूत हो गया है कि स्टूडेंट की जरूरतों को बहुत अच्छी तरह समझकर समाधान दिए जाते हैं। यही कारण है कि स्टूडेंट्स की फर्स्ट च्वाइस कोटा है। यहां बेस्ट स्टूडेंट के साथ बेस्ट फैकल्टीज और बेस्ट माहौल का पूल स्टूडेंट को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है और यही प्रेरणा परिणामों में नजर आती है।
*- राजेश माहेश्वरी, निदेशक, एलन करियर इंस्टीट्यूट प्रा.लि.*

## नेशनल लेवल कम्पीटिशन का सबसे बड़ा रन-वे



**कोचिंग** सिटी कोटा नेशनल लेवल कॉम्पिटिशन के लिए रनवे है। यहां देशभर के टॉप ब्रेन आते हैं और साथ पढ़ते हैं। ऐसे में यहां मिलने वाला नेशनल लेवल का कम्पीटिशन स्टूडेंट को नेशनल लेवल के लिए निखारता है। स्टूडेंट अपना सेल्फ एनालिसिस भी आसानी से कर सकते हैं। यहां वे वास्तविक परीक्षा के बहुत करीब खुद को पाते हैं और उसी के अनुरूप अपनी कमजोरियों को दूर करने का प्रयास करते हैं। ऐसे में कोटा के रन-वे पर रफ्तार पकड़ने वाले स्टूडेंट्स के उड़ान भरने के अवसर अधिक होते हैं।

### शराब दुकान शिफ्ट नहीं होने के कारण विरोध प्रदर्शन जारी

# सेमरा में शराब दुकान हटाने 15वें दिन भी प्रदर्शन, राहगीरों को पिलाया शरबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सेमरा गेट साईंराम कॉलोनी में शराब की दुकान खुलने के विरोध में लोग पिछले 15 दिन से प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर शराब दुकान के सामने राहगीरों को शरबत पिलाया गया। उनका कहना है कि जब तक दुकान नहीं हटेगी, वे प्रदर्शन जारी रखेंगे। शराब दुकान की शिफ्टिंग को लेकर लोग सुंदरकांड का पाठ, राहगीरों को गुलाब के फूल और आबकारी विभाग की प्रतीकात्मक रूप से शव यात्रा तक निकाल चुके हैं। प्रदर्शन कर रहे जीतू मरोठिया ने बताया कि जिस जगह पर दुकान खुली है, ठीक उसके सामने ही प्रदर्शन कर रहे हैं। सद्बुद्धि के लिए हवन भी कर चुके हैं। बावजूद अब तक दुकान को हटाने की पहल नहीं की गई। रहवासियों का कहना है कि कई बार शराबी गंदी हरकतें करते हैं, जिससे बच्चों और महिलाओं को परेशानी होती है। कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिलता है।

## बीज निगम के रिटायर्ड कर्मचारी 21 को देंगे धरना

**भोपाल।** बीज निगम के सेवानिवृत कर्मचारियों ने ग्रेच्युटी व समयमान वेतनमान का भुगतान नहीं किए जाने का सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। सेवानिवृत अर्द्ध शासकीय अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष अनिल बाजपेई एवं महासचिव अरुण वर्मा सेवानिवृत कर्मचारी आर के वर्मा, एस एस तिवारी का कहना है कि बीज निगम के सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों को ग्रेच्युटी एवं अवकाश नगदीकरण तथा समयमान वेतनमान एवं अन्य क्लेम का भुगतान नहीं करने को लेकर असंतोष है। इसको लेकर 21 अप्रैल से बीज निगम मुख्यालय के सामने धरना दिया जायेगा। महासचिव अरुण वर्मा ने बताया कि सेवानिवृत कर्मचारियों को समय पर ग्रेच्युटी का भुगतान नहीं करने की वजह से बिना इलाज के कई कर्मचारियों की मृत्यु हो गई है। इससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है।

## तेज रफ्तार ऑटो पलटा चालक की मौत

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित नर्मदापुरम सड़क पर विज्ञान भवन के सामने तेज रफ्तार आटो डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इस हादसे में आटो चालक को सिर में गंभीर चोट आई थी। उसे इलाज के लिए एम्स ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान रविवार शाम उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार घनश्याम पिता नारायण सिंह रजक (40) जाटखेड़ी मिसरोद में रहता था और आटो चलाता था। शनिवार को वह भंडारे में शामिल होने गया था। वहां से शनिवार रविवार की दरमियानी रात करीब दो बजे अपने घर लौट रहा था।

विज्ञान भवन के पास पहुंचते ही उसका आटो अनियंत्रित होकर डिवाइड से टकराया और पलट गया। इस हादसे में उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। उसे एम्स ले जाया गया, वहां रविवार शाम करीब छह बजे उसकी मौत हो गई।

### सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 16 को

## वक्फ बिल के खिलाफ कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता अब्बास हफीज ने भी लगाई याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक दर्जन याचिकाएं लगाई गई हैं। पिटिशन दायर करने वाले याचिकर्ताओं में मप्र कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता अब्बास हफीज भी शामिल हैं। सभी याचिकाकर्ताओं ने वक्फ बिल को असंवैधानिक बताते हुए रोक लगाने की मांग की है। याचिकाकर्ता हफीज ने बताया कि बिल में लिमिटेशन एक्ट को लागू किया गया है। इससे वक्फ की संपत्ति पर कब्जा करना आसान होगा। एक्ट में वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम सदस्यों को शामिल किए जाने का प्रावधान रखा गया है। जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में इस बात से इनकार किया था। दूसरी तरफ कब्जा करने वालों के खिलाफ गैर जमानती वारंट को जमानती कर दिया गया है। जिससे कब्जा करने वालों के मंसूबे बढ़ेंगे। सरकार इस बिल को वक्फ की संपत्ति का रक्षक बता रही है। लेकिन बिल से वक्फ की संपत्ति खतरे में आ गई है। बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाओं पर 16 अप्रैल को पहली सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता अब्बास हफ़ीज़ का दावा कि यह बिल सुप्रीम कोर्ट में नहीं टिकेगा पहले ही सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट से स्टे मिलने की उम्मीद है। वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक दर्जन याचिकाएं लगाई गई हैं। पिटिशन दायर करने वाले याचिकर्ताओं में मप्र कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता अब्बास हफीज भी शामिल हैं।

## पत्नी और बच्चों पर पति ने किया धारदार हथियार से हमला

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित अमराई में शराब के नशे में एक पति ने अपनी पत्नी और अपने बच्चों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोपी पति शराब पीने का आदी है और शराब पीकर वह अपने परिवार से आए दिन लड़ाई झगड़े करता है। बागसेवनिया पुलिस ने बताया कि माया गोडाले अमराई क्षेत्र में अपने 18 और 17 साल के बेटे के साथ रहती है और एक निजी अस्पताल में हाउसकीपिंग का काम करती है।

सोमवार दिन में उसका पति महेश गोडाले रोज की तरह की तरह फिर से शराब पीकर घर पर आया था इसके बाद महेश और उसकी पत्नी माया में विवाद हो गया। इसी दौरान आरोपी महेश ने धारदार हथियार से अपनी पत्नी हमला किया, बीच-बचाव करने है आए उसके 17 साल के बेटे को भी धारदार हथियार से चोट लग गई। इस घटना के बाद महेश घर से चला गया और माया अपने दोनों बेटों के साथ बात समझाने थाने पहुंची। फरियादी महिला ने पुलिस को बताया कि नशे की हालत में उसके पति ने चाकू से हमला किया है, जिसके बाद पुलिस ने सभी का मेडिकल करवाया और मामले में एफआईआर दर्ज की। पुलिस का कहना है कि आरोपी को तलाश जा रहा है। मेडिकल में धारदार हथियार से हमले की पुष्टि हुई है, जिसके तहत कार्रवाई की जा रही है।

## जैकेट का शेष...

### भगोड़ा मेहुल चौकसी...

में स्थित ब्रैडी हाउस ब्रांच के अधिकारियों की मदद से फर्जी लेटर ऑफ अंडरटेकिंग्स के जरिए बैंक से कर्ज पर रकम लेकर विदेशों में ट्रांसफर की। आरोपियों ने फर्जीवाड़े से लेटर ऑफ अंडरटेकिंग्स की अवधि एक साल तक दिखाई और महंगे आभूषणों का आयात किया, जबकि रिजर्व बैंक की गाइडलाइंस के मुताबिक, इनकी अवधि 90 दिन ही हो सकती है, जिसके बाद कर्ज वापसी जरूरी है। चोकसी ने 15 जनवरी 2018 को एंटीगुआ की नागरिकता की शपथ ले ली थी। उसके भारतीय नागरिकता त्यागने को लेकर ज्यादा जानकारी मौजूद नहीं है। वहीं, मौजूदा समय में वह बेल्जियम का निवासी है। ऐसे में यह पूरी तरह बेल्जियम का अधिकार होगा कि वह चोकसी को भारत प्रत्यर्पित करता है या नहीं।

### जब दोनों देशों में ...

किया गया अपराध दोनों देशों के कानून के हिसाब से प्रत्यर्पण लायक जुर्म नहीं है। सीधे शब्दों में समझें तो किसी व्यक्ति को तभी प्रत्यर्पित किया जा सकता है, जब उसके द्वारा किया गया काम भारत और बेल्जियम दोनों देशों में अपराध की श्रेणी में आता हो।

## पेज एक का शेष...

### सीएम ने कहा-महानाट्य...

सम्राट विक्रमादित्य के मंचन के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान महानाट्य के कलाकारों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि, धर्म और आध्यात्म क्षेत्र की हस्तियां और बड़ी संख्या में कलाप्रेमी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विरासत के संरक्षण के साथ विकास की बात कर रहे हैं। वास्तव में यह अद्भुत काल है। प्रधानमंत्री स्वयं को प्रथम सेवक मानते हैं। आज भारत की गरिमा विश्व में बढ़ रही है। एक समय था जब सम्राट विक्रमादित्य ने सुशासन, न्याय, वीरता और दानशीलता के महत्व को स्थापित किया। उस युग को पुनः महानाट्य के माध्यम से प्रकट किया गया है। सम्राट विक्रमादित्य के जीवन के विभिन्न पक्षों को महानाट्य के माध्यम से सामने लाने का कार्य हुआ है।

**नाट्य विधा प्राचीन विधा है, इसका आज भी महत्वः** मुख्यमंत्री ने कहा कि नाट्य एक प्राचीन विधा है। आज के डिजिटल युग को देखें तो इस विधा का महत्व तब भी बना हुआ है। फिल्मों के निर्माण के साथ अनेक माध्यमों से कला और संस्कृति के दर्शन होते हैं लेकिन महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और शासन काल को प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करता है। यह महानाट्य हमारे इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठ और गौरवशाली अतीत से परिचय करवाता है। मुख्यमंत्री ने सभी उपस्थितों से वीर विक्रमादित्य महाराज की जय- जयकार भी करवाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस महानाट्य के मंचन के लिए आवश्यक समन्वय करते हुए सहयोग प्रदान किया।

### शराब पीकर 6 बदमाशों...

मना किया तो बदमाशों ने जैन मुनियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। जान बचाने के लिए एक जैन मुनि सड़क की ओर भागे। उन्होंने रास्ते से गुजर रहे बाइक सवार से मदद मांगी। उससे समाज के लोगों को फोन करने के लिए कहा। बाइक सवार ने जैन समाज के कुछ लोगों को फोन किया। सूचना पर कछाला गांव के लोग भी आ गए। लोगों को आता देख चार बदमाश मौके से भाग निकले, जबकि दो बदमाशों को लोगों ने पकड़ लिया। थोड़ी देर बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने रात में ही सभी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। सिंगोली निवासी प्रदीप जैन ने बताया कि रविवार रात बदमाशों ने मुनियों के साथ लाठी-डंडे से बुरी तरह से मारपीट की। उनके कपड़े फाड़ दिए। जानकारी मिलने पर संतों से निवेदन कर अपने साथ सिंगोली लेकर लाए। मुनिजनों ने अस्पताल जाने से भी मना कर दिया, जिसके बाद तीनों जैन संतों को जैन स्थानक भवन में रुकवाया। यहीं तीनों संतों का इलाज जारी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए नीमच कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, एसपी अंकित जायसवाल सिंगोली पहुंचे। यहां संतों से मिलकर उनका हाल जाना और जैन समाज के प्रतिनिधियों से चर्चा की।

### पदयात्रा करने वाले...

पिता भगवान जाति भोई, कन्हैयालाल पिता बंशीलाल भोई, राजू पिता भगवान भोई, सभी निवासी भोई का खेडा जिला चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) तथा बाबू शर्मा पिता मोहन शर्मा निवासी धनेत टोकरिया जिला चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) सहित एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया, जिनको न्यायालय पेश किया जाएगा। विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने बताया कि पदयात्रा करने वाले संतों को सुरक्षा दी जाएगी।

### टीम बनाकर की...

में एफआईआर दर्ज की। रात में ही टीम बनाकर पुलिस ने सभी 6 आरोपियों को हिरासत में लिया। आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पॉलिसी रखती है।

### सलमान खान की ...

धमकी दी है। घटना के बाद वर्ली पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी फिलहाल धमकी देने वाले की तलाश में जुट गए हैं। संदेश कहां और कैसे भेजा गया? इसकी जांच भी शुरू कर दी गई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार को ट्रैफिक पुलिस की वॉट्सएप हेल्पलाइन पर संदेश मिलने के बाद सीनियर्स को सूचित किया। ट्रैफिक पुलिस हेल्पलाइन को हाल के दिनों में अभिनेता को निशाना बनाते हुए कई धमकी भरे संदेश मिले हैं।

### रद्द किए गए चेक की....

अब कर्मचारी 'उमंग' मोबाइल एप की मदद से आधार फेस वेरिफिकेश टेक्नोलॉजी (एफएटी) का उपयोग करके सीधे अपना यूएएन सृजित कर सकते हैं। ईपीएफओ ने पीएफ के ऑनलाइन किए हैं। इच्छुक आवेदकों को रद्द किए गए चेक की तस्वीर अपलोड करने की जरूरत नहीं है और उनके बैंक खातों को नियोक्ताओं द्वारा सत्यापित करने की भी जरूरत नहीं है। वर्तमान में ईपीएफओ के सदस्यों को पीएफ खातों से ऑनलाइन धनराशि निकालने के लिए आवेदन करते समय, यूएएन या पीएफ संख्या से जुड़े बैंक खाते की चेक या पासबुक की सत्यापित फोटो कॉपी अपलोड करनी होती है। इसी तरह, नियोक्ताओं को भी आवेदक के बैंक खाते के विवरण को स्वीकृत करना अनिवार्य है। अब नियोक्ताओं के मामले में भी मंजूरी जरूरी नहीं है। ईपीएफ सदस्यों के लिए 'जीवन की सुगमता' और नियोक्ताओं के लिए 'कारोबारी सुगमता' सुनिश्चित करने के लिए इन दो जरूरतों को समाप्त कर दिया गया है।

### हिंदूवादी संगठनों...

कार्यकर्ताओं ने उस गली में जाने का प्रयास किया जहां शनिवार को जुलूस पर पथराव हुआ था। इस दौरान डाकघर के पास पुलिस को चकमा देकर कुछ लोग पहुंचने की सूचना मिलती है ,पुलिस और प्रशासन पहले से ही मस्जिद चौराहे पर तैनात था, इसलिए भीड़ को चारों तरफ से घेर लिया और आगे बढ़ने का मौका नहीं दिया। भीड़ का एक अन्य हिस्सा छात्रावास और जगदीश कॉलोनी से होते हुए दुर्गा मंदिर रोड की ओर बढ़ा। यहां भी पुलिस ने लाठीचार्ज कर उन्हें खदेड़ दिया। इसके बाद हनुमान चौराहे पर आकर भीड़ ने सड़क पर लेट कर प्रदर्शन किया। मुख्य जुलूस में शामिल विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कलेक्ट्रेट पहुंचे और वहां प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं की मांग थी कि आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर जैसी सख्त कार्रवाई की जाए।

### चौरागढ़ महादेव...

लंबाई लगभग आधा किलोमीटर होगी। वर्तमान में समुद्र तल से 1326 मीटर की ऊंचाई पर स्थित मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को 1300 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। रोपवे बनने के बाद यह दूरी कुछ ही मिनटों में तय हो जाएगी। इस प्रोजेक्ट में पचमढ़ी हवाई पट्टी के पास वाहन पार्किंग की सुविधा भी शामिल है। साथ ही पिपरिया से सटे अनहोनी वन क्षेत्र को पिकनिक स्पॉट में विकसित करने की योजना भी है।

### लाखों श्रद्धालु...

लेकर भी आते हैं। रोप वे बनने से श्रद्धालुओं को पहुंचने में आसानी होगी। रोप वे कब और कहां से बनना शुरू होगा। यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है।

### हवा में था वायुसेना...

है। खास बात है कि यहां चीन ने बड़ी रणनीतिक पैठ बना ली है। दावों के मुताबिक जीपीएस स्पूफिंग आमतौर पर पायलट को गलत कॉर्डिनेट्स देकर उनकी लोकेशन के बारे में गुमराह करता है। यह ऑपरेशनल इलाकों में आम है। म्यामांर में आईएएफ के पायलट्स ने अपना मिशन पूरा करने के लिए फिर आईएनएस का सहारा लिया।

### पीएम मोदी मिले भी...

मैं उनसे मिल नहीं लेता, तब तक जूते नहीं पहनूंगा। मुझे आज उनको जूते पहनाने का अवसर मिला। मैं ऐसे सभी साथियों की भावनाओं का सम्मान करता हूं, परंतु मेरा आग्रह है कि वो इस तरह के प्रण लेने के बजाय किसी सामाजिक अथवा देशहित के कार्य का प्रण लें।

**रामपाल ने कहा-मुझे साक्षात भगवान मिल गएः** पीएम के जूते पहनाने पर रामपाल ने कहा कि मेरी खुशी का ठिकाना नहीं है। मुझे साक्षात भगवान मिल गए। मैंने 14 साल पहले प्रण लिया था कि जब तक देश में पूर्ण बहुमत से बीजेपी की सरकार और मोदी प्रधानमंत्री नहीं बन जाते तब तक पैर में जूते नहीं डालूंगा।

### वैज्ञानिकों ने बनाया ...

है। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों ने एक अतिसूक्ष्म पेसमेकर बनाया है जिससे दिल के मरीजों को विशेष लाभ मिल सकता है। सबसे खास बात ये है कि इसका आकार चावल के दाने जितना छोटा है और अब तक जिस तरह से पेसमेकर लगाया जाता रहा है उससे इतर इसे आसानी से इंजेक्शन के जरिये भी शरीर में इंजेक्ट किया जा सकता है। नेचर जर्नल में प्रकाशित अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार यह सभी आकार के दिलों के लिए काम कर सकता है। जन्मजात हृदय दोष वाले नवजात शिशुओं के छोटे, नाजुक हृदय के लिए भी इसे विशेष रूप से उपयुक्त माना जा रहा है।

### पेसमेकर के सभी ...

जाती है, इसे नियमित करने के लिए भी पेसमेकर का इस्तेमाल किया जाता रहा है। पेसमेकर को आमतौर पर जनरल एनेस्थीसिया के माध्यम से शरीर के भीतर फिट किया जाता है। लीडलेस पेसमेकर, जो छोटे और अधिक कॉम्पैक्ट होते हैं, उन्हें कैथेटर का उपयोग करके सीधे हृदय में डाला जाता है। मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक इस नए और छोटे पेसमेकर को एक छोटे, मुलायम, और वायरलेस उपकरण के साथ जोड़ा जाता है, जिसे पेसिंग को नियंत्रित करने के लिए मरीज की छाती पर लगाया जाता है। इस उपकरण को जैसे ही पता लगेगा कि आपके दिल की धड़कन अनियमित हो रही है, ये तुरंत पेसमेकर को एक्टिव कर देगा। मेडिकल विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि इसे ऐसे मरीजों के लिए डिजाइन किया गया है जिन्हें केवल अस्थायी पेसिंग की आवश्यकता होती है। जब इसकी जरूरत खत्म हो जाएगी तो पेसमेकर खुद से डिजाल्व हो जाएगा। इस पेसमेकर के सभी घटक बायोकम्पैटिबल हैं, इसलिए वे स्वाभाविक रूप से शरीर के बायोफ्लुइड्स में घुल जाते हैं और इसे सर्जरी करके निकालने की आवश्यकता नहीं है।

### क्या कहते हैं ...

अधिकांश रोगियों के दिल खुद ही ठीक हो जाएंगे, लेकिन वे सात दिन बिल्कुल महत्वपूर्ण हैं। अब, हम इस छोटे पेसमेकर को बच्चे के दिल पर लगा सकते हैं और इसे हटाने के लिए किसी अतिरिक्त सर्जरी की आवश्यकता नहीं है।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड

संपर्क सूत्र : 9407279644

**आवश्यकता**

सुनहरा अवसर सरकारी नौकरी भारतीय वनविभाग में सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट बेसेस पर, आवेदन करें, 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां, पद - वनसिपाही, वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल सैलरी - 25000/- से 35000/-आवेदन के लिए, आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट व्हाट्सएप / संपर्क करें - 9933803418

R- 15-4-2025

**नाम परिवर्तन**

पूर्व में मेरा नाम शंकर लाल मिस्त्री था, जो कि गलत है, मेरा सही नाम शंकर मिस्त्री (Shankar Mistry) पिता कन्हई मिस्त्री, निवासी बादलपुर, तहसील घोड़ाडोंगरी, बैतूल, के नाम से भविष्य में सभी सरकारी / गैर सरकारी दस्तावेजों में जाना पहचाना जावे।

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

R-14/02/25 to 18/4/25- not-feb, 16,23,26 not= march-2,9,13,14,15,16,23,30,31, April- 6,13

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष** – मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** – किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** – परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** – संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** – नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** – सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** – किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** – आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** – शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5837

**बाएँ से दाए**
1. जाति, समाज, बुंधता-4
3. स्वयंवर माला, जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर, टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह, लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा, कम-2
13. मोटा आटा, दानेदार-4
15. गौरव, अभिमान-3
17. विष्णु, नारायण-4
20. वाहन, गाड़ी, जहाज-2
21. होशियार, दक्ष-3
23. उचित, सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा, करतब-4
29. भर्त्सना, धिक्कार-3
31. गुलाम, परतंत्र-4
32. बेल, लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद, टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक, सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**
1. विधेयक, देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत, विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव, मृत शरीर-2
6. बंधु, सजातीय, भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा, आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन, लय, सुर-2
14. इच्छा, कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी, अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम, मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा, रात्रि-2
28. कहासुनी, कलह-4
30. तल्ला, पैंदा-2
31. गुलामी, पराश्रित-4
33. शिक्षा (उर्दू-3)
34. अदा करना, चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 5836 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | व | न | कु | मा | र | ■ | म | क | ब | रा |
| ला | न | ■ | त | ■ | स | ली | का | ■ | स | त |
| य | ■ | प | र | बा | ना | ■ | न | न | ■ | दि |
| न | का | र | ना | ■ | ■ | क | ■ | म | हा | न |
| वा | ■ | ख | ■ | स | ह | ल | ज | ■ | ज | ■ |
| दी | वा | ना | प | न | ■ | प | र | व | री | श |
| ■ | जि | ■ | र | स | ले | ना | ■ | न | ■ | री |
| ग | ब | न | ■ | नी | ■ | ■ | अ | वा | न्त | र |
| ज | ■ | शा | न | ■ | आ | ब | नू | स | ■ | र |
| रा | ज | ■ | ज | टा | यु | ■ | रू | ■ | क | क्ष |
| ज | ल | च | र | ■ | थ | मों | प | दे | श | क |

## सूडोकु नवताल - 5847

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5846 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

शेयर बाजार में गिरावट के कारण निवेशकों का भरोसा कम हुआ

# 2.6 लाख करोड़ रुपए स्वाह...अंबानी और अडाणी समेत कई उद्योगपतियों को नुकसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साल 2025 में अब तक भारत के सबसे अमीर कारोबारियों को भारी नुकसान हुआ है। उनकी संपत्ति में करीब 30.5 अरब डॉलर (2.6 लाख करोड़ रुपए) की कमी आई है। शेयर बाजार में अस्थिरता और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण ऐसा हुआ है। ज्यादातर नुकसान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के कारण हुआ है। ट्रंप ने आयात-निर्यात पर ज्यादा टैक्स लगाया है, जिससे दुनियाभर में व्यापार तनाव बढ़ गया है। इसका असर शेयर बाजार पर भी पड़ा है। भारत समेत कई देशों के शेयर बाजार धड़ाम हो गए।

इस वित्तीय संकट का असर न केवल दुनिया के अमीरों, बल्कि मुकेश अंबानी, गौतम अडाणी, शिव नादर, सावित्री जिंदल, दिलीप सांघवी और अजीम प्रेमजी जैसे भारत के बड़े उद्योगपतियों पर भी पड़ा है।





**टॉप 10 अमीरों की लिस्ट से बाहर**

मुकेश अंबानी भारत के सबसे अमीर आदमी हैं। इस साल उनकी संपत्ति में 3.42 बिलियन डॉलर की कमी आई है। वह दुनिया के टॉप 10 अमीरों की लिस्ट से बाहर हो गए हैं। वे 17वें नंबर पर हैं और उनकी संपत्ति 87.2 बिलियन डॉलर है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में इस साल 0.10फीसदी की गिरावट आई है। वहीं, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज को 24 फीसदी का नुकसान हुआ है।

### *शेयर मार्केट में बड़ी गिरावट*

*भारतीय शेयर बाजार में इस साल काफी गिरावट आई है। सेंसेक्स और निफ्टी जैसे बड़े इंडेक्स में 4.5फीसदीकी गिरावट आई है। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप जैसे छोटे इंडेक्स में तो और भी ज्यादा गिरावट आई है जो 14फीसदी और 17 फीसदी है। इस गिरावट का एक बड़ा कारण विदेशी निवेशकों द्वारा पैसा निकालना है। शेयर बाजार में कीमतें बहुत ज्यादा थीं और वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी की आशंका थी। इसलिए एफआईआई ने भारतीय शेयर बाजार से अपना पैसा निकाल लिया।*

# मप्र के हजारों छात्र हुए एलन चाइल्ड जीनियस परीक्षा में शामिल, खासा उत्साह देखने को मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से मध्यप्रदेश की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए चाइल्ड जीनियस एप्टीट्यूड परीक्षा का आयोजन हुआ। परीक्षा के प्रति विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला, पूरे मध्यप्रदेश में हजारों विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। एलन पीएनसीएफ हेड विशाल केजरीवाल ने बताया कि मध्यप्रदेश के कक्षा 5 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा हुई। परीक्षा ऑफलाइन मोड में 2 घंटे की रही।

परीक्षा में इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन, मुरैना, मोहनखेड़ा, बुराहनपुर, मंडलेश्वर सहित मध्यप्रदेश में एलन सेंटर्स पर पूरे मध्यप्रदेश से पहुंचे विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा में कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए 30 दिन का बोर्ड मास्टर स्ट्रोक कोर्स, कक्षा 5 से 9 तक के विद्यार्थियों के लिए 15 दिन की मेंटल एबिलिटी वर्कशॉप, शो अन्य को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। केजरीवाल ने बताया कि परीक्षा का परिणाम जल्द जारी किया जाएगा। परिणामों में प्रदर्शन करने वाले सर्वश्रेठ 204 विद्यार्थियों को 6.5 लाख रुपए के कैश प्राइज दिए जाएंगे। इसके अलावा प्रत्येक कक्षा में रैंक 1 प्राप्त करने पर 50 हजार रुपए, रैंक 2 प्राप्त करने पर 20 हजार, रैंक 3 पर 10 हजार, रैंक 4 पर 5000, रैंक 5 से 19 हासिल करने पर एक हजार एवं रैंक 20 से 30 हासिल करने पर पांच सौ रुपए कैश प्राइज दिए जाएंगे।

**सर्वश्रेठ 204 विद्यार्थियों को 6.5 लाख रुपए के कैश प्राइज दिए जाएंगे**

भोपाल में हुआ मूवर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया का 8वां राष्ट्रीय सम्मेलन

# 40 हजार करोड़ का 'रिलोकेशन' सेक्टर पूरी तरह असंगठित, इंडस्ट्री का दर्जा देने की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

देश में रिलोकेशन (पैकर्स एंड मूवर्स) सेक्टर को संगठित रूप देने और इससे जुड़े उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए मूवर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एमएफआई) ने भोपाल में दो दिवसीय 8वीं राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित की। यह सम्मेलन रिलोकेशन उद्योग में पारदर्शिता, विश्वसनीयता और सरकारी मान्यता जैसे अहम मुद्दों पर केंद्रित रहा।

इस मौके पर देशभर से आए एमएफआई के चेयरपर्सन अजीत शर्मा, अध्यक्ष आलोक भार्गव, सचिव अनुप मिश्रा सहित एमएफआई के सदस्य जिनमें लक्ष्यदीप से लेकर जम्मू कश्मीर, शिलांग से लेकर अहमदाबाद, मुंबई, बेंगलुरु, दिल्ली, लखनऊ, नागपुर, जयपुर, हैदराबाद, चंडीगढ़ जैसे शहरों की प्रमुख रिलोकेशन कंपनियों के ऑनर्स शामिल रहे। सभी ने इस उद्योग की बदलती जरूरतों और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की।



### इस क्षेत्र में कार्यरत लाखों लोगों का भविष्य इससे जुड़ा

अध्यक्ष आलोक भार्गव ने कहा कि यह सेक्टर 25,000 से 40,000 करोड़ रुपए तक का है, लेकिन अब भी पूरी तरह असंगठित है। बिना किसी रजिस्ट्रेशन या लाइसेंस के लोग कंपनियां चला रहे हैं, जो उपभोक्ताओं के साथ अन्याय है। सख्त नियमन समय की मांग है। सेक्रेटरी अनुप मिश्रा ने बताया कि एमएफआई की स्थापना 2017 में हुई थी और अब देश के 50 से ज्यादा शहरों में इसके सत्यापित सदस्य कार्यरत हैं। उन्होंने कहाकि हम न केवल सदस्य कंपनियों का वेरिफिकेशन करते हैं. बल्कि समय-समय पर जागरुकता अभियान भी चलाते हैं, जिससे उपभोक्ताओं को सही जानकारी मिल सके और वे ठगी से बच सकें। अध्यक्ष आलोक भार्गव ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में विशेष अतिथि के तौर पर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने उपस्थित हुईं। उन्होंने रिलोकेशन सेक्टर आज के समय की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता बन चुका है। इस क्षेत्र में कार्यरत लाखों लोगों का भविष्य इससे जुड़ा है।

### *नियम-कानून तय होंगे और उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ेगा*

*फेडरेशन ने राज्य और केंद्र सरकार से मांग की है कि रिलोकेशन सेक्टर को भी अन्य उद्योगों की तरह 'इंडस्ट्री' का दर्जा दिया जाए। फेडरेशन का मानना है कि इससे न केवल इस क्षेत्र की साख बढ़ेगी, बल्कि फ्रॉड और अनियमितताओं पर लगाम लगाई जा सकेगी। एमएफआई के चेयरपर्सन अजीत शर्मा ने कहाकि रोजाना हम ग्राहकों से धोखाधड़ी की शिकायतें सुनते हैं। कोई कार लेकर गायब हो गया, किसी के घर का सामान चोरी हो गया। अगर सरकार इस सेक्टर को इंडस्ट्री का दर्जा देती है, तो इसके लिए नियम-कानून तय होंगे और उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ेगा।*

सरकार ने किसानों से खरीदा 20.8 लाख मीट्रिक टन गेहूं

# अब तक गेहूं खरीदी के सारे रिकॉर्ड्स टूट गए, मध्यप्रदेश रेस में आगे

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मार्च से अब तक किसानों से 20.08 लाख मीट्रिक टन नए सीजन का गेहूं खरीदा जा चुका है। जो पिछले साल से 44.4 फीसदी ज्यादा है। इस खरीद के साथ ही फसल अच्छी होने के भी संकेत मिल रहे हैं जिससे भारत को अपने घटते भंडार को भरने और आयात से बचने में मदद मिलेगी। सरकार समर्थित भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने मुख्य तौर पर मध्य प्रदेश से गेहूं की शुरुआती किस्मों की खरीदी की है। भारत में गेहूं की सरकारी खरीदी जोर-शोर से जारी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अब तक गेहूं खरीदी के सारे रिकॉर्ड्स टूट गए हैं।

माना जा रहा है कि इससे आने वाले समय में कीमतों पर भी कुछ असर पड़ सकता है। मध्य प्रदेश में समर्थन मूल्य पर जनवरी से अब तक 15.33 लाख किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है और 26.73 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन हो चुका है। इस पर राज्य सरकार द्वारा 5027 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। 5 मई 2025 तक चलने वाले उपार्जन सीजन के लिए राज्य में 3,528 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं। अब तक 3.09 लाख किसानों से गेहूं खरीदा गया है, जिसमें से 24.44 लाख मीट्रिक टन का परिवहन और 21.86 लाख मीट्रिक टन का सुरक्षित भंडारण किया जा चुका है।



### यह है सरकार का लक्ष्य

सरकार ने 2025-26 रबी विपणन सत्र के लिए 310 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा है, जबकि अप्रैल से शुरू हुए 2025-26 रबी विपणन सत्र के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2,425 रुपए, प्रति क्विंटल तय किया गया है। व्यापारियों के अनुसार किसानों को सरकार से बेहतर कीमत मिल रही है। मध्य प्रदेश उन्हें केंद्र की तरफ से एमएसपी के अलावा बोनस मिल रहा है। किसानों से खरीदे गए गेहूं के लिए 2,425 रुपए (27.98 डॉलर) प्रति क्विंटल का खरीदी मूल्य तय किया है। मध्य प्रदेश में तो 175 रुपए प्रति क्विंटल एक्स्ट्रा बोनस भी किसानों को मिल रहा है।

### *आने वाले हफ्तों में आएगी तेजी*

*एफसीआई की गेहूं खरीद अवधि की शुरुआत अच्छी रही है और माना जा रहा है कि आने वाले हफ्तों में इसमें तेजी आने की उम्मीद है। तब हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश जैसे प्रमुख राज्यों से फसलें बाजार में आनी शुरू हो जाएंगी। बताया जा रहा है कि एफसीआई की गेहूं खरीद का शुरुआती रुझान इस साल गेहूं की अच्छी फसल का संकेत देता है। इस साल फसल और एफसीआई की खरीदी दोनों ही संतोषजनक रहने की उम्मीद है।*

## खबर संक्षेप

### मिआ बाए तनिष्क का नया कलेक्शन 'फिओरा' पेश

**मुंबई।** तनिष्क परिवार के मिआ ने अक्षय तृतीया के लिए लां किया है 'फिओरा'। फिओरा-इन्स्पायर्ड बाय योर ब्लूम कलेक्शन हर महिला के जीवन के सफर की प्रशंसा करता है, खुद को अभिव्यक्त करने के सार, नयी शुरूआत और बसंत ऋतु की ऊर्जा को दर्शाता है। 'फिओरा' कलेक्शन में नाजुक फ्लोरल मोटिफ्स को जीवंत साकार किया गया है, सोने की फिलाग्री पंखुड़ियां, सुंदर परतदार पैटर्न, और मदर-ऑफ-पर्ल और रोज क्वाट्र्ज जैसे हाथ से तराशे गए नक्काशीदार स्टोन मिलाकर ऐसे आभूषण बनाए गए हैं जो सोफिस्टिकेशन और व्यक्तित्व का जश्न मनाते हैं।

### एसीसी ने ठेकेदार को बनने में सक्षम बनाया

**दमोह ।** एसीसी के उत्पादों और सेवाओं ने दमोह के कांट्रैक्टर मुकेश तोमर को पूरे जिले में 'वॉटरप्रूफिंग का बादशाह' बनने में सक्षम बनाया है। 1993 में एक सुपरवाइजर के रूप में अपना करियर शुरू करने वाले वे 2002 में एक ठेकेदार बन गए और लगातार एसीसी के उत्पादों और सेवाओं की स्थायित्व और उच्च गुणवत्ता पर भरोसा करते रहे हैं। उन्होंने नए एसीसी लीकब्लॉक उत्पादों का सफलतापूर्वक उपयोग करना शुरू किया और बहुत जल्दी वॉटरप्रूफिंग कार्य के लिए सबसे अधिक मांग वाले ठेकेदार बन गए।

### निहिलेंट ने की इमोस्केप लांच की घोषणा

**पुणे।** निहिलेंट लिमिटेड दुनिया में बिजनेस का स्वरूप बदलने और डिजिटल इनोवेशन में सबसे आगे है, जिसने आज इमोस्केप के लांच की घोषणा की। इमोस्केप दुनिया को नई राह दिखाने वाला इमोशन एआई इंजन है, जो इंसान की भावनाओं के विज्ञान और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी को एक-साथ जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम है। नए जमाने के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से चलने वाले इमोस्केप की जड़ें भावनाओं के बारे में भारत के सदियों पुराने विचारों से जुड़ी हैं जो नई परिभाषा देने वाला है।

# स्टेट बैंक ने घटाई फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दरें, नई दरें आज से लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने एफडी पर मिलने वाले ब्याज दर रिवाइज किए हैं। बैंक की वेबसाइट से मिली जानकारी के मुताबिक बैंक ने ब्याज दरें घटा दी है। एसबीआई द्वारा जारी की गई नई दरें 15 अप्रैल 2025 से लागू हो जाएगी। नई दरों के साथ एसबीआई ने पुरानी दरों की लिस्ट भी जारी की है। ताकि ग्राहक आराम से कैलकुलेट और तुलना कर सके। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने ये नई दरें 3 करोड़ रुपए से कम की एफडी के लिए जारी की है। नीचे बताई गई नई दरें बैंक की ऑफिशियल वेबसाइट से ली गई है। अगर 7 से 45 दिन के लिए एसबीआई में एफडी कराते हैं, तो 3.50 फीसदी रिटर्न मिल जाता है। 46 से 179 दिन इस अवधि के लिए बैंक ने नया ब्याज दर 5.50 फीसदी तय किया है। 180 दिन से लेकर 210 दिन के लिए एफडी करता है, तो उसे 6.25 फीसदी रिटर्न मिल जाएगा। 1 साल के से कम और 211 दिन तक एफडी में निवेश करते हैं, तो 6.50 फीसदी ब्याज दर ऑफर किया जाता है। 1 साल की एफडी या 2 साल से कम पैसे एफडी में निवेश करने पर 6.90 फीसदी रिटर्न मिलता है।

# अक्षय तृतीया तक 1 लाख के पार पहुंच सकता है सोने का भाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोना लगातार नई ऊंचाई छू रहा है, अक्षय तृतीया तक सोने का भाव 1 लाख के पार प्रति दस ग्राम पहुंचने का अंदेशा है। सोमवार को स्थानीय सराफा चौक बाजार में सोना 96,600 रुपए प्रति 10 ग्राम तो चांदी 96500 रुपए किलो ग्राम के भाव पर सौदे हुए । पिछले साल अक्षय तृतीया से लेकर अब तक सोने की कीमत में 32 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। जानकारों का कहना है कि इस साल की शुरुआत से ही सोने में तेजी लगातार बनी हुई है। हर तीसरे दिन इसने नई ऊंचाई छुआ है।

अब यह 1 लाख रुपए का स्तर छूने की ओर बढ़ रहा है। मौजूदा वैश्विक हालात में यह किसी भी दिन इस मनोवैज्ञानिक स्तर को छू सकता है। दरअसल कई देशों के बीच तनाव और अमेरिकी टैरिफ के कारण सुरक्षित मानी जाने वाली इस बहुमूल्य धातु की कीमतों में इस साल जबरदस्त तेजी दिखी है। सोना इस साल अब तक 22 फीसदी या 17,000 रुपए महंगा हो गया है।

### ग्राहकों में इस महीने देखी जा सकती भारी खरीदी



विश्लेषकों का कहना है कि अक्षय तृतीया के दिन सोना खरीदना शुभ माना जाता है। इसलिए खुदरा कारोबारियों से लेकर ग्राहकों में इस महीने भारी खरीदी देखी जा सकती है। ऐसे में मांग वृद्धि से कीमतें बढ़ सकती हैं। अक्षय तृतीया इस साल 30 अप्रैल को है। उसके बाद शादी-विवाह के भी शुभ मुहूर्त शुरू हो जाएंगे। ऐसे में यहां से सोने में लगातार खरीदारी का रुझान बना रहेगा। 10 मई 2024 को अक्षय तृतीया के दिन सोने का भाव 73,000 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा था। अब यह 96,600 रुपए के स्तर पहुंच गया है। हाल के समय में रुपया भी डॉलर की तुलना में अच्छा खासा सुधरा है। डॉलर पर बन रहे दबाव की वजह से भी पीली धातु की कीमतों में तेजी आने की उम्मीद है।

### *छह साल में एक लाख को बनाया तीन लाख से ज्यादा*

*सोने ने अपने निवेशकों को छह साल में तीन गुना से ज्यादा रिटर्न दिया है। 2019 में अक्षय तृतीया के दिन 10 ग्राम सोने का भाव 31,729 रुपए था। 2020 में यह अक्षय तृतीया के दिन 32 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 46,000 रुपए के पार पहुंच गया। 2021 में 2.5 फीसदी की तेजी के साथ 47,000 रुपए के पार तो 2022 में 6 फीसदी के उछाल के साथ पहली बार 50,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के पार चला गया। 2023 में 15 फीसदी की तेजी के साथ सोना 60,000 रुपए के करीब और 2024 में 20 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 73,000 रुपए के करीब पहुंच गया।*


## बिजनेस न्यूज

### समृद्धि चैरिटेबल ने दी दिव्यांगजनों को बैटरी से चलने वाली स्वचालित साइकिलें




**भोपाल।** छोला रोड स्थित खेड़ापति मंदिर परिसर में हनुमान प्राकट्योत्सव के पावन अवसर पर सर्व समृद्धि चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा एक विशेष जनकल्याणकारी सेवा कार्य का आयोजन किया गया। इस पुण्य अवसर पर दिव्यांगजनों को बैटरी से चलने वाली स्वचालित साइकिलें उपहार स्वरूप प्रदान की गईं। यह सेवा कार्य सर्व समृद्धि चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से समाज के प्रति दायित्व और समर्पण का प्रतीक है, जो दिव्यांगजनों के जीवन में आत्मनिर्भरता और सुविधा को बढ़ावा देगा। इस प्रेरणादायी आयोजन ने समाज को समरसता और सेवा का संदेश भी दिया।इस अवसर को गौरवान्वित करने के लिए राजेंद्र प्रसाद गर्ग, सुशीला देवी गर्ग, राखी गर्ग एवं सुनील गर्ग की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी गणमान्य अतिथियों ने दिव्यांगजनों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सुनील गर्ग ने कहाकि दिव्यांगता कमजोरी नहीं, बल्कि विशेष सामर्थ्य का प्रतीक है। हमें उन्हें सहानुभूति नहीं, सहयोग और अवसर देना चाहिए, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। सर्व समृद्धि फाउंडेशन द्वारा किए गए इस सेवा कार्य से कई दिव्यांगजनों को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी को सहज और आत्मनिर्भर तरीके से जीने की एक नई राह मिली है।

### ओरिएंटल इंस्टिट्यूट में तीन दिवसीय वार्षिक तकनीकी महोत्सव




**भोपाल।** ओरिएंटल इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भोपाल में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक तकनीकी महोत्सव टेक स्केम 2025 का समापन 12 अप्रैल को हर्षोल्लास और शानदार कार्यक्रमों के साथ हुआ। 10 से 12 अप्रैल तक चले इस फेस्ट में विद्यार्थियों ने तकनीकी कौशल, नवाचार और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।फेस्ट में कई तकनीकी एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्केम 2025 के विशेष आकर्षण डीजे नाइट और फिएस्टा नाइट रहे, जिसमें विद्यार्थियों ने संगीत और मनोरंजन के साथ फेस्ट का आनंद उठाया। फेस्ट के दौरान प्रमुख अतिथियों ने विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में नवाचार और नई सोच को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के चेयरमैन प्रवीण ठकराल ने कहाकि टेक स्केम जैसा आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। इससे विद्यार्थियों को न केवल तकनीकी ज्ञान, बल्कि नेतृत्व और आयोजन क्षमता भी विकसित करने का अवसर मिलता है। फेस्ट के अंत में सभी विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। आयोजन समिति ने सभी विद्यार्थियों, अतिथियों और प्रायोजकों का आभार व्यक्त किया और इस उत्सव को और अधिक भव्य और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

### नेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ बैंक वर्कर्स की नई कार्यकारिणी का गठन



**भोपाल।** नेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ बैंक वर्कर्स का 21वें राष्ट्रीय अधिवेशन वृंदावन मथुरा यूपी में संपन्न हुआ। इस दरमियान 2025 से 2028 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष गौतम कुलकर्णी आईडीबीआई बैंक, कार्यकारी अध्यक्ष विनोद कुमार, धनलक्ष्मी बैंक महासचिव सिंह मनमोहन दास बैंक ऑफ बड़ौदा उप महासचिव अय्यपन, केनरा बैंक मनोनीत किए गए। मध्य प्रदेश से गए हुए कार्यकर्ताओं में से रितेश शर्मा एवं रोहित बीरबल को कार्यकारिणी सदस्य एवं सुनील सिंह को आंचलिक संगठन मंत्री मनोनीत किया गया।

### पीएनबी ने मनाया 131वां स्थापना दिवस लांच किए 34 नए उत्पाद



**भोपाल ।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी),ने एक सदी से अधिक के लचीलेपन, विश्वास और ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग के प्रतीक के रूप में अपना 131वां स्थापना दिवस मनाया। नई दिल्ली के द्वारका में पीएनबी मुख्यालय में आयोजित समारोह में प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों, बैंक के अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्राहकों ने भाग लिया, जो नवाचार, वित्तीय समावेशन और डिजिटल परिवर्तन के प्रति बैंक के अटूट समर्पण को दर्शाता है। इस अवसर पर एम. नागराजू (डीएफएस सचिव),अशोक चंद्र (पीएनबी एमडी एवं सीईओ), पीएनबी के ईडी -कल्याण कुमार, एम. परमशिवम,बिभू प्रसाद महापात्र और डी. सुरेन्द्रन उपस्थित थे। एम. नागराजू, सचिव, वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस), ने नवोन्मेषी उत्पादों की पेशकश के लिए पीएनबी की सराहना की और वित्तीय समावेशन को सघन बनाने व ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। पीएनबी के एमडी और सीईओ अशोक चंद्र ने कहाकि पीएनबी भारत के विकास में एक आधारशिला रहा है, जो हर क्षेत्र में ऋण प्रदान करता है और पूरे देश में वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करता है। हमारी पहलों ने वंचितों का समर्थन किया है, नागरिकों को सशक्त बनाया है, युवाओं को शिक्षित किया है, किसानों की आय में वृद्धि की है, और उद्यमिता को बढ़ावा दिया है यह सब 2047 तक एक विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

### कैंपा कोला के ब्रांड एंबेसेडर बने राम चरण




**बेंगलुरू।** कोल्ड ड्रिंक कैंपा कोला ने घोषणा की है कि दक्षिण भारत के सुपरस्टार राम चरण उनके ब्रांड एंबेसडर होंगे। कैंपा युवाओं को पहले से ही पसंद है और रामचरण के जुड़ जाने के बाद उसका नया कैंपेन है कैंपा वाली ज़िद। यह कहानी है उस जिद की, जो किसी को भी आम से खास बना सकती है। यह कहानी है युवाओं की, जो हर दिन चुनौतियों से लड़ते हैं, गिरते हैं, उठते हैं और फिर ज़िद के साथ आगे बढ़ते हैं। कैंपा का यह नया अभियान उन्हीं के जज्बे को सलाम करता है। मेकैन वर्ल्ड ग्रुप इंडिया के चेयरमैन और सीईओ प्रसून जोशी का कहना है कि हम कैंपा वाली जिद कैंपेन के ज़रिए एक ऐसा सच प्रस्तुत करना चाहते थे जो हमारे युवाओं के दिल के करीब हो। राम चरण इन युवाओं की तरह हैं एक ऐसी ताकत जिसे रोकना संभव नहीं है। इस अभियान की जान है एक ब्रांड फिल्म जिसमें राम चरण किसी किरदार में नहीं, बल्कि खुद अपनी असल जिंदगी के रूप में सामने आते हैं।

### हेल एनर्जी ड्रिंक ने की ग्लोबल कंज्यूमर कॉन्टेस्ट की शुरुआत




**मुंबई।** हेल एनर्जी ड्रिंक ब्रांड में से एक हेल एनर्जी ड्रिंक ने भारत में अपने शानदार और बेहद रोमांचक ग्लोबल कंज्यूमर कॉन्टेस्ट की शुरुआत की है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जबरदस्त कामयाबी हासिल करने के बाद अब हेल एनर्जी ड्रिंक भारत के ग्राहकों को कॉन्टेस्ट में भाग लेने के लिए आमंत्रित करता है, जिसमें उन्हें हर दिन और हर हफ़्ते 10 हजार से ज्यादा पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा। इतना ही नहीं, इसमें भाग लेने वाले ग्राहक अपने आप ही ग्रैंड प्राइज के ड्रॉ का हिस्सा बन जाएंगे। यह कैंपेन सचमुच आपके अनुभव को शानदार बनाने वाला है जिसमें कई तरह के पुरस्कार जीत सकते हैं। इन पुरस्कारों में एक लक्जरी कार से लेकर आईफ़ोन से लेकर पूरी दुनिया में मशहूर अभिनेता और हेल एनर्जी ड्रिंक के ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर- मिकेल मोरोने के साथ डिनर करने का मौका शामिल है।

# विजय गौड फिर बने गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एसो. के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दो साल बाद एक बार फिर विजय गौड गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित हुए है। बीते दिन संपन्न हुए एसोसिएशन के चुनाव में विजय गौड की प्रगतिशील पैनल ने सारे रिकार्ड ध्वस्त करते हुए ऐतिहासिक विजयी हासिल की है।

प्रगतिशील पैनल ने सर्वाधिक वोट पाकर रिकार्ड बनाया। जबकि दूसरी पैनल नवोदय को करारी हार का सामना करना पडा।



चुनाव परिणाम के बाद विजय गौड के समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया।

# बैंक ऑफ इंडिया का होम लोन 0.25 प्रतिशत सस्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया ने अपने आवास ऋण की ब्याज दर 0.25 प्रतिशत घटाने की सोमवार को घोषणा की, जिससे कंपनी के नए ग्राहकों के साथ मौजूदा ग्राहकों को भी लाभ होगा। बैंक की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस आवास ऋण पर ब्याज दर में इस संशोधन के साथ, सिबिल स्कोर के आधार पर होम लोन की दर घटकर 7.90 प्रतिशत प्रति वर्ष हो गई है। बैंक ने कहा है कि यह कदम ग्राहकों को उनके वित्तीय लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता करने के प्रति बैंक की निरंतर प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
सादर सेवा
लिमिटेड ई - निविदा (सिंगल पैकेट प्रणाली ) आमंत्रण सूचना
कार्य का नाम: मध्य प्रदेश राज्य में पश्चिम मध्य रेलवे (डब्ल्यूसीआर) के अंतर्गत जबलपुर (केटीई) - सिंगरौली (एसजीआरएल) खंड के बीच 2 x 25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम के लिए ओएचई का निर्माण कार्य। **निविदा सूचना क्र: केआर/सीओ/ईल/केटीई-एसजीआरएल/टी/16/25, दिनांक 15.04.2025, कार्य समापन की अवधि:** 5 (पाँच) महीना। **अनुमानित लागत:** रु.1,12,57,043/- जीएसटी को छोड़कर। **ईएमडी:** रु. 2,06,300/-. **आनलाइन निविदा जमा करनेकी अंतिम तिथि तथा समय:** दि. 06.05.2025 को 15:00 बजे तक। **निविदा खुलने की तिथि:** दि. 06.05.2025 को 15:30 बजे। संशोधन / शुद्धिपत्र यदि हो तो केवल आई आर ई पी एस वेबसाइट पर प्रकाशित होगा। **निविदा कागजात के लिए पथ:** आई आर ई पी एस के माध्यम से। मैनुअल निविदायें निविदायें स्वीकृत नहीं होंगी।

## चिंतन

# समतामूलक समाज निर्माण आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि

आज संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती पर उनकी विरासत को लेकर सियासत दुर्भाग्यपूर्ण है। राष्ट्र निर्माण में डा. आंबेडकर के योगदान को स्मरण करने और समतामूलक समृद्ध भारत के उनके सपने को साकार करने की दिशा में प्रयास करने के बजाय राजनीतिक दल एक दूसरे पर आरोप लगाते दिखे। सत्ताधारी दल और विपक्षी दल के बीच आंबेडकर की विरासत पर राजनीतिक कब्जे के लिए होड़ मची हुई है, लेकिन यही जब सत्ता में होते हैं, तो उनके सिद्धांतों पर अमल करते हुए नीतिगत फैसला नहीं लेते हैं। संविधान प्रदत्त राजनीति लोकतंत्र का तो सभी लाभ उठा रहे हैं, लेकिन सामाजिक व आर्थिक असमानता दूर करने के लिए सामाजिक न्याय व समता पर आधारित सामाजिक लोकतंत्र और समानता पर आधारित आर्थिक लोकतंत्र को अपनाने की दिशा में किसी भी दल की सरकार ने पहल नहीं की। आज भी राष्ट्र में सामाजिक व आर्थिक विषमताएं गहरे तक व्याप्त हैं, सरकारें उदासीन बनी हुई हैं। आंबेडकर के सपने के अनुरूप जाति व्यवस्था के खात्मे की दिशा में किसी भी सरकार ने कानूनी प्रयास नहीं किया, जबकि यह संभव है। लेकिन देश के दल विभाजनकारी राजनीति के पचड़े में ही उलझे हुए हैं। भाजपा व कांग्रेस के बीच आंबेडकर को लेकर तीखे आरोप-प्रत्यारोप से स्थिति नहीं बदलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाया कि सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस ने अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्गों को 'दूसरे दर्जे का नागरिक' बना दिया, तो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पलटवार किया कि मोदी सरकार बाबासाहेब का सिर्फ नाम लेती है जबकि भाजपा तथा संघ के लोग आंबेडकर के शत्रु हैं। अभी सत्ताधारी दल अगर डॉ. आंबेडकर के सपनों के अनुरूप सामाजिक आर्थिक न्याय की बहाली की दिशा में काम करे तो देश की दशा बदल सकती है। यह सबको ज्ञात है कि कांग्रेस ने आंबेडकर को दो बार चुनाव में हरवाया, कांग्रेस शासन में बाबासाहेब को भारत रत्न नहीं मिला, कांग्रेस सरकार ने उन्हें राजनीतिक सम्मान भी नहीं दिया, इसलिए कांग्रेस को विरासत पर कुछ भी बोलने से पूर्व आत्मचिंतन करना चाहिए। संविधान निर्माण से लेकर निर्वाचन आयोग के गठन तक अनेक योगदान आंबेडकर के देश के लिए हैं। भीमराव छोटे राज्यों के पक्षधर थे, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व बिहार के विभाजन का प्रस्ताव उन्होंने रखा था, छोटे राज्य भी भाजपा शासन के दौरान ही अधिक बने। आंबेडकर के विचार केवल इतिहास की किताबों या औपचारिक श्रद्धांजलि कार्यक्रमों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रतिरोध की परिभाषा को आकार दे रहे हैं और अदालतों से लेकर कक्षाओं, विरोध-प्रदर्शनों और साइबर संसार तक में गूंज रहे हैं, जहां जाति, समानता एवं लोकतंत्र के बारे में बहस अब भी जारी है। आंबेडकर एक विधिशास्त्री से कहीं अधिक थे। वह एक क्रांतिकारी विचारक थे, जिनका समतावादी और जाति व्यवस्था मुक्त भारत का दृष्टिकोण देश के समकालीन सामाजिक-राजनीतिक विमर्श के लिए आज भी बेहद प्रासंगिक है। आंबेडकर का यह दृष्टिकोण वर्ष 2025 में भी प्रासंगिक है कि सामाजिक और आर्थिक न्याय के बिना लोकतंत्र फल-फूल नहीं सकता। आज जब जाति, वर्ग और सांप्रदायिक विभाजन के खिलाफ भारत की लड़ाई जारी है, तब समानता को लेकर उनका दृष्टिकोण भारत को प्रेरित करता है। इसलिए राजनीतिक के बजाय उनके अदर्शों को राष्ट्र को सही मायने में अपनाने की जरूरत है।



विश्लेषण
अवधेश कुमार

# मुर्शिदाबाद का भयावह सच

> मुर्शिदाबाद से भागीरथी नदी में नाव पर बैठकर पलायन करते और फिर मालदा जिले में उतरते लोगों की तस्वीरें किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को अंदर से हिला देंगी। वर्तमान घटना में पलायन कर गए लोग मुर्शिदाबाद के धुलियान के हैं। वे बता रहे हैं कि घरों में आग लगा दी, मारपीट की गई, अब न घर रहा न खाने को राशन बचा हम करें तो क्या करें, जो कुछ था वह सब लूट कर ले गए। मणिपुर पर तूफान खड़ा करने वाले और यात्रा करने वाले राहुल गांधी से लेकर विपक्ष के नेताओं की चुप्पी ज्यादा डरावनी है। मणिपुर चिंता का विषय होना चाहिए, किंतु क्या मुर्शिदाबाद नहीं? सच को सच की तरह देखिए फिर रास्ता निकालिए कि क्या हो सकता है?

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से लेकर मध्यप्रदेश का गुना और इसके पहले नागपुर मलाड आदि की घटनाओं से निस्संदेह देश को डरना चाहिए। इसका यह अर्थ नहीं कि डर कर चुपचाप बैठ जाए, बल्कि इन घटनाओं में लगातार दिख रहे यथार्थ को पहचान कर उसके अनुरूप व्यवहार तय करने का समय है। मुर्शिदाबाद से भागीरथी नदी में नाव पर बैठकर पलायन करते और फिर मालदा जिले में उतरते लोगों की तस्वीरें किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को अंदर से हिला देंगी। हम पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में गैर मुस्लिमों, हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा पर अपनी भौंहें टेढ़ी करते हैं, अपने देश के बारे में क्या कहेंगे? मालदा के पारलालपुर हाई स्कूल में शरण लिए लगभग 500 लोगों की तस्वीरें एवं वक्तव्य देश के सामने हैं। इनमें तीन दिन के नवजात से लेकर महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने कम से कम उन्हें गले लगाया और खाने-पीने की व्यवस्था कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांता मजूमदार की यात्रा के बाद पार्टी और दूसरे हिंदू संगठन भी सक्रिय हुए, लेकिन क्या किसी को याद है 2021 विधानसभा चुनाव के बाद हिंदू असम और झारखंड में पहुंच गए थे। वे आज तक लौटे या नहीं लौटे देश को पता भी नहीं था। जब असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वसर्मा ने अपनी पोस्ट लिखी तब इसकी जानकारी हुई। वर्तमान घटना में पलायन कर गए लोग मुर्शिदाबाद के धुलियान के हैं। वे बता रहे हैं कि घरों में आग लगा दी, मारपीट की गई, अब न घर रहा न खाने को राशन बचा हम करें तो क्या करें, जो कुछ था वह सब लूट कर ले गए। मणिपुर पर तूफान खड़ा करने वाले और यात्रा करने वाले राहुल गांधी से लेकर विपक्ष के नेताओं की चुप्पी ज्यादा डरावनी है। मणिपुर सभी के लिए चिंता का विषय होना चाहिए, किंतु क्या मुर्शिदाबाद नहीं?

यही वह प्रश्न है अलग-अलग ऐसी घटनाओं और संदर्भों में जिनका उत्तर भारत स्पष्ट रूप से कभी नहीं दे सका। धुलियान में एक गरीब पिता पुत्र की हत्या कर दी गई, जो हिंदू देवी देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। मूर्तिकार से किसका वैर का हो सकता है? लोग कह रहे हैं कि उनकी पानी की टंकी में जहर मिला दिया गया। इसमें कितनी सच्चाई है अभी तक तो ममता बनर्जी सरकार को टंकियां जांच करके बता देना चाहिए था। नहीं बताने का मतलब? कई तालाबों में मछलियों सहित अन्य जीव मरे पाए गए। यानी हमलावर घोषणा कर रहे थे कि सारे पानी में जहर मिला देंगे तो संभवत उन्होंने तालाब में ऐसा किया। टीवी कैमरों के माध्यम से देश ने वहां की हिंसा देखी। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक भी अलग-अलग क्षेत्र में हिंसा हो रही है। शमशेरगंज सहित कई स्थानों में बीएसएफ की टीम पर गोलीबारी की गई। बीएसएफ कई घरों में जमा किए पत्थर हटा रही है। कोलकाता उच्च न्यायालय के आदेश के कारण केंद्रीय सुरक्षा बलों की 17 कंपनियां तैनात की गईं, अन्यथा पश्चिम बंगाल पुलिस के रहते क्या हो रहा था और क्या होता इसकी कल्पना से रौंगटे खड़े हो जाते हैं। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भले आप आलोचना कीजिए और उनके विरोधी हों। इन विकट परिस्थितियों में हिंदू समाज के साथ इनके



अलावा कोई खड़ा नहीं दिखता। अन्य पार्टियों की स्थानीय इकाइयां सच देखती हैं, भूमिका निभाना भी चाहती हैं, लेकिन प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व के दबाव में नहीं करती। स्थानीय भाजपा के कई नेताओं ने प्रदेश में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम या अफस्पा लागू करने की मांग की है। आपको यह भले नागवार गुजरे किंतु पश्चिम बंगाल की स्थिति को देखिए और निष्कर्ष निकालिए कि वहां क्या किया जाना चाहिए?

किसी का वक्फ संशोधन कानून से विरोध है तो उसका तरीका हिन्दुओं पर हमला कैसे सकता है? वैसे तो वक्फ कानून में ऐसा कुछ नहीं है, जिसे मुसलमान या इस्लाम के विरुद्ध साबित किया जा रहा है। इस तरह का जहर फैलाने वाले वास्तव में स्वयं मुस्लिम समाज के ही दुश्मन हैं। अगर विरोध करना है तो इसके लिए हिंदुओं के घरों पर हमले करने, धर्मस्थलों को क्षतिग्रस्त करने, दुकान घर जलाने आदि की क्या आवश्यकता है? ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने देशव्यापी विरोध का आह्वान किया था। क्या हिंसा के लिए उसे दोषी नहीं माना जाना चाहिए? हमलावरों की तैयारी कितनी थी इसका अनुमान इसी से लगाइए कि पलायन कर गए लोग बता रहे हैं कि वे गैस सिलेंडरों को खोलकर दियासलाई से आग लग रहे थे और पेट्रोल डाल रहे थे। आगजनी, पत्थरबाजी और गोली चलाने के लिए पहले की तैयारी चाहिए। गुना में हनुमान जयंती की शोभायात्रा पर जितनी भारी संख्या में पत्थर चले और आगजनी हुई उसकी तैयारी एकाएक संभव नहीं। इसी तरह हजारीबाग में हुआ। पिछले लंबे समय से हम देख रहे हैं कि हिंदुओं से जुड़े उत्सवों, शोभायात्राओं, प्रतिमा विसर्जनों आदि पर इसी तरह पत्थरों से हमले होते हैं। इससे भी डरावना सच यह है कि कोई बड़ा मुस्लिम नेता या संगठन हिंसा के विरुद्ध मुखर होकर सामने नहीं आते। दूसरे पक्ष को ही दोषी ठहरने का अभियान चलता है और कहा जाता है कि हमले उनके उकसाने पर हुए। मुर्शिदाबाद पर बंगाल की ममता सरकार में मंत्री सिद्धीकुल्ला चौधरी कह रहे हैं कि हिंसा में बाहरी और भाजपा के लोग शामिल थे, वे बीएसएफ की गोली से मारे गए। ममता सरकार और उनकी पार्टी का स्टैंड यही है तो आप उनसे क्या उम्मीद कर सकते हैं। यह पहली बार नहीं है। पिछले वर्ष लगभग इसी समय जब वर्धमान जिले में एक बम विस्फोट की जांच करने गई एनआईए की टीम पर हमले हुए। विस्फोट बम बनाने के दौरान हुई और मरने वाले तीनों तृणमूल के थे। चाहे शाहजहां शेख पर कार्रवाई करने गई टीम हो या अन्य जगह वहां उन्हें हिंसक विरोध का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री ममता से लेकर पूरी सरकार, पार्टी हमला बोल शैली में साथ खड़ी होती है। जब सरकार का भय नहीं हो तो कट्टरवादी तत्व ऐसे ही उन्माद फैलाता है।

सच को सच की तरह देखिए फिर रास्ता निकालिए कि क्या हो सकता है। बंगाल संपूर्ण देश के लिए ऐसा डरावना प्रश्न बना हुआ है जिसका अभी तक उत्तर नहीं मिला है। धीरे-धीरे दूसरे राज्यों में भी हिंदू उत्सवों प्रतिमा विसर्जनों शोभा यात्राओं आदि पर हमले की प्रवृत्तियां बढ़ीं हैं। उनके संदर्भ में हिंदू संगठनों, सरकारों तथा पार्टियों को नए सिरे से अपनी रणनीति तय करनी होगी। मुस्लिम समुदाय के अंदर भी उदारवादी तबके को खुलकर सामने आना चाहिए। यह देश बचाने का प्रश्न है, लेकिन जो समाज आत्मरक्षा और प्रतिरोध की शक्ति खो देता है उसकी कोई रक्षा नहीं कर सकता। कम से कम ऐसी घटनाओं के विरोध में अहिंसक तरीके से धरना प्रदर्शन तो होना चाहिए था। बावजूद बंगाल जैसी स्थिति किसी की नहीं। न्यायालय की स्थिति यह है कि 2021 में हिंदुओं के पलायन का मामला उच्चतम न्यायालय में आया और सुनवाई के दौरान एक बंगाली न्यायमूर्ति ने पहले अपने को अलग किया। फिर सुनवाई आरंभ हुई और एक और बंगाली जज साहब ने स्वयं को अलग कर लिया। इस कारण वह बाधित रही। वैसे भी न्यायालय ऐसी बढ़ती प्रवृत्तियों का समाधान नहीं कर सकते।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## तेलंगाना विवाद
योगेश कुमार गोयल



# जीवन की सांसें हैं वृक्ष

तेलंगाना में 400 एकड़ में फैले कांचा गाचीबोवली जंगल में पेड़ों की कटाई के मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लेते हुए पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी.आर. गवई और ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने सरकार से तीखे सवाल करते हुए अगले आदेश तक इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गतिविधि पर रोक लगा दी। अदालत ने पूछा कि वनों की कटाई शुरू करने की इतनी आपातकालीन आवश्यकता क्यों थी? उल्लेखनीय है कि हैदराबाद विश्वविद्यालय के पास तेलंगाना सरकार द्वारा आईटी पार्क बनाने के लिए उस स्थान पर बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई की जा रही थी। सोशल मीडिया पर इसी जगह का एक दिल दहलाने वाला वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें अंधेरे में बुलडोजर चलता दिख रहा है और वहीं से मोरों के झुंड की आवाज़ सुनाई दे रही है, जो जंगलों की कटाई से रो रहे हैं। इससे कुछ ही दिन पहले आगरा में ताजमहल के आसपास अवैध रूप से काटे गए सैकड़ों वृक्षों को लेकर भी सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्रत्येक पेड़ के लिए एक लाख रुपए का जुर्माना लगाते हुए कठोर टिप्पणी की थी। अदालत के आदेश बेहद महत्वपूर्ण हैं, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को याद दिलाते हैं। अदालत ने अपने इन निर्णयों से स्पष्ट संदेश दिया है कि पेड़ों की कटाई को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। अदालत के ये निर्णय देश के उन क्षेत्रों के लिए भी संदेश है, जहां पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। वायुमंडल में मौजूद ऑक्सीजन को प्राणवायु माना जाता है और पर्यावरण विशेषज्ञों के मुताबिक हमें अपने आसपास इतने वृक्ष अवश्य लगाने चाहिए, ताकि कम से कम अपने परिवार के लिए तो हम ऑक्सीजन की पूर्ति स्वयं ही कर सकें। एक व्यक्ति वर्षभर में औसतन 9.5 टन हवा अपने अंदर लेता है, जिसमें इस हवा का 23 प्रतिशत हिस्सा ऑक्सीजन होता है, जिसकी पूर्ति के लिए हर व्यक्ति को सालभर की सांसों के लिए 7-8 वृक्षों की ऑक्सीजन चाहिए। इंसान को सामान्य रूप से सांस लेने के लिए हवा में कम से कम 19.5 फीसद ऑक्सीजन होनी चाहिए। वायुमंडल में यदि ऑक्सीजन नहीं होगी तो पृथ्वी पर जीवन समाप्त हो जाएगा, इसलिए ऑक्सीजन बचाने के लिए वृक्षों को बचाना समय की बड़ी मांग है। एक रिपोर्ट के मुताबिक एक स्वस्थ वृक्ष प्रतिदिन करीब 230 लीटर ऑक्सीजन छोड़ता है, जिससे 6-7 लोगों को प्राणवायु मिल पाती है, लेकिन पर्याप्त वृक्षों के अभाव में बहुत सारे स्थानों पर अब एक ही वृक्ष को करीब 20 लोगों को ऑक्सीजन देनी पड़ रही है। दरअसल वायुमंडल में पहले ऑक्सीजन की जितनी मात्रा होती थी, वृक्षों के अभाव में उसमें 10 प्रतिशत तक की कमी आ चुकी है। नीम, बरगद, पीपल जैसे बड़े छायादार वृक्ष, जो 50 साल या उससे ज्यादा पुराने हों, उनसे तो प्रतिदिन 140 किलो तक ऑक्सीजन मिलती है। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार करीब दो सौ वर्ष पुराने पीपल, नीम, बरगद इत्यादि के पेड़ प्रतिदिन 250 लीटर ऑक्सीजन का स्राव करते हैं। ऐसे में यह अनुमान लगाना कठिन नहीं कि ऐसे छायादार पुराने वृक्ष काटने से पर्यावरण को कितनी भारी क्षति पहुंचती है। यही वजह है कि ऐसे छायादार वृक्ष अपने आसपास के परिवेश में लगाने की प्राचीन भारतीय परम्परा रही है। नीम, बरगद, तुलसी इत्यादि प्रतिदिन 20 घंटे से भी ज्यादा समय तक ऑक्सीजन छोड़ते हैं जबकि पीपल तो दिन में 22 घंटे से भी ज्यादा समय तक ऑक्सीजन का स्राव करता है। बांस के पेड़ किसी भी अन्य वृक्ष के मुकाबले 30 प्रतिशत ज्यादा ऑक्सीजन पैदा करते हैं। 100 विशाल वृक्ष प्रतिवर्ष 53 टन कार्बन डाईऑक्साइड तथा 200 किलोग्राम अन्य वायु प्रदूषकों को दूर करते हैं और 5.3 लाख लीटर वर्षा जल को थामने में भी मददगार साबित होते हैं। घर में सुनियोजित ढंग से लगाए जाने वाले वृक्ष न केवल गर्मियों में एसी की खपत में 56 फीसदी की कमी लाते हैं, बल्कि सर्दियों में ठंडी हवाओं को भी रोकते हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि किसी भी वृक्ष के वजन में एक ग्राम की वृद्धि से ही उससे 2.66 ग्राम अतिरिक्त ऑक्सीजन मिलती है तथा किसी विशाल वृक्ष से प्राप्त होने वाली ऑक्सीजन, फल, लकड़ी, बायोमास इत्यादि की कीमत के आधार पर पचास साल की अवधि में ऐसे वृक्ष की आर्थिक कीमत करीब दो लाख डॉलर होती है। एक स्वस्थ वृक्ष से मिलने वाली ऑक्सीजन की कीमत के आधार पर ऐसे वृक्ष की सालाना कीमत करीब 24 लाख रुपए होती है। स्वच्छ प्राणवायु के अभाव में कैंसर, हृदय रोग, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, फेफड़ों का संक्रमण, न्यूमोनिया, लकवा इत्यादि के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बहरहाल, तेजी से होते जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण की विकराल होती स्थिति को देखते हुए यह समझने की जरूरत है कि वायुमंडल में जो ऑक्सीजन मौजूद है, उसमें सबसे बड़ा योगदान पेड़-पौधों का ही है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# योग-ध्यान भावनाओं को रोकें नहीं, साधें



संकलित
## दर्शन

जब भी आप क्रोध जैसी किसी भी नकारात्मक भावना को रोकने का प्रयास करते हैं, तो वह और भी ज्यादा तेज हो जाती है। आप जो चीज नहीं चाहते हैं, उसे यदि आप रोकने की कोशिश करते हैं, तो ऐसा ही होता है। वस्तुतः मानव मन की यही प्रकृति है। मन को अपने अनुरूप साधने की प्रणाली योग है। योग की प्रणाली अनुभव के स्तर पर अपने शरीर और मन की प्रकृति का अनुसंधान करती है। जब आप सुबह उठकर आसन करते हैं, तो आप उसे मात्र व्यायाम न समझें। वास्तव में योग यह सुनिश्चित करता है कि आप जीवन से कितनी सहजता से गुजरते हैं, आप अपने शरीर और अपने मन को कितनी गहराई से समझते हैं। यदि आप गाड़ी चलाकर कहीं जा रहे हैं तो यात्रा मंगलमय होने के लिए, दो बातें जरूरी हैं। एक तो गाड़ी का अच्छा होनी चाहिए और दूसरी आपको गाड़ी की समझ हो। आपके शरीर और मन के बारे में योग यही तो सुनिश्चित करता है। यह बड़ी व्यावहारिक बात है, यह कोई आत्मज्ञान नहीं है। अगर आप एक अज्ञानी जीवन भी जीना चाहते हैं, तब भी योग जरूरी है। जब आप आसन करते हैं तो आप अपने शरीर और मन की प्रकृति को खोजते हैं। अगर आप अपनी अंगुलियों को एक खास तरह से चलाते हैं, तो आपका मन उसके मुताबिक काम करता है। आप अपने शरीर से जो कुछ भी करते हैं, उससे आपके मन के साथ भी कुछ होता है। किताब पढ़ने से यह समझ प्राप्त नहीं होगी।

# कोयला और चंदन



संकलित
## प्रेरणा

चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया। बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा-देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया। अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ। बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया। उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो। बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा। मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो वह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, देखा तुमने। कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई। गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है। दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकड़ी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है और उनका साथ छूटने पर भी उनके विचारों की महक जीवन भर बनी रहती है।

## सटाका




## आज की पाती

### हिंदी भाषा व साहित्य को विशेष प्राथमिकता मिले

देश, प्रदेश के कुछ विद्यालयों, महाविद्यालयों में ऐसा कुछ संभवतः लापरवाही, भूल से, अल्पज्ञानवश या कभी-कभी जानबूझ कर किया जाता रहता है कि समय सारिणी में हिंदी भाषा और साहित्य के विषय को बहुत पीछे के समय में रखा जाता है। कई बार तो इतना ही बाद का समय (कभी-कभी तो लगभग सबसे अंतिम पीरियड) रखा रहता है कि तब तक स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी चार-पांच घंटों के शिक्षण व अध्ययन के पश्चात बहुत थक कर, ऊबते हुए, ऊर्जाविहीन होकर ही हिंदी भाषा व साहित्य की कक्षा में आते हैं। ऐसी परिस्थितियों में हिंदी को न्यूनतम महत्व ही मिल पाता है। भारत सरकार व सभी राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हिंदी भाषा व साहित्य का महत्व, गौरव व सम्मान हमेशा बना रहे। *– समीर दीवान, बलौदाबाजार*

## ट्रेंड

### अनेक कदम उठाए



हमारी सरकार ने बाबासाहेब की प्रेरणा को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं, लेकिन संविधान के नाम पर रोटी सेंकने वालों ने उनसे जुड़े स्थानों का ना सिर्फ अपमान किया, बल्कि इतिहास से मिटाने का प्रयास भी किया।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बाबासाहेब को नमन



बाबासाहेब डॉ भीमराव आंबेडकर को उनकी जयंती पर सादर नमन। देश के लोकतंत्र को मज़बूत करने के लिए, हर भारतीय के समान अधिकारों के लिए, हर वर्ग की हिस्सेदारी के लिए उनका संघर्ष और योगदान हमेशा हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा।
**-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**

### कड़े कानून बनाने चाहिए



कई प्राइवेट स्कूल मनमानी तरीके से हर साल फीस बढ़ा देते हैं, जिससे आम परिवारों के लिए बच्चों की पढ़ाई बोझ बन जाती है। किताबें-नोटबुक, यूनिफॉर्म स्कूल से ही महंगे दामों पर ख़रीदने को मजबूर किया जाता है। इस पर कड़े कानून बनाने चाहिए।
**-स्वाति मालीवाल, पूर्व अध्यक्ष डीसीडब्ल्यू**

### नवाचार साझेदारी मजबूत होगी



विश्व स्तर पर दूसरे सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय और क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में यूके के शीर्ष स्थान पर, बेंगलुरु भारत के पहले इंपीरियल कॉलेज हब को देखने के लिए उत्सुक है, जो भारत-यूके वैज्ञानिक, शिक्षा और नवाचार साझेदारी को मजबूत करेगा।
**-किरण मजूमदारशॉ, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# शुल्क युद्ध से किसी की जीत नहीं : शी जिनपिंग



चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस हफ्ते दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के दौरे पर निकले हैं। उन्होंने सोमवार को सबसे पहले वियतनाम की यात्रा की। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देशों पर भारी शुल्क (टैरिफ) लगाकर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को झटका दिया है। ट्रंप ने कुछ देशों पर लगाए शुल्कों पर फिलहाल विराम लगा दिया है, लेकिन चीन को इससे कोई राहत नहीं मिली है। ट्रंप ने दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था यानी चीन पर 145 प्रतिशत तक के भारी शुल्क अब भी लागू कर रखे हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने वियतनाम और चीनी के आधिकारिक मीडिया में संयुक्त रूप से प्रकाशित संपादकीय में लिखा, व्यापार युद्ध या शुल्क युद्ध में कोई विजेता नहीं होता है। उन्होंने लिखा, हमारे दोनों देशों को बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली, स्थिर वैश्विक औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखलाओं और खुले एवं सहकारी अंतरराष्ट्रीय वातावरण की दृढ़ता से रक्षा करनी चाहिए। वैसे तो शी की यात्रा की योजना पहले से ही बनाई गई थी, लेकिन दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं चीन और अमेरिका के बीच शुल्क विवाद के कारण यह यात्रा महत्वपूर्ण हो गई है।

## ऑफ बीट

# कैंसर के अंतिम चरण में मरीज हो जाते हैं उदासीन



कैंसर के अंतिम चरण का एक क्रूर परिणाम यह है कि कई मरीज गहरी उदासीनता में डूब जाते हैं, क्योंकि वे उन गतिविधियों में भी रुचि खो देते हैं जिन्हें वे कभी पसंद करते थे। यह लक्षण दुर्बलता नामक सिंड्रोम का हिस्सा है, जो अंतिम चरण के लगभग 80 प्रतिशत कैंसर रोगियों को प्रभावित करता है। इससे मांसपेशियां बड़े पैमाने पर खत्म होने लगती हैं और वजन घटने लगता है, जिससे पर्याप्त पोषण के बावजूद मरीज की हड्डियां पतली हो जाती हैं। हौंसला पस्त होने से न केवल रोगियों की पीड़ा बढ़ती है, बल्कि उन्हें परिवार और दोस्तों से भी अलग कर देती है। चूंकि, रोगी को कठिन उपचार पद्धतियों को अपनाने में कड़ा संघर्ष करना पड़ता है इसलिए इससे परिवारों पर भी दबाव पड़ता है और उपचार जटिल हो जाता है। डॉक्टर आमतौर पर यह मानते हैं कि जब कैंसर के अंतिम चरण के मरीज जीवन से विमुख हो जाते हैं, तो यह शारीरिक गिरावट के प्रति एक अपरिहार्य मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया होती है। कैंसर से उत्पन्न कमजोरी में उदासीनता की पहेली को सुलझाने के लिए, हमें शरीर में सूजन के सटीक मार्ग का पता लगाने की आवश्यकता थी, तथा रोग के बढ़ने के दौरान जीवित मस्तिष्क के अंदर झांकने की आवश्यकता थी – जो कि लोगों में लगभग असंभव है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# मप्र में दुग्ध समितियों की संख्या अभी 6 हजार, इसे 9 हजार करने की योजना


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों की आय दोगुनी करने एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण कदम उठाया है। एमपी स्टेट को-ओपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के मध्य हुए इस अनुबंध की अवधि 5 वर्ष होगी, जिसका आपसी सहमति से विस्तार किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच सहकार्यता अनुबंध (कोलैबोरेशन एग्रीमेंट) के निष्पादन से दुग्ध उत्पादन में क्रांति आएगी। दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में यह एग्रीमेन्ट प्रदेश सरकार की बड़ी उपलब्धि है। इसके तहत मुख्य रूप से प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाएंगे, दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जाएगी और दुग्ध समितियों की संख्या बढ़ाई जायेगी। इन सबके परिणाम स्वरूप दुग्ध उत्पादकों की आय में अप्रत्याशित वृद्धि होगी।

*डेयरी प्लांट की क्षमता 18 लाख से बढ़ाकर 30 लाख करने की तैयारी*

## किसानों को दूध की सही कीमत दिलाने में मिलेगी मदद



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार के संकल्प पत्र-2023 में प्रदेश में दूध की खरीद सुनिश्चित करने एवं डेयरी किसानों को दूध की सही कीमत दिलाने में मदद मिलेगी। प्रत्येक ग्राम पंचायत में डेयरी सहकारी समिति एवं कलेक्शन सेंटर खोले जाने और श्वेत क्रांति मिशन के तहत 2500 करोड़ के निवेश से प्रत्येक जिले में सांची डेयरी के साथ मिल्क कूलर, मिनी डेयरी प्लांट एवं चिलिंग सेंटर की संख्या में वृद्धि करने का उल्लेख है। इन संकल्पों को पूरा करने में यह अनुबंध महत्वपूर्ण साबित होगा। यह राज्य के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के तहत सहकारी प्रणाली और सांची ब्राण्ड को मजबूत करेगा।

### मप्र में दुग्ध समितियों की संख्या 6 हजार, 9 हजार करने की योजना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दूध की खरीद सुनिश्चित करने एवं सही कीमत दिलाने में मदद के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाएंगे। वर्तमान में प्रदेश में दुग्ध समितियों की संख्या 6 हजार है, जिसे बढ़ाकर 9 हजार किया जाएगा। एक दुग्ध समिति लगभग 1 से 3 गांव में दुग्ध संकलन करती है, 9 हजार दुग्ध समितियां के माध्यम से लगभग 18 हजार ग्रामों को कवर किया जा सकेगा। दुग्ध संकलन भी 10.50 लाख किग्रा प्रतिदिन से बढ़कर 20 लाख किग्रा प्रतिदिन हो जाएगा।

### डेयरी प्लांट की क्षमता 18 लाख से बढ़ाकर 30 लाख करने की तैयारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि एनडीडीबी ने दुग्ध उत्पादक संस्थाओं (एमपीओ) के माध्यम से कवर किए गए गांवों को 1390 से बढ़ाकर 2590 किया जाएगा। दूध की खरीद को 1.3 लाख से बढ़कर 3.7 लाख लीटर प्रतिदिन किया जाएगा। साथ ही दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जाएगी। वर्तमान में डेयरी प्लांट की क्षमता 18 लाख लीटर प्रतिदिन है, जिसे बढ़ाकर 30 लाख लीटर प्रतिदिन किया जाएगा। इस तरह अगले 5 सालों में लगभग 1500 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। दुग्ध उत्पादकों की कुल वार्षिक आय 1700 करोड़ रुपए से दोगुना कर 3500 करोड़ रुपए किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

### सांची ब्रांड होगा और अधिक सशक्त

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड ने कहा कि प्रदेश के सांची ब्रांड को और सशक्त किया जाएगा। इसे राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित ब्रांड के नाम में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। दुग्ध संघ के प्रबंधन एवं संचालन के लिए प्रबंधन शुल्क और नवीन प्रसंस्करण एवं अधोसंरचनाओं के विकास के लिए भी कोई परामर्श शुल्क नहीं लिया जाएगा। जरूरत के अनुसार तकनीकी एवं प्रबंधन विशेषज्ञों को अपने पैरोल पर दुग्ध संघ में पदस्थ किया जाएगा। अमले का हित संरक्षण भी किया जाएगा। दुग्ध सहकारी समितियां से संबद्ध डेयरी किसानों की शिकायतों के निराकरण के लिए शिकायत निवारण प्रणाली भी विकसित की जाएगी।

---

### भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर प्रदेशभर में आयोजित गए कार्यक्रम

# बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से देश को एक सूत्र में बांधा : विष्णुदत्त

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बोर्ड ऑफिस चौराहे पर बाबा साहेब को अर्पित किए श्रद्धासुमन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार को भोपाल सहित प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बोर्ड ऑफिस चौराहे पर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और नगर निगम द्वारा स्थापित सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होने संविधान को नमन कर अजा मोर्चा द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज बाबा साहब आंबेडकर की जयंती हम सभी के लिए अत्यंत महत्वूपर्ण है।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए बाबा साहब की जयंती सिर्फ 14 अप्रैल तक सीमित नहीं रहती बल्कि ये अखिल भारतीय स्तर के कार्यक्रमों में शामिल है और बूथ-बूथ पर पार्टी कार्यकर्ता डॉ. आंबेडकर की जयंती मनाते हैं। डॉ. आंबेडकर एक विजनरी नेता थे और उन्होंने अपने बड़े मन से देश की एकता-अखंडता के लिए काम करते हुए संविधान के माध्यम से देश को एक सूत्र में बांधने का काम किया।

*प्रदेश अध्यक्ष ने सार्वजनिक प्याऊ का किया शुभारंभ*

*संविधान को नमन कर सभा को किया संबोधित*



### बाबा साहेब ने किया कांग्रेस के एजेंडे का विरोध

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि जब पं. जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में पहली सरकार बनी, तो पं. नेहरू ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 लगाने का प्रावधान हमारे संविधान में कर दिया। इसमें ये प्रावधान था कि जम्मू-कश्मीर का संविधान अलग होगा, वहां का प्रधानमंत्री अलग होगा और वहां का झंडा भी अलग होगा। इसके साथ ही इसमें यह भी प्रावधान भी था कि अगर किसी सफाईकर्मी का बच्चा योग्य भी है, तब भी वह कुछ और नहीं बन सकेगा, उसे अपना परंपरागत व्यवसाय ही करना होगा। इस भेदभाव का डॉ. आंबेडकर ने पुरजोर विरोध किया। देश की आजादी के बाद 75 वर्षों तक किसी ने इस भेदभाव की चिंता नहीं की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाकर दलित भाई-बहनों के साथ हो रहे भेदभाव को खत्म किया और उन्हें अधिकार प्रदान किए।

### प्रदेश कार्यालय में अर्पित किए श्रद्धासुमन



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, एसएस उप्पल एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी उपस्थित रहे।

### मंत्री विजयवर्गीय ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



*मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर डॉ. आंबेडकर नगर (महू) में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, प्रदेश महामंत्री व सांसद कविता पाटीदार सहित अन्य उपस्थित रहे।*

### बाबा साहब ने देश को संविधान दिया, कांग्रेस ने सदैव उनका अपमान किया : हितानंद



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने सोमवार को देवास जिले उज्जैन चौराहे पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया एवं सोनकच्छ विधानसभा के ग्राम टोंककला में वीर भारतीय सेवा बस्ती में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान में सहभागिता कर उपस्थित जनों से बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश को संविधान दिया, जिस संविधान के तहत आज देश आगे बढ़ रहा है। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने आजादी के बाद से ही बाबा साबह को अपमानित करने का कार्य किया, इतना ही नहीं उन्हें चुनाव हराने का भी पाप कांग्रेस के नेताओं ने किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकारें बाबा साहब के सपनों को साकार कर रही हैं।

### वंचित लोगों को मूलधारा से जोड़ने का काम बाबा साहेब ने किया: पीसी शर्मा



**भोपाल।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर प्रदेशभर में कांग्रेस द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने महूं में बाबा साहेब की जन्मस्थली पर, वहीं कांग्रेसजनों ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सहित सभी जिला मुख्यालयों पर बाबा साहेब की जयंती पर उनकी प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया एवं उनके संघर्षमयी जीवन पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा ने कहा कि आजादी के बाद देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पंड़ित जवाहर लाल नेहरू, मौलाना अबुल कलाम आजाद सहित तमाम नेताओं के सहयोग से सर्वहारा वर्ग के उत्थान के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान का निर्माण कर उसे 1950 में लागू किया गया। संविधान की मूलधारा से जोड़कर अजा, अजजा, पिछड़ा और यहां तक कि सामान्य वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुये प्रत्येक नागरिक को आजादी से रहने के मौलिक अधिकार दिये गये।

### मंत्री पटेल ने गंजबासोदा में किया माल्यार्पण



मंत्री प्रहलाद पटेल ने विदिशा जिले के गंजबासौदा के लाल पठार गांव में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, संदीप डोंगर सिंह एवं डॉ. राकेश जादौन उपस्थित रहे।

### बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चलने दृढ संकल्पित: रानी



**भोपाल।** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्मोत्सव आम आदमी पार्टी ने समूर्ण प्रदेश में जिला एवं विधानसभा स्तर पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया। आप प्रदेश अध्यक्ष एवं सिंगरोली महापौर रानी अग्रवाल ने कहा कि एक ओर बाबा साहेब ने विभिन्नता वाले देश में जहां पग-पग पर भाषा ,संस्कृति, रीति रिवाज, मजहब, जात-पात अलग-अलग है, ऐसे विभिन्नता वाले देश में संविधान निर्माण का अद्वितीय कार्य बाबा साहब ने किया है। यह वंदनीय है। आज इस अवसर पर हम संकल्प लेते है कि संविधान रक्षार्थ आम आदमी पार्टी का एक-एक सिपाही तन, मन, धन से जीवन पर्यन्त संविधान की रक्षा करने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर देगा।

---

### बोले-आजादी के लिए वर्षों करना पड़ा संघर्ष




## मुख्यमंत्री ने दिलाई प्रोफेसर्स और छात्रों को संविधान में आस्था रखने की शपथ

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज भारतीय संविधान सभा के फाइनल प्रारूप समिति के अध्यक्ष बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती है, जिन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. यादव ने कहा कि भारत को आजादी एक दिन में नहीं मिली। इसके लिए हमें वर्षों संघर्ष करना पड़ा। पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी से लेकर कई क्रांतिकारियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर वर्षों की गुलामी की बेड़ियों से देश को आजाद कराया। भारत का संघर्ष काल एक हजार वर्ष से भी अधिक पुराना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को इंदौर में डॉ बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जयंती एवं भारतीय संविधान सभा के 75 वर्ष पूर्ण होने पर इंदौर के रवीन्द्र नाट्यगृह में आम नागरिक शपथ विधि समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने की।

**इंदौर के रवीन्द्र नाट्यगृह में आम नागरिक शपथ विधि समारोह**

### छात्रों ने किया 'मेरा संविधान-मेरा भारत' का उद्घोष

*इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान की लोकतांत्रिक परम्पराएं, राष्ट्र की एकता और अखण्डता को अक्षुण्ण बनाए रखने की शपथ दिलायी। छात्रों ने 'मेरा संविधान-मेरा भारत' के उद्घोष लगाए। मुख्यमंत्री ने छात्रों और प्रोफेसर्स के साथ संविधान विषय पर संवाद किया। समारोह में मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, डॉ. महेन्द्र सिंह, विधायक मधु वर्मा और रमेश मेंदोला, अक्षय कांति बम, सुमित मिश्रा, नरेन्द्र सलूजा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।*

---

### कृषि मंत्री ने डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत अपनी आईडी बनवाई

# किसानों की सभी जरूरतों का समाधान है किसान डिजिटल आईडी: शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को विदिशा में डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत अपनी किसान आईडी बनवाई। इस कार्यक्रम के दौरान चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा डिजिटल कृषि मिशन की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त आत्मनिर्भर और तकनीक सक्षम बनाना है।

इस मिशन के अंतर्गत सभी किसानों की एक डिजिटल पहचान होगी उनको फार्मर आईडी प्रदान की जाएगी और इसमें किसानों की खेती संबंधी और सभी जानकारियां एक ही स्थान पर होंगी। मतलब जमीन कौन सा रकबा है, उसके परिवार में कौन-कौन सदस्य हैं, उसने कौन सी फसल बोई है उसकी मिट्टी का स्वास्थ्य कैसा है, मिट्टी में कौन-कौन से तत्व हैं, सॉइल हेल्थ कार्ड की जानकारी उसके पास खेती के अलावा पशुधन या और कोई संपत्ति है तो उसकी जानकारी भी होगी और इसका लाभ क्या है? चौहान ने कहा कि उसका सबसे बड़ा लाभ ये है कि अभी हर योजना का लाभ लेने के लिए किसान को अलग-अलग जगह कागज की औपचारिकता पूरी करनी होती है, मान लीजिए फसल में नुकसान हो गया तो उसको बहुत से विवरण कार्यों में सबमिट करना पड़ता था। बैंक से लोन लेना है कई दिन लगते थे कागज बनवाने में फिर बैंक मैनेजर के पास ले जाने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब फार्मर आईडी में सारी जानकारी एक ही जगह, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सीधे खाते में पैसा आएगा कुछ करने की जरूरत नहीं है, बैंकों से लोन लेना है 5 मिनट में फार्मर आईडी दिखाएगा सारा विवरण सामने आ जाएगा, बैंक लोन स्वीकृत कर देंगे, कौन सी फसल बोई है से लेकर सारी जानकारी रहेगी, फसल बीमा का लाभ तत्काल मिल जाएगा और सही व्यक्ति को मिलेगा।

### अब तक 5.5 करोड़ से अधिक आईडी

*उन्होंने कहा कि खेती संबंधी और अन्य योजनाओं का लाभ भी किसानों तक ठीक ढंग से पहुंचे इसलिए जरूरी है आप फार्मर आईडी बनवाएं, एक जगह सारा विवरण जिसे कोई इधर-उधर नहीं कर सकता, कई बार धन्ना की जमीन पन्ना के नाम हो जाती है पता ही नहीं चलता, अब ये संभव ही नहीं है और ये फार्मर आईडी में जो जानकारी है वो सब गोपनीय है । किसान चाहेगा तो ही साझा की जाएगी, चौहान ने कहा कि सभी किसान भाइयों से विनम्र आग्रह है, अपील है केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर फार्मर आईडी बनाने का अभियान चला रही है, आईडी में दी गई जानकारी गोपनीय रहेगी और किसान के चाहने पर ही साझा की जाएगी। अब तक देश में 5.5 करोड़ से अधिक किसानों की आईडी बन चुकी है, जिसमें मध्य प्रदेश के 78 लाख किसान भी शामिल हैं। श्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों से एक जगह सारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान आईडी बनवाने की अपील की।*

### पुलिसकर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए बताए विभिन्न उपाय

# पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मंत्रालय में ध्यान सत्र संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मंत्रालय (वल्लभ भवन) में तीन दिवसीय (12 से 14 अप्रैल) 'ध्यान सत्र' का प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को समापन हुआ।

हार्टफुलनेस टीम ने पुलिसकर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य, एकाग्रता एवं मानसिक लाभ के लिए विभिन्न उपायों से अवगत कराया। यह भी बताया कि ध्यान को अपने जीवन का अमूल्य हिस्सा बनाएं, जिससे खुद भी स्वस्थ रहे एवं अपने परिवार को भी निरोगी रख सकें। इस दौरान हार्टफुलनेस टीम ने विभिन्न ऑडियो-वीडियो विजुअल एवं प्रैक्टिकल सेशंस लिए गए। 'ध्यान सत्र' का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को दैनिक जीवनचर्या में मानसिक शांति, एकाग्रता तथा आंतरिक संतुलन प्राप्त करने में सहायता प्रदान करना था। इस अवसर पर मंत्रालय के मुख्य सुरक्षा अधिकारी अविनाश शर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त (सुरक्षा) एवं संस्थान के मास्टर ट्रेनर प्रभाकर दास, संगीता दास, अरविन्द एवं डॉ. नील सहित वल्लभ भवन, सतपुड़ा एवं विंध्याचल के समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### यह कानून-व्यवस्था की बदहाली का प्रमाण

# देवास मंदिर कांड में पुलिस की निष्क्रियता से प्रदेश शर्मसार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा है कि धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी देवास में चामुंडा माता मंदिर की पवित्रता को भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के बेटे रुद्राक्ष शुक्ला ने अपने गुंडों के साथ मिलकर तार-तार कर दी है। उन्होंने अपनी लक्जरी गाड़ी क्रमांक एमपी09 डब्ल्यूएल 0009 और 10 से अधिक अन्य वाहनों के काफिले के साथ मंदिर पर धावा बोला। मंदिर के पट बंद होने के बावजूद, उन्होंने जबरन पट खुलवाने की मांग की, पुजारी और उनके परिवार के साथ गाली-गलौज की, और मारपीट कर मंदिर की गरिमा को ठेस पहुंचाई।

### पिछले दो महीनों में 21 जिलों में निरीक्षण कर दोषियों पर कार्रवाई की गई

# पीडब्ल्यूडी में पहली बार निरीक्षण की सॉफ्टवेयर आधारित प्रणाली, गोपनीय कोडिंग और सैंपलिंग प्रक्रिया हुई लागू

हरिभूमि न्यूज. भोपाल

मप्र में लोक निर्माण विभाग के अधीन 80,775 किमी लंबा सड़क नेटवर्क क्रियाशील है, जिसमें 9,315 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग, 11,389 किमी राज्य राजमार्ग, 25,639 किमी मुख्य जिला मार्ग तथा 34,432 किमी अन्य जिला मार्ग शामिल हैं। पहली बार खुद प्रमुख अभियंता (ईएनसी) ने सड़कों पर उतर कर निरीक्षण व निर्माण में सख्ती बरतना शुरू किया है।

पिछले दो महीनों में 21 जिलों में 104 निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर दोषियों पर कार्रवाई की गई। पीडब्ल्यूडी के ईएनसी केपीएस राणा ने बताया कि निरीक्षण की सॉफ्टवेयर आधारित प्रणाली, गोपनीय कोडिंग और सैंपलिंग प्रक्रिया लागू की गई है। उन्होंने बताया कि राज्य



सरकार ने ग्वालियर, जबलपुर, भोपाल और इंदौर जैसे प्रमुख शहरों में एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण को प्राथमिकता दी है। इसके साथ ही नर्मदा प्रगतिपथ, विंध्य एक्सप्रेसवे, मालवा-निमाड़ कॉरिडोर, अटल प्रगतिपथ, बुंदेलखंड और मध्य भारत विकास पथ जैसी छह प्रमुख परियोजनाएं शुरू की गई हैं, जो प्रदेश के पिछड़े अंचलों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ेंगी।

### 474 पुलों-फ्लाईओवरों के कार्य प्रगति पर

पिछले 14 महीनों के दौरान 6,400 करोड़ की लागत से 5,500 किमी सड़कों का निर्माण एवं मजबूतीकरण, 345 करोड़ से 1,500 किमी का डामरीकरण तथा 2,000 करोड़ से 110 पुलों और एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण किया गया है। वर्तमान में 22,500 करोड़ की 10,000 किमी सड़कों एवं 10,463 करोड़ रुपए से 474 पुलों और फ्लाईओवरों पर कार्य प्रगति पर है। प्रदेश के लगभग सभी राष्ट्रीय राजमार्गों को फोर लेन में बदलने के तहत अब तक 4,740 किमी मार्गों का फोर लेन में उन्नयन तथा शेष 3,050 किमी पर कार्य जारी है।

### एनएचएआई के साथ 22 परियोजनाओं का समझौता

*मप्र शासन और एनएचएआई के बीच एक लाख करोड़ की लागत से 4,010 किमी की 22 नई सड़क परियोजनाओं के लिए समझौता हुआ। इसमें इंदौर-भोपाल व भोपाल-जबलपुर हाईस्पीड ग्रीनफील्ड कॉरिडोर, लखनऊ-रायपुर एक्सप्रेसवे, आगरा-ग्वालियर, उज्जैन-झालावाड़, सतना-चित्रकूट और रीवा-सीधी जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं।*

# सांस्कृतिक आयोजन और स्वच्छता अभियान चलाकर मनाई आंबेडकर जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर सोमवार सुबह गांधी पार्क अर्जुन नगर स्थित बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया एवं स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। भाजपा के आंबेडकर कार्यक्रम के प्रभारी माखन परमार एवं मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर एवं भाजपा नेता नरेंद्र शर्मा गुड्डू, राजेंद्र साहू पार्षद, आमिर सना, ममनून, सुजीत यादव, रामेश्वर नाग, मनोज चौरसिया, इंग्लेश यादव, धर्मेंद्र चौरसिया, पदम चौहान, सोनू चौकसे, समेत समस्त वरिष्ठ नेतागण एवं युवाओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं स्वच्छता अभियान में भी शामिल हुए।

## बाबा भीमराव आंबेडकर का किसी न किसी रूप में अपमान होता देख दुख होता है: डागा

संतनगर। आज देश के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती 12 नंबर स्थित वाल्मिकी मंदिर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाईं गई। इस अवसर पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनोखीलाल पटेल, पूर्व विधायक जितेन्द्र डागा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक मारण, घनश्याम लालवानी, दिनेश मेघानी, जीतू बलवा, सोनू तोमर, विष्णु मारण, आत्माराम सूर्यवंशी, महेश गुरबानी, सुरेश सिंगरोली, जगदीश सांवले, राजू अहिरवार, धीरज गोस्वामी, राजकुमार धानुक, उपस्थित थे। पूर्व विधायक जितेन्द्र डागा ने कहा कि आज दुख होता जब सत्ता में बैठी पार्टी बाबा भीमराव आंबेडकर का किसी न किसी रूप में अपमान करती है।



अशोक मारण ने कहा कि आज सत्ता में बैठी पार्टी बाबा साहेब के बने हुए संविधान को बदलने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर बबलू टेकचंदानी, कयूम खान, डीके सरसवार, राजेश लोहट,जीतू शाक्य, जमना, रमेश भैरव, सहदेव पारोचे, सतीश करोसिया, दीपक माचल, मनीष गिल, रतन सचना, सरफराज सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन एवं स्थानीय रहवासी उपस्थित थे।

## बाबा साहेब के महान व्यक्तित्व और उनके कार्यों को याद किया गया

**डॉ. आंबेडकर को बताया सामाजिक न्याय के पुरोधा**



◆ नजीराबाद में चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नजीराबाद

डॉ भीमराव आंबेडकर बाबा साहेब की 134वीं जयंती पर नजीराबाद में सामाजिक संगठनों द्वारा ग्राम पंचायत हॉल में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नजीराबाद थाने के एसआई पीएस किरार ने की। वहीं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ समाजसेवी चित्रांश स्कूल के संचालक ने बाबा साहब के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डॉ. आंबेडकर एक महान व्यक्ति थे, जिन्होंने भारतीय समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में समस्त वरिष्ठजनों के साथ समस्त संगठनों के बंधुजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## आंबेडकर सोसाइटी के तत्वावधान में मनाई बाबा साहेब की जयंती



मण्डीदीप। औद्योगिक नगरी में डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती हर्ष उल्लास के साथ मनाते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें खजुराहो-छतरपुर से बुंदेलखंडी कलाकार बाबूलाल मस्ताना, ऋषि मस्ताना ने बाबा साहब के विचारों को अपने गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया। आंबेडकर सोसाइटी के अध्यक्ष हरभजन जांगड़े व कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम चिंतामन ने बताया कि आंबेडकर जयंती लोकगीतों के नाम रही। मंच से आकाशवाणी और टीवी कलाकारों द्वारा बुंदेलखंडी लोकगीतों की रंगारंग प्रस्तुति देकर धमाल मचाया और श्रोताओं का हास्य एवं परिहास के माध्यम से मनोरंजन किया। लोकगीत पार्टी के कलाकारों का समिति के सदस्यों ने तिलक कर स्वागत किया। उनके द्वारा गाए गए लोकगीत जिदंगी में हजारों का मेला मिलाए, हंस जब भी उड़ा तो अकेला उड़ा को श्रोताओं ने सराहा।

### भजनों की हुई शानदार प्रस्तुति

बाबूलाल मस्ताना द्वारा मां अन्नपूर्णा को समर्पित भजन जगत में पहले नाम तिहारो बहुत ही सुन्दर भजन गया। समाज सेवियों का स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र माला एवं मेडल से सम्मान किया गया। वहीं संत शिरोमणि गुरू रविदास मंदिर सेवा समिति 22 गांव द्वारा दोपहर 12 बजे डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134 वीं जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

## खबर संक्षेप



### 43 परीक्षार्थियों ने दी स्वाध्याय की परीक्षा

औबेदुल्लागंज। श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष में द्वादश वर्षीय स्वाध्याय पाठ्यक्रम की सत्र 2024-25 की वार्षिक परीक्षा का आयोजन पर्यवेक्षक विवेक जैन, तरुण जैन, संत कुमार जैन, चंद्रभान जैन, अध्यक्ष सुनील जैन तामोट आदि के मार्गदर्शन में किया गया। इस परीक्षा में 43 परीक्षार्थी शामिल हुए।

### तस्कर से पांच किलो गांजा जब्त, गिरफ्तार




भोपाल। क्राइम ब्रांच ने लालघाटी गेस्ट हाउस के पीछे से एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 4 किलो 900 ग्राम गांजा जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर गांजे के बारे में पूछताछ की जा रही है। क्राइम ब्रांच के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि गेस्ट हाउस के पीछे लालघाटी पर एक संदिग्ध थैले में गांजा लिए घूम रहा है। क्राइम ब्रांच की टीम मुखबिर के बताए ठिकाने पर पहुंची तो एक संदिग्ध बैठा हुआ नजर आया। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अन्नू उर्फ अनवर (62)मदर इंडिया कॉलोनी ईदगाह हिल्स शाहजहांनाबाद बताया। अनवर की थैली की तलाशी ली गई तो दो पैकेटों में कुल 4 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद किया।

### मेन रोड पर लगा जाम पुलिस नदारद



औबेदुल्लागंज। नगर के मुख्य मार्ग पर सोमवार को जाम लग गया। वहीं इसे खुलवाने के लिए कोई भी पुलिसकर्मी नजर नहीं आया। जाम लगने से राहगीर परेशान हो जाते हैं। आम नागरिकों की यह सबसे ज्वलंत समस्या है। दिन में कई बार जाम लग जाता है और पुलिस नदारद रहती है। एसडीओपी शीला सुराणा पत्रकारों से चर्चा के दौरान और शांति कमेटी की बैठक में कह चुकी हैं कि पुलिस मोबाइल वाहन को दिन में बस्ती में गश्त करना चाहिए, लेकिन कोई असर होता नहीं दिखता।

### भाजपा नेता गौर ने दिया गोसेवा का संदेश



औबेदुल्लागंज। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश गौर ने गाय माता को रोटी खिलाते हुए कहा, गाय की सेवा करना, मूक पशुओं को रोटी खिलाना, पानी पिलाना पुण्य का कार्य है। प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन 15 से 20 मिनट मूक पशुओं की सेवा करनी चाहिए। इससे धर्म बढ़ेगा, शांति समृद्धि आएगी।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल। ईटखेड़ी थाना क्षेत्र के गांव रायपुर में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार 21 साल की साधना पिता सतीराम सिलावट रायपुर गांव में रहती थी। वह बीए सेकंड ईयर पास थी। साधना मंडीदीप में प्राइवेट नौकरी करती थी, लेकिन एक अप्रैल को उसने नौकरी छोड़ दी थी। रविवार को उसके माता-पिता रिश्तेदार के घर भंडारे में शामिल होने गए थे। रात 9 बजे लौटे तो साधना फांसी के फंदे पर लटकी मिली। परिजन ने बताया कि नौकरी छोड़ने के बाद से ही गुमसुम रहने लगी थी।

## ऑनलाइन टास्क जॉब देने के लिए टेलीग्राम पर बनाते हैं ग्रुप

# ऑनलाइन जॉब में मुनाफे का झांसा देकर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

**साइबर क्राइम ब्रांच की टीम को मिली सफलता**

◆ लाभ का प्रलोभन देकर विड्रॉल करने के नाम पर ऐंठ ली 5 लाख 95 हजार रुपए की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल





साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने टास्क कंपलीट करने के नाम झांसा देकर रुपए ऐंठने वाले दो आरोपियों को अहमदाबाद (गुजरात), श्रीडूंगरगढ़ जिला बीकानेर (राजस्थान) से गिरफ्तार किया। जालसाजों ने प्रकृति गार्डन बावड़िया कलां में रहने वाली एक महिला को ऑनलाइन जॉब में लाभ कमाने का प्रलोभन देकर टास्क कंपलीट करने टेलीग्राम ग्रुप पर जोड़ा था। बाद में लाभ को विड्रॉल करने के नाम पर 5 लाख 95 हजार रुपए उनसे ऐंठ लिए थे।

जानकारी के अनुसार पीड़िता पूजा द्विवेदी पति बालेन्द्र द्विवेदी, प्रकृति गार्डन बावड़िया कलां भोपाल में रहती हैं। उन्होंने सायबर क्राइम ब्रांच में एक शिकायती आवेदन दिया था। आवेदन के माध्यम से उन्होंने बताया कि 7 नवंबर 2024 को उनके टेलीग्राम पर मैसेज आया। मैसेज में घर बैठे ऑनलाइन जॉब के माध्यम से फ्लाईट की टिकट बुक कर फाइव स्टार रेटिंग देने पर रुपए कमाने का लालच दिया गया। इसके बाद अज्ञात टेलिग्राम ग्रुप पर उन्हें जोड़ लिया गया। जिसमें घर बैठे टॉस्क कंपलीट करने के नाम पर उनसे रुपए डिपाजिट करवाए गए। विड्राल कराने के नाम पर अधिक राशि डिपाजिट करने उनसे 5 लाख 94 हजार 795 रुपए खाते में डिपाजिट करवा लिए गए। साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने प्रकरण दर्ज कर तकनीकी जांच की। जांच के बाद पुलिस ने अहमदाबादी कनकभाई पिता निमेश भाई (32) गीता नगर, सोसायटी चमनपुरा अहमदाबाद गुजरात और हंसराज गोदारा पिता ओमप्रकाश गोदारा (22) उपनी श्रीडूंगरगढ़ राजस्थान को गिरफ्तार किया। आरोपी अहमदाबादी कनकभाई महज दसवीं कक्षा तक पढ़ा है और खाते किराए पर देता था और बेचता था। इसी प्रकार हंशराज 12वीं पास है और सायबर ठगों को खाते किराए पर देता था और बेचता था।

### इस तरह करते थे वारदात

आरोपियों द्वारा घर बैठे ऑनलाइन जॉब दिलाने के नाम पर टेलीग्राम में ज्वाइन कराया जाता है और टेलीग्राम चेनल से फ्लाइट टिकट बुक कर रेटिंग देने का टास्क दिया गया था, जिसके लिए फेक वेबसाइट का लिंक भेजकर रजिस्ट्रेशन कराया जाता था। कम रुपए डिपाजिट करवाकर अधिक रकम पीड़िता के खाते मे भेजी जाती है, जिससे विश्वास हो जाने पर पुनः ऑनलाइन जॉब में टास्क कंपलीट करने पर प्रॉफिट दिलाने के नाम पर मोटी रकम कमाने का लालच दिया जाता था। इस प्रकार घटना को अंजाम दिया जाता था।

## पुलिस ने एसिड अटैक की फर्जी शिकायत का किया खुलासा

# सुतली बम जलाते समय झुलसा चेहरा पड़ोसी को फंसाने रची फर्जी कहानी

◆ पिपलानी थाना क्षेत्र की घटना का कुछ ही दिनों में पटाक्षेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



पिपलानी पुलिस ने एसिड अटैक की फर्जी शिकायत का भंडाफोड़ कर दिया है। युवक का मुंह एसिड से नहीं झुलसा था, बल्कि सुतली बम जलाते समय उसका मुंह झुलसा था। मुंह झुलसने के बाद युवक ने पड़ोसी को फंसाने के लिए एसिड अटैक की झूठी कहानी रच दी। पुलिस ने उक्त मामले में झूठी शिकायत दर्ज कराने वाले युवक पर प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार दौलतपुरा, कोकता निवासी सूरज शर्मा (19) फेब्रिकेशन का काम करता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया था कि 4 अप्रैल शुक्रवार शाम उसकी गाय जंगल से घर नहीं लौटी। वह गाय को जंगल लेने पहुंचा। इस दौरान उससे 100 मीटर की दूरी पर उसका भाई गौरव भी था। सूरज का कहना था कि दो बाइक पर चार लोग आए और उसके चेहरे पर एसिड फेंककर चले गए। पुलिस ने गौरव से पूछताछ की तो उसने बताया कि आटो में सवार होकर युवक आया और उसने बड़े भाई सूरज पर कोई लिक्विड फेंक दिया। वह भाई के पास पहुंचता जब तक आटो वाला और युवक फरार हो चुके थे। वह भाई को अस्पताल लेकर पहुंचा। वहां उसका इलाज चल रहा है।

### बयान में था विरोधाभास

आनंद नगर चौकी प्रभारी एसआई संतोष रघुवंशी ने बताया कि दोनों भाइयों के बयान में विरोधाभास थे, लेकिन सूरज का चेहरा झुलसा हुआ था। लिहाजा पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि सूरज ने अपने पड़ोसी से विवाद का बदला लेने एसिड अटैक की कहानी रची है।

### सीसीटीवी कैमरे में बताया गया आरोपी आया नजर

सूरज ने जिस पर एसिड अटैक करने के आरोप लगाए थे पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पता चला कि घटना के समय वह जिस दुकान में काम करता है उसी दुकान में था। दुकान के सीसीटीवी फुटेज मालिक ने पुलिस को सौंपे थे। पुलिस ने बयान और सीसीटीवी फुटेज में सूरज द्वारा बताए गए आरोपी की लोकेशन देखी। इसके बाद सूरज से पूछताछ की। सख्ती से पूछताछ करने पर सूरज ने बताया कि वह सुतली बम जला रहा था। बम सीड़न से जल नहीं रहा था। उसने कचरे में आग लगाकर रस्सी बम जलाना चाहा, लेकिन कचरा भी जल नहीं रहा था। उसने बाइक से पेट्रोल निकालकर कचरे में छिड़क दिया और माचिस की तीली रगड़ते ही कचरा भभक उठा। इससे उसका चेहरा जल गया था। चेहरा जलने के बाद उसके दिमाग में एसिड अटैक की योजना आई और पड़ोसी को फंसाने उसने एसिड अटैक की कहानी रच दी।

## भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में मंथन

# जिला महामंत्री की दौड़ में चार नामों पर जोरों से चर्चा









हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

भोजपुर क्षेत्र से जिले का महामंत्री कौन बनेगा, इसकी चर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन में जोरों से रही। बाड़ी के पंकज श्रीवास्तव (डब्बू भैया), किसान मोर्चा अध्यक्ष ओपी मीणा, भाजपा उपाध्यक्ष अरविंद जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं जिला प्रतिनिधि चुने गए हेमराज मीणा का नाम भाजपा कार्यकर्ताओं में चर्चा का विषय बना। सभी भाजपा कार्यकर्ता चाहते हैं कि भोजपुर का जिला महामंत्री नया चेहरा हो और सभी भाजपा कार्यकर्ताओं की पसंद हो। ज्ञातत्व हों कि भाजपा के पूर्व महामंत्री से भाजपा के कार्यकर्ता खुश नहीं हैं, इसलिए भाजपा कार्यकर्ता बदलाव चाहते हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच नामों को लेकर मंथन का नतीजा जल्द सामने आ सकता है।

## सरिया चोरी करने वाला गिरोह पकड़ाया, ट्रक सहित माल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डीदीप



औद्योगिक नगर के सतलापुर थाने के तहत बंसल कंपनी के ट्रक से 3.90 लाख रुपए का लोहे का सरिया चोरी करने वाले गिरोह को सतलापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। चोरी गया माल और ट्रक जब्त कर लिया गया है। कंपनी के मैनेजर सुनील कुमार पांडेय ने 8 अप्रैल को थाना सतलापुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि कटीघाटी स्थित कंपनी से छिंदवाड़ा भेजे जा रहे ट्रक क्रमांक एमपी 04 एच आई 8844 से चालक जतिन राजपूत ने अपने साथियों राजकुमार और विशाल के साथ मिलकर सरिये चोरी किए। जांच में मिले साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर आरोपी जतिन राजपूत से चोरी गया सरिया और ट्रक गोल्डन सिटी के पीछे, बिशनखेड़ा के पास से बरामद किया गया। जतिन राजपूत और राजकुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय गौहरगंज में पेश किया गया। गिरोह का एक अन्य आरोपी फरार है। उसकी तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी जतिन राजपूत, उम्र 19 वर्ष, मूल निवासी परकम, थाना फरेह, जिला मथुरा (उ.प्र.) का है। वह वर्तमान में विशाल ट्रांसपोर्ट, मंडीदीप में रह रहा था। दूसरा आरोपी राजकुमार, उम्र 33 वर्ष, ग्राम बिशनखेड़ा, थाना औबेदुल्लागंज का निवासी है।

## इकलामा दीगबाड़ और उमरिया में दिखाई दिया बाघ



औबेदुल्लागंज। औबेदुल्लागंज वन मंडल की रेंज बरखेड़ा के ग्राम इकलामा दीगबाड़ और उमरिया में किसानों ने टाइगर को देखा है। इकलमा के गजेंद्र नागर ने फोन कर मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र नागर को इसकी जानकारी दी। इसके पूर्व तेंदुआ भी घूमता रहा। दो गाय का शिकार कर चुके हैं। इस घटना की सूचना मंडल अध्यक्ष ने विधायक सुरेंद्र पटवा को दी। उन्होंने डीएफओ हेमंत रैकवार को फोन पर बताया। बरखेड़ा रेंजर विकास सूर्य ने बताया कि सूचना मिलते ही वन मंडल टीम घटनास्थल पर लगा दी है।

## शादी का झांसा देकर फेसबुक फ्रेंड से दुष्कर्म, आरोपी पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बाग सेवनिया पुलिस ने मॉल में काम करने वाली 25 साल की युवती की शिकायत पर लिव-इन पार्टनर के खिलाफ दुष्कर्म व दैहिक शोषण समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी से पीड़िता की मुलाकात फेसबुक पर हुई थी। इसके बाद शादी का प्रलोभन देकर आरोपी दैहिक शोषण कर रहा था। गत दिनों पीड़िता को पता चला कि कथित प्रेमी ने किसी अन्य युवती को पसंद कर लिया है और 15 दिन बाद शादी होने वाली है।

पुलिस के अनुसार मूलरूप से जिला बैतूल निवासी 25 साल की युवती यहां बाग सेवनियां इलाके में रहती है और एक मॉल में प्राइवेट नौकरी करती है। साल 2021 में युवती की दोस्ती फेसबुक के माध्यम से लोकेश सिंह ठाकुर से हुई थी। लोकेश आईटीआई पासआउट है और वो भी बैतूल जिले का रहने वाला है। प्रेम-प्रसंग शुरू होने के बाद जून 2024 से युवती और लोकेश लिव-इन में रहने लगे। इस दौरान आरोपी लोकेश ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया और बाद में लगातार दैहिक शोषण करता रहा।

पिछले दिनों युवती को पता चला कि लोकेश उसे धोखा दे रहा है। उसने किसी और लडकी को पसंद कर लिया है और आगामी 30 अप्रैल को उसकी शादी है। यह बात पता चलते ही पीड़िता ने उस पर शादी का दबाव बनाया, लेकिन उसने साफ इनकार कर दिया। पुलिस का कहना है कि इस मामले में जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

## सिम्फ़नी बैंड की धुनों पर झूमा सिंधी समाज

# मेले में चला टप्पू सेना का रॉकिंग जादू

◆ भगवान झूलेलाल की आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

अंतिम दिन दिखा सिंधी समाज का जन सैलाब



सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित सिंधी मेले के अंतिम दिन मेले का हुजूम देखने को मिला, जहां जो खड़ा तो वो वही ठहर गया। मेले की शुरुआत भगवान झूलेलाल की आरती के साथ की गई। आरती के बाद सिम्फ़नी बैंड (शुभम नाथानी) की प्रस्तुति की शुरुआत हुई। उनके सबसे लोकप्रिय गीत "बेडो त मुहिजे लाल जो, आसा सिंधी आहियू माडू, सिंधी अबाडी बोली, जिसे सुनते ही दर्शक मस्त हो गए। इसके बाद 'धूम पिचक', 'आना मेरी गली', 'कभी आना तू मेरी गली' और 'अब ना जा' जैसे सुपरहिट गानों ने माहौल को और भी जोशीला बना दिया। इसके बाद तारक मेहता उल्टा चश्मा के फेम टप्पू सेना नीतीश भूलानी (टप्पू) धमित शाह (गोली) समय शाह (गोगी) का जैसे ही मंच पर आगमन हुआ तो पूरा सुंदरवन गार्डन झूम उठा। टप्पू सेना के साथ इस पारिवारिक सिंधी मेले में टीवी कलाकार कृष्णा भट्ट ने भी लोगों का मनोरंजन कर खूब हंसाया।

## हर सोमवार जरूरतमंदों को कराया जाएगा भोजन

# अन्न-जल के बिना मनुष्य का जीवन असंभव: मुकेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर



पूर्ण ज्योति सेवा संस्था भोले के दरबार भूखे को अन्न प्यासे को पानी की सेवा आरंभ की गई। सेवा संस्था के संस्थापक एवं शिव महापुराण कथा वाचक गुरुदेव मुकेश महाराज के मार्गदर्शन में सभी सेवाधारी ने मिलकर इस सेवक कार्य को आरंभ किया। यह सेवा प्रत्येक सोमवार को गरीब और भूखों को भोजन कराकर की जाएगी। मुकेश महाराज ने कहा कि प्रत्येक सोमवार को यह सेवा उन लोगों तक पहुंचाई जाएगी जो लोग बड़ी मुश्किल से दो वक्त का खाना जुटा पाते हैं, इसके लिए अलग-अलग स्थान पर जाकर गरीब व जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया जाएगा। महाराज ने यह भी कहा कि अन्न और जल के बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है, यह मनुष्य की मूल आवश्यकता है। इस सेवा कार्य में स्वामी जी के साथ हीरो फैंस क्लब के अध्यक्ष हीरो हिंदू, भाजपा नेता महेश खटवानी, प्रभु दास मूलचंदानी, नानक ददलानी, शिवांश शर्मा, हरीश छुगानी, महेश छुगानी, हीरो वतनानी, शेरु रिझवानी, राजू रामानी साहित्यकार राकेश तुलसानी, प्रवीण होतवानी, इत्यादि सभी लोग साथ में रहे।



# वक्फ पर पिछली सरकारों ने नहीं किया ईमानदारी से काम विभूतियों को आखिरकार नहीं दिया देश का 'सर्वोच्च सम्मान'

पीएम ने संबोधन की शुरुआत में कहा कि हरियाणा के मेरे भाई-बहनों को मोदी की राम-राम साथियों, आज मैं उस धरती को प्रणाम करता हूं, जहां मां सरस्वती का उद्गम हुआ। जहां मंत्रा देवी विराजती हैं। जहां पंचमुखी हनुमान जी हैं। जहां कपाल मोचन साहिब का आशीर्वाद है। जहां संस्कृति, श्रद्धा, समर्पण की त्रिवेणी बहती है। आज बाबा साहेब आंबेडकर जी की 135वीं जयंती भी है। उनका विजन, उनकी प्रेरणा, निरंतर विकसित भारत की यात्रा में हमें दिशा दिखा रही है।

**मोदी ने किया जलियांवाला बाग हत्याकांड का जिक्र, शंकरन नायर का नाम लेकर कांग्रेस को सुनाई खरी-खोटी**

## पीएम ने यमुनानगर में थर्मल पावर प्लांट की यूनिट और कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास किया

एजेंसी ▶▶ यमुनानगर

पीएम नरेंद्र मोदी ने यमुनानगर में 800 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट की यूनिट और कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाने साधे। उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस का मॉडल है जो पूरी तरह से फेल साबित हो रहा है, दूसरी तरफ भाजपा का मॉडल है, जो सत्य पर चल रहा है। सपना है देश को विकसित भारत बनाने का। यमुनानगर भी इसी तर्ज पर आगे बढ़ रहा है।

पीएम ने संबोधन की शुरुआत में कहा कि हरियाणा के मेरे भाई-बहनों को मोदी की राम-राम साथियों, आज मैं उस धरती को प्रणाम करता हूं, जहां मां सरस्वती का उद्गम हुआ। जहां मंत्रा देवी विराजती हैं। जहां पंचमुखी हनुमान जी हैं। जहां कपाल मोचन साहिब का आशीर्वाद है। जहां संस्कृति, श्रद्धा, समर्पण की त्रिवेणी बहती है। आज बाबा साहेब आंबेडकर जी की 135वीं जयंती भी है। मैं सभी देशवासियों को आंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं देता हूं। बाबा साहेब का विजन, उनकी प्रेरणा, निरंतर विकसित भारत की यात्रा में हमें दिशा दिखा रही है।

### रामपाल ने बेटे की शादी में भी नहीं पहने जूते, नंगे पांव गए थे बारात

**कैथल।** खंड सीवन के गांव खेड़ी गुलाम अली के रामपाल कश्यप ने 14 साल पहले एक संकल्प लिया कि जब तक देश में भाजपा की सरकार नहीं बन जाती और नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बनते, तब तक वह नंगे पांव जीवन व्यतीत करेंगे। गर्मी, सर्दी, वर्षा और यहां तक कि अपने बेटे की शादी में भी उन्होंने जूते नहीं पहने और बारात में नंगे पाव ही शामिल हुए। यमुनानगर में स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब उन्हें अपने हाथों से जूते पहनाए तब रामपाल कश्यप का संकल्प अपनी परिणति तक पहुंचा।






**कर्नाटक सरकार ने एससी-एसटी और ओबीसी के हक को छीन लिया**

### कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति ने मुस्लिमों का भी भला नहीं किया

प्रधानमंत्री मोदी ने जनसभा में कहा कि कर्नाटक सरकार ने एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग के अधिकारों को छीन लिया और धर्म के आधार पर आरक्षण दिया। लेकिन बाबा साहेब आंबेडकर ने साफ कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति ने मुस्लिम समुदाय का भला नहीं किया, बल्कि उन्हें नुकसान ही पहुंचाया है। कांग्रेस ने सिर्फ कुछ कट्टरपंथियों को खुश करने का काम किया।

### कांग्रेस ने सिर्फ कुछ कट्टरपंथियों को ही खुश किया

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ कुछ कट्टरपंथियों को ही खुश किया है। बाकी समाज बेहाल रहा, अशिक्षित रहा, गरीब रहा। इस कुनीति का सबसे बड़ा प्रमाण वक्फ कानून है। पीएम ने आगे कहा कि अब नए वक्फ कानून के तहत किसी भी आदिवासी की जमीन को हिंदुस्तान के किसी भी कोने में उसकी संपत्ति को ये वक्फ बोर्ड हाथ भी नहीं लगा पाएगा। नए प्रावधानों से वक्फ की पवित्र भावना का सम्मान होगा। मोदी ने कहा कि वक्फ के नाम पर लाखों हेक्टेयर जमीन पूरे देश में है। इस जमीन से गरीबों का, बेसहारा महिलाओं-बच्चों का भला होना चाहिए था। आज ईमानदारी से इसका उपयोग हुआ होता तो मुसलमानों को साइकिल के पंक्चर बनाने की जरूरत नहीं होती। इससे सिर्फ भू-माफिया को ही फायदा हुआ। ये माफिया इस कानून के जरिए गरीबों की जमीन लूट रहे थे। सैकड़ों विधवा मुस्लिम महिलाओं ने भारत सरकार को चिट्ठी लिखी, तब जाकर सरकार ने यह बदलाव किया है। हमने इस वक्फ कानून में एक और प्रावधान किया है।



### कांग्रेस ने भारत रत्न नहीं दिया

पीएम ने कहा कि हमें यह नहीं भूलना है कि कांग्रेस ने जब तक वे थे, कांग्रेस ने उन्हें अपमानित किया। 2-2 बार उन्हें चुनाव हरवाया। कांग्रेस सरकार उनको उखाड़ फेंकने में लगी थी। उनको सिस्टम से बाहर रखा गया। वे नहीं रहे, तो कांग्रेस ने उनकी याद तक मिटाने की कोशिश की। विचारों को भी हमेशा के लिए खत्म करना चाहा। कांग्रेस संविधान की भक्षक है। चौधरी चरण सिंह को भी भारत रत्न नहीं दिया।

### उन्होंने उनकी यादों को भी मिटाने की कोशिश की

कांग्रेस उन्हें उखाड़ फेंकना चाहती थी, उन्होंने उन्हें सिस्टम से बाहर रखने की साजिश रची। उन्होंने उनकी यादों को भी मिटाने की कोशिश की। बाबा साहब समानता के पक्षधर थे, लेकिन कांग्रेस ने पूरे देश में वोट बैंक की राजनीति का वायरस फैलाया।

**कांग्रेस शासनकाल में ब्लैकआउट आम बात थी :** पीएम मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज जब देश ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कांग्रेस के शासनकाल ब्लैक आउट आम बात थी।

## औद्योगिक विकास के लिए ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरी

पीएम मोदी ने यमुनानगर में आयोजित एक कार्यक्रम में देश के औद्योगिक और ऊर्जा क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि बिजली देश की उन्नति का आधार है और औद्योगिक विकास, एमएसएमई सेक्टर की तरक्की तथा विश्वस्तरीय उत्पादों के निर्माण के लिए देश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना अनिवार्य है। उन्होंने दीनबंधु चौधरी छोटूराम थर्मल पावर प्रोजेक्ट की तीसरी इकाई की शुरुआत करते हुए कहा कि इससे यमुनानगर को विशेष रूप से लाभ होगा, जहां प्लाईवुड, एल्युमिनियम, कॉपर और पीतल के बर्तनों का निर्माण बड़े पैमाने पर होता है। साथ ही पेट्रोकेमिकल सेक्टर में भी यह क्षेत्र अग्रणी है। बिजली की उपलब्धता बढ़ने से इन सभी उद्योगों को मजबूती मिलेगी और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा।

**जज्बे का नाम शंकरन**

मोदी ने कहा कि देश ने बैसाखी का पर्व मनाया। कल ही जलियांवाला बाग हत्याकांड हुआ था। यह पहलू मानवता के साथ देश के साथ खड़े होने के जज्बे का है। इस जज्बे का नाम शंकरन नायर है। इनका नाम सुना नहीं होगा, लेकिन इस नाम की चर्चा खूब हो रही है। उस जमाने में वे अंग्रेजी सरकार में बहुत बड़े पद पर विराजमान थे।

### हिसार से अयोध्या पहुंची पहली फ्लाइट

पीएम मोदी ने सोमवार सुबह हिसार से अयोध्या के लिए एक वाणिज्यिक उड़ान को हरी झंडी दिखाई थी। 1 घंटे 45 मिनट का सफर करके जब ये फ्लाइट अयोध्या एयरपोर्ट पर पहुंची तो वहां मौजूद लोगों ने हिसार के यात्रियों का स्वागत किया। एयरपोर्ट के डायरेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि सप्ताह में 2 दिन शुक्रवार और रविवार को यह फ्लाइट उड़ान भरेगी। उन्होंने कहा कि इससे हिसार और अयोध्या के बीच व्यापारिक संबंध भी अच्छे होंगे।



---

**खबर संक्षेप**

### राम मंदिर ट्रस्ट को दी तमिलनाडु से धमकी

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या के पुलिस महकमे में उस वक्त खलबली मच गई जब एक ईमेल के माध्यम से राम मंदिर ट्रस्ट को धमकी दी गई। धमकी वाले संदिग्ध ईमेल मामले में जांच की जा रही है। तमिलनाडु से किसी अनजान शख्स ने अंग्रेजी भाषा में धमकी भरा ईमेल भेजा है।



### पड़ा खलल... ततैयों के हमले में 25 लोग घायल

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में एक शादी समारोह के दौरान अचानक ततैयों ने हमला कर दिया। ततैये के हमले से 25 लोग घायल बताए जा रहे हैं। 5 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा शादी समारोह के दौरान परिवार के सभी सदस्य मंदिर पर रस्म पूरी करने के लिए गए हुए थे।



### लोकबंधु अस्पताल में आग, सभी सुरक्षित

**लखनऊ।** जिले में लोकबंधु अस्पताल में सोमवार रात दूसरी मंजिल पर भीषण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप से लिया। धुएं और लपटों से पूरा फ्लोर भर गया। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों ने देर रात तक आग पर काबू पाने की कोशिश करतीं रहीं। सभी 400 मरीजों का रेस्क्यू कर लिया।



---

बंगाल में वक्फ संशोधन कानून पर विरोध का सिलसिला नहीं थम रहा

# मालदा, मुर्शिदाबाद के बाद अब सिलीगुड़ी में फैली हिंसा की आग कई जगह पर जमकर पत्थरबाजी, लूटपाट और आगजनी भी की

बंगाल पुलिस को इनपुट मिले कि हिंसक प्रदर्शन में बांग्लादेश के कट्टरपंथी संगठन एसडीपीआई और अन्य समूहों का हाथ है। इंडियन सेक्युलर फ्रंट के समर्थक पुलिस से भिड़ गए। पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी।



एजेंसी ▶▶ सिलीगुड़ी

पश्चिम बंगाल में वक्फ संशोधन कानून पर विराध का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है.बंगाल में मालदा और मुर्शिदाबाद के बाद अब दार्जिलिंग जिले के सिलीगुड़ी शहर में हिंसा भड़क गई है। चरक पूजा कर रहे लोगों पर हमले की घटना के बाद सिलीगुड़ी नगर निगम के अधीन वार्ड नंबर 4 के ज्योति नगर इलाके में दो पक्षों के बीच भिड़ंत हो गई, जिससे पूरे इलाके का माहौल गरमा गया है।

इलाके में दो कंपनी रैफ के साथ भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। पूरे इलाके में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। दोनों पक्षों के बीच जमकर पत्थरबाजी हुई। इसमें कुछ लोगों को चोटें भी आई है। कई घरों में कांच की खिड़कियां टूट गई है। मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज के जाफराबाद में एक बार फिर हिंसा भड़की, लेकिन पुलिस एवं केंद्रीय सुरक्षा बल के जवाब तुरंत वहां पहुंचे और परिस्थिति पर काबू पाया। कोलकाता में आईएसएफ ने विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई थी, लेकिन पुलिस ने लाठीचार्ज कर उन्हें तितर बितर कर दिया।

## चरक पूजा कर रहे लोगों पर किया गया हमला, दो पक्ष आपस में भिड़े

**आईएसएफ पुलिस से भिड़े**

*शमशेरगंज में घरों में कांच की खिड़कियां टूटीं, पुलिस ने किया तितर बितर*




**लाठी डंडों के साथ आमने-सामने आए दोनों पक्ष**

सिलीगुड़ी पुलिस के डीसीपी (वेस्ट) बीसी ठाकुर, डीसीपी (मुख्यालय) तन्मय सरकार को लेकर पुलिस कमिश्नर सी सुधाकर इलाके में पहुंचे। यहां दोनों पक्षों के लोग लाठी डंडों के साथ आमने-सामने थे। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए दोनों पक्षों को खदेड़ा। इसके बाद दो कंपनी रैफ के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई। पुलिस कमिश्नर सी सुधाकर ने कहा कि एक अफवाह की वजह से दो गुटों मे विवाद हुआ। पत्थरबाजी भी हुई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मोर्चा संभाला। अब स्थिति नियंत्रण में है।

नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु ने कहा

### राष्ट्रपति शासन में कराए जाएं राज्य के विधानसभा चुनाव

नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने मांग की है कि अगले साल बंगाल विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन में कराए जाएं। मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा के दौरान कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। अधिकारी ने कहा कि मुर्शिदाबाद, सुती, धुलियान, जंगीपुर और शमशेरगंज में जो अशांति है, वह राज्य सरकार की नाकामी है कि वह आम नागरिकों की सुरक्षा नहीं कर सकी और शांति व्यवस्था कायम नहीं रख सकी।



### पुलिस सत्ताधारी पार्टी के कैडर की तरह काम कर रही

सुवेंदु ने दावा किया कि जब उन्मादी भीड़ तोड़फोड़ और तबाही कर रही थी तो सत्ताधारी पक्ष मूकदर्शक बना सब देख रहा था। साथ ही सुवेंदु ने यह भी कहा कि जब भी हिंदू अल्पसंख्यक हुए हैं तो उन्हें वोट देने से रोका गया है। पुलिस सत्ताधारी पार्टी के कैडर की तरह काम करती है।

### 200 से ज्यादा उत्पाती गिरफ्तार

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुई हिंसा और आगजनी के सिलसिले में अब तक 200 से ज़्यादा लोगों को गिरफ़्तार किया जा चुका है। पुलिस का फिलहाल ध्यान इलाके में सामान्य स्थिति बहाल करने पर है। पुलिस और केंद्रीय बलों ने कहा कि शांति बनाए रखने के लिए फिलहाल वह सक्रिय रूप से रूट मार्च कर रहे हैं। राज्य पुलिस के कानून और व्यवस्था के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) जावेद शमीम ने विश्वास जताया कि जल्द ही सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी। सोमवार को शमीम ने भवानी भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुष्टि की कि 200 से ज़्यादा लोगों को गिरफ़्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार के बाद से जो कुछ हुआ, वह हम सभी ने देखा।



### ममता मौलवियों संग करेंगी बैठक भाजपा मनाएगी हिंदू शहीद दिवस



वक्फ संशोधन कानून को लेकर पश्चिम बंगाल में घमासान मचा हुआ है। मुर्शिदाबाद में हिंसा के बाद अब राजधानी कोलकाता में पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा है। इस बीच, बड़ी खबर सामने आई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 16 अप्रैल को इमाम और मौलवियों से मुलाकात करेंगी। दूसरी तरफ, भाजपा ने इसी दिन शहीद दिवस मनाने का ऐलान किया है।

मेघवाल ने हिंसा पर जताई नाराजगी

### ममता का बयान गैरजिम्मेदाराना और पूरी तरह से अनुचित



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि वक्फ संशोधन कानून को लेकर सीएम ममता बेनर्जी का बयान ठीक नहीं है। दरअसल ममता ने कहा था कि वे बंगाल में वक्फ कानून को लागू नहीं करेंगी। मेघवाल ने कहा कि ममताने नागरिकता कानून के वक्त भी ऐसा ही बयान दिया था, लेकिन बंगाल में नागरिकता कानून लागू हुआ है। वक्फ कानून को लेकर बंगाल में हिंसा का दौर चल रहा है, जिसमें 3लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों घायल हैं।

### नागरिकता कानून भी बंगाल में लागू

मेघवाल ने बंगाल में जारी हिंसा को लेकर सवाल किया गया, जिसमें उनसे ममता बेनर्जी के बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई, जिसमें ममताने बंगाल में वक्फ संशोधन कानून लागू नहीं करने की बात कही थी। इस पर मेघवाल ने कहा कि उन्होंने नागरिकता संशोधन कानून के वक्त भी ऐसा ही बयान दिया था, जबकि बंगाल में नागरिकता संशोधन कानून लागू हुआ। ये संसद द्वारा बनाए गए कानून हैं, जो पूरे देश में लागू होते हैं। ऐसे में सीएम ममता का बयान कि बंगाल में वक्फ कानून लागू नहीं होगा, वह सही नहीं है।

---

## केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राजधानी में किया बैठक का आयोजन

पूर्व न्यायाधीश भट की अध्यक्षता में बैठक की गई

# टास्क फोर्स ने की उच्च-शिक्षण संस्थानों में बढ़ते छात्र आत्महत्या के मामलों की समीक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों के बढ़ते आत्महत्या के मामलों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राजधानी में राष्ट्रीय टास्क फोर्स की दूसरी महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। जिसका उद्देश्य छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े हुए मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने और उन्हें रोकने के लिए जरूरी रणनीतियों पर चर्चा करना था। मंत्रालय ने बताया कि यह बैठक सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस. रविंद्र भट की अध्यक्षता में हुई।



### 3 मंत्रालयों के सचिव भी रहे मौजूद

केंद्र सरकार के तीन मंत्रालयों के सचिव और विधि-न्याय मंत्रालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। सचिवों में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय में उच्च-शिक्षा विभाग में सचिव डॉ. विनीत जोशी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में सचिव अमित यादव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में सचिव अनिल मलिक मुख्य हैं।

### मौजूदा कदमों की विस्तृत समीक्षा

मंत्रालय ने कहा कि बैठक में छात्रों की आत्महत्या के मामलों को लेकर अभी तक उठाए गए कदमों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही डाटा एकत्रित करने के लिए एक पोर्टल और वेबसाइट का विकास, एजेंडा बिंदुओं में शामिल किया गया। रिपोर्ट और नियम संबंधी दिशानिर्देश, प्रश्नों का वितरण, विभिन्न क्षेत्रों से सहयोग हासिल करने के अलावा डीओएसईएल व एमओएचएफडब्ल्यू के अधिकारियों को साथ लेने और संस्थानों, एनआईईपीए के बीच समन्वय पर जोर दिया गया।

### 8 महीने में सौंपेगी रिपोर्ट

गौरतलब है कि इसी साल 24 मार्च को न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने उच्च-शिक्षण संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या के मामलों पर ध्यान दिया। साथ ही उनकी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस. रविन्द्र भट की अध्यक्षता में राष्ट्रीय टास्क फोर्स का गठन किया था। 29 मार्च को इसकी पहली बैठक हो चुकी है। टास्क फोर्स को अपनी अंतरिम रिपोर्ट सौंपने के लिए चार महीने और अंतिम रिपोर्ट सौंपने के लिए आठ महीने का समय दिया गया है। टास्क फोर्स में विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों के अलावा विशेषज्ञों का एक पूरा पैनल शामिल है। जिसमें डॉ. आलोक सरीन, प्रो. मैरी ई.जॉन, अरमान अली, प्रो. राजेंद्र काचरू, डॉ. अक्सा शेख, डॉ. सीमा महरोत्रा, प्रो. वर्जिनियस जाक्सा, डॉ. निधि सभरवाल और अपर्णा भट मुख्य हैं।

---

बिहार चुनाव की घोषणा से पहले विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवारों का ऐलान संभव

# तेजस्वी आज दिल्ली में कांग्रेस नेतृत्व से सीट बंटवारे, सीएम-फेस पर करेंगे चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनावों से बहुत पहले इस बार कांग्रेस,राजद, और वामदलों के बीच सीटों के बंटवारा साफ हो जाना है। इसी रीति नीति के तहत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और राहुल गांधी के साथ उनके प्रवास पर राजद सुप्रीमो लालू यादव, पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ बातचीत पहले राउंड की चर्चा हुई थी। मंगलवार को तेजस्वी अब मल्लिकार्जुन खडगे के आवास पर मिलकर विस्तार से सीटवार चर्चा करने दिल्ली पहुंच रहे हैं। माना जा रहा है कि चर्चा में राहुल गांधी भी शामिल होंगे। इसी साल नवंबर में सभावित विधानसभा चुनाव विपक्षी गठबंधन के लिए करो या मरो की स्थिति के साथ सामने है।

### सीएम उम्मीदवार को लेकर मतभेद

महागठबंधन में सीएम उम्मीदवार को लेकर मतभेद की खबरें हैं। राजद तेजस्वी सीएम चेहरा घोषित कर चुकी है और तेजस्वी ने भी सार्वजनिक रूप से इसे दोहराया है। वहीं, कांग्रेस का कहना है कि सीएम का फैसला चुनाव परिणामों के बाद गठबंधन की सहमति से होगा। बिहार कांग्रेस के नए प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने कहा कि कोई चेहरा तय नहीं है। तेजस्वी इस मांग के साथ कांग्रेस नेतृत्व के सामने होंगे कि मुख्यमंत्री का चेहरा उन्हें घोषित कर दिया जाए।



### भाजपा गठबंधन को घेरने पर भी होगी बात

लगातार तीन बार जदयू , भाजपा गठबंधन की सरकार नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में बनती रही है। इस बार नीतीश की तबीयत कई बार दुरुस्त नहीं दिखने के बाद इस कयास को बल मिला कि भाजपा इस चुनाव में मुख्यमंत्री का पद अपने पास रखने के इरादे से मैदान में होगी। वैसी स्थिति में जदयू, भाजपा गठबंधन को कैसे घेरना है इस पर भी तेजस्वी के साथ कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की चर्चा होनी है।

## ट्रंप के जवाबी शुल्क पर रोक के फैसले से निर्यातकों में खुशी की लहर

# भारत को मिली राहत, अमेरिका को 40 हजार टन झींगा भेजने को तैयार सी फूड निर्यातक, अब कर सकेंगे अन्य देशों के साथ प्रतिस्पर्धा

*भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ के महासचिव केएन. राघवन ने कहा कि अमेरिकी शुल्क की घोषणा और फिर उन पर रोक के कारण लंबित हुए झींगा के करीब 2,000 कंटेनर अब निर्यात के लिए तैयार किए जा रहे हैं। अस्थायी राहत के तहत चीन को छोड़कर सभी देशों पर 10% का मूल शुल्क लागू रहेगा*

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

भारत के समुद्री खाद्य निर्यातक संयुक्त राष्ट्र अमेरिका को 35,000-40,000 टन झींगा (श्रिम्प) भेजने की तैयारी कर रहे हैं। उद्योग के अधिकारियों ने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 26% जवाबी शुल्क लगाने की योजना पर रोक लगाने के बाद ऑर्डर स्थिर बने हुए हैं। अमेरिका भारतीय झींगा निर्यात पर फिलहाल 17.7% का प्रभावी सीमा शुल्क लगता है, जिसमें 5.7% प्रतिकारी शुल्क और 1.8% डंपिंग रोधी शुल्क शामिल है। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ के महासचिव केएन. राघवन ने कहा कि अब हमें काफी राहत मिली है, क्योंकि हम अमेरिका के अन्य निर्यातकों के बराबर पहुंच गए हैं। अब वे सभी खेपें जो रोकी गई थीं, उन्हें प्रक्रिया में लाया जाएगा।

अमेरिका फिलहाल 17.7 प्रतिशत का सीमा शुल्क लगा रहा

भारत ने अमेरिका को 2.7 अरब अमेरिकी डॉलर का झींगा निर्यात किया

### करीब 2,000 कंटेनर निर्यात के लिए तैयार





*राघवन ने कहा कि अमेरिका के इस फैसले के बाद सी फूड निर्यातकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। अमेरिकी शुल्क की घोषणा और फिर उन पर रोक के कारण लंबित हुए झींगा के करीब दो 2,000 कंटेनर अब निर्यात के लिए तैयार किए जा रहे हैं। अस्थायी राहत के तहत चीन को छोड़कर सभी देशों पर 10% का मूल शुल्क लागू रहेगा। चीन पर 145% शुल्क है। उद्योग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि भारतीय निर्यातक आमतौर पर आपूर्ति शुल्क-भुगतान व्यवस्था के तहत शुल्क लागत वहन करते हैं, जिसका मतलब है कि पहले से अनुबंधित निर्यात को उच्च शुल्क के तहत महत्वपूर्ण अतिरिक्त खर्चों का सामना करना पड़ता।*

### भारत अमेरिका का प्रमुख निर्यातक

राघवन ने बताया कि करीब दो हजार कंटेनरों में झींगे की खेपें जो पहले टैरिफ की वजह से अटकी हुई थीं, उन्हें अब 9 अप्रैल को राष्ट्रपति ट्रंप के निर्णय के बाद फिर से तैयार किया जा रहा है। यह फैसला 2 अप्रैल को अधिक टैरिफ की घोषणा के ठीक एक सप्ताह बाद आया है। भारत अमेरिका को झींगा एक्सपोर्ट करने वाले प्रमुख देशों में से एक है और टैरिफ में इस राहत से सी-फूड एक्सपोर्ट्स को बड़ी राहत मिली है।

### अमेरिका से ऑर्डर में कोई कमी नहीं


*उद्योग के एक प्रतिनिधि ने कहा कि अतिरिक्त शुल्क पर 90 दिन की रोक से निर्यातकों को अतिरिक्त लागत के बिना इन ऑर्डर को पूरा करने का अवसर मिलता है। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ के अनुसार, अमेरिका से ऑर्डर में कोई कमी नहीं आई है, जो मात्रा और मूल्य के मामले में अमेरिका भारत का सबसे बड़ा झींगा बाजार बना हुआ है।*

### झींगा बाजार में भारत का दबदबा

भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में अमेरिका को 2.7 अरब अमेरिकी डॉलर का झींगा निर्यात किया। राघवन ने सरकार से आग्रह किया कि शुल्क रोक समाप्त होने से पहले आगामी व्यापार वार्ता के दौरान देश के समुद्री खाद्य निर्यात के लिए 'समान अवसर' सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाए।

## खबर संक्षेप

### इक्वाडोर में नोबोआ दोबारा राष्ट्रपति चुने गए




**क्वीटो।** इक्वाडोर ने डेनियल नोबोआ को दोबारा राष्ट्रपति चुन लिया है। रूढ़िवादी करोड़पति का अपराध के खिलाफ जंग छेड़ने का रिकॉर्ड बेमिसाल रहा है। कानून व्यवस्था को लेकर उनके बेबाक फैसले की वजह से इक्वाडोर ने उन्हें सर्वोच्च पद के लिए एक बार फिर से चुना है। कट्टर दक्षिणपंथी राष्ट्रपति डेनियल नोबोआ को करीब 15 उम्मीदवार टक्कर दे रहे थे। 37 साल के अरबपति नोबोआ केले के व्यापारी के हैं। वह करीब 15 महीने पहले ही सत्ता में आए थे। उनका सबसे करीबी मुकाबला वामपंथी सांसद से था।

### मलेशिया के पूर्व पीएम अहमद बदावी का निधन



**कुआलालंपुर।** मलेशिया के पूर्व पीएम अब्दुल्ला अहमद बदावी का हृदय की बीमारी के कारण यहां निधन हो गया। कुआलालंपुर स्थित अस्पताल 'इंस्टिट्यूट जांतुंग नेगरा' ने सोमवार को यह जानकारी दी। बदावी का इस अस्पताल में उपचार चल रहा था। वह 85 वर्ष के थे। बदावी मलेशिया के पांचवें पीएम थे। वह 2003 से 2009 तक पद पर रहे, लेकिन राष्ट्रीय चुनावों में सत्तारूढ़ गठबंधन के निराशाजनक परिणाम की जिम्मेदारी लेने के लिए उन पर इस्तीफा देने का दबाव डाला गया था। राजनीति छोड़ने के बाद उन्होंने आम आदमी की तरह जीवन व्यतीत किया।

### यमन में अमेरिकी हवाई हमलों में छह की मौत



**दुबई।** यमन में हूती विद्रोहियों के कब्जे वाली राजधानी के आसपास संदिग्ध अमेरिकी हवाई हमलों में कम से कम छह लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। हूतियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। हूतियों के विरुद्ध अमेरिकी कार्रवाई की शुरुआत लगभग एक महीने पहले हुई थी। पश्चिम एशिया के समुद्री क्षेत्र में जहाजों पर हूतियों के हमलों को लेकर अमेरिकी बल हूती विद्रोहियों को निशाना बना रहे हैं। हूतियों ने इजराइल-हमास युद्ध के मद्देनजर पश्चिम एशियाई समुद्री क्षेत्र में जहाजों को निशाना बनाने की धमकी दी थी।

### मचैल माता मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खुला



**जम्मू।** जम्मू के किश्तवाड़ जिले में श्री मचैल माता मंदिर सर्दियों के बाद अब तीर्थयात्रियों के लिए फिर खोल दिया गया है, जिसके साथ वार्षिक यात्रा कार्यक्रम शुरू हो गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार को बैसाखी के अवसर पर मंदिर को खोल दिया गया और जम्मू के संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने वार्षिक तीर्थयात्रा की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों और भव्य मेले के बीच देवी मचैल माता (देवी दुर्गा) की मूर्ति को स्थानीय पुजारी पहलवान सिंह के घर से मंदिर में स्थानांतरित किया गया।

## पुतिन के हमले से परेशान जेलेंस्की ने ट्रंप को यूक्रेन आने का दिया न्योता

थम नहीं रहा रूस और यूक्रेन युद्ध

# कहा- आइए और देखिए क्या हाल हो गया हमारा, अस्पतालों का करें दौरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है। दोनों देशों में शांति स्थापित कराने के लिए अमेरिका समेत कई देश लगातार प्रयास कर रहे हैं। जहां एक और शांति वार्ता की कोशिश की जा रही है। तो दूसरी तरफ दोनों देश एक दूसरे पर हमले करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। हाल में ही रूस ने यूक्रेन के सूमी शहर पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला बोला।

इस घटना में 34 लोगों की मौत की जानकारी सामने आई थी। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेंलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यूक्रेन आने और युद्धग्रस्त इलाकों का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया है। जानकारी के अनुसार, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की चाहते हैं कि अमेरिका के राष्ट्रपति एक बार यूक्रेन का दौरा करें। निमंत्रण देने के पीछे की वजह है कि जेलेंस्की ट्रंप को दिखाना चाहते हैं इस युद्ध से यूक्रेन का क्या हाल हो गया है।

*रविवार को रूस के यूक्रेन हमले में 34 लोगों की हुई मौत*

*युद्ध रोकने के लिए कई देश प्रयासरत पर नहीं मिली सफलता*

### रूस ने यूक्रेन पर किया मिसाइल से हमला



*बता दें, रूस ने रविवार को यूक्रेन के सूमी शहर पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला बोला। इस हमले में 34 लोगों की जान गई है। इसके अलावा इस हमले में 100 से अधिक लोगों के घायल होने की भी खबर सामने आई है। इस हमले को लेकर यूक्रेन के राष्ट्रपति ने चिंता जाहिर की और रूसी हमले की निंदा की है। 24 फरवरी 2022 से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। दोनों देश एक दूसरे पर लगातार हमला कर रहे हैं। इस युद्ध को समाप्त कराने को लेकर अमेरिका समेत कई देश लगातार प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक कोई बात नहीं बन सकी है।*

### चर्चों का दौरा करें ट्रंप

*राष्ट्रपति जेलेंस्की ने डोनाल्ड ट्रंप से आग्रह किया वह किसी भी फैसले पर पहुंचने से पहले एक बार यूक्रेन का दौरा करें और वहां की वास्तविक स्थिति को देखें। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति को किसी संधि पर हस्ताक्षर करने से पहले और किसी भी नतीजे पर पहुंचने से पहले एक बार यूक्रेन आना चाहिए और यहां के अस्पतालों, चर्चों, आम नागरिकों और योद्धाओं से मिलना चाहिए।*

### 'सीबीएस' और '60 मिनट्स' के प्रसारण पर भड़के ट्रंप, बोले मेरे पीछे पड़ने के लिए 'बड़ी कीमत' चुकानी होगी



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को अमेरिकी टेलीविजन पर प्रसारित होने वाली समाचार पत्रिका 'सीबीएस' द्वारा अपने कार्यक्रम '60 मिनट्स' में यूक्रेन और ग्रीनलैंड पर कार्यक्रम प्रसारित करने के तुरंत बाद 'सीबीएस' और '60 मिनट्स' पर तीखा हमला करते हुए कहा कि टेलीविजन नेटवर्क नियंत्रण से बाहर हो गया है और उनके पीछे पड़ने के लिए उसे 'बड़ी कीमत चुकानी होगी'। राष्ट्रपति ने अपने 'ट्रुथ सोशल' पर कहा कि लगभग हर हफ्ते '60 मिनट्स' में... अपमानजनक और बदनाम करने वाले तरीके से ट्रंप का नाम लिया जाता है, लेकिन इस सप्ताहांत का प्रसारण उन सभी कार्यक्रमों से ऊपर है। उन्होंने संघीय संचार आयोग (एफसीसी) के अध्यक्ष ब्रेंडन कार से "उनके गैरकानूनी और अवैध व्यवहार के लिए" अधिकतम जुर्माना और दंड देने का आह्वान किया। नेटवर्क ने इस बारे में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की।

### पुतिन से 100 प्रतिशत नफरत करता हूं: जेलेंस्की

*'60 मिनट्स' के संवाददाता ने यूक्रेन की यात्रा की और देश के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ एक साक्षात्कार किया, जहां इस महीने की शुरुआत में रूसी हमले में नौ बच्चे मारे गए थे। रविवार को प्रसारित साक्षात्कार में जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन पर आक्रमण के लिए वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से "100 प्रतिशत" नफरत करते हैं और उन्होंने ट्रंप को अपने देश की यात्रा करने के लिए आमंत्रित किया ताकि वह देख सकें कि क्या किया गया है। अपने सोशल मीडिया संदेश में ट्रंप ने कहा कि '60 मिनट्स' अब एक समाचार शो नहीं रह गया है और उन्होंने जो किया है और वे जो कर रहे हैं, उसके लिए उन्हें जिम्मेदार होना चाहिए।*

## दिल्ली पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन

# 2 बांग्लादेशियों समेत 15 विदेशियों को पकड़कर डिटेंशन सेंटर भेजा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली में द्वारका जिला पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मार्च में 15 लोगों को पकड़ा है। इनमें दो लोग बांग्लादेश के हैं। इन सभी को डिटेंशन सेंटर भेजा गया है। अब इन्हें देश से निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि अवैध प्रवासियों पर नकेल कसने के लिए जिले के सभी थाना अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। पुलिस कर्मी इलाके में छापेमारी कर बिना वैध वीजा के द्वारका में रह रहे विदेशी नागरिकों को पकड़ रहे हैं। इसी कड़ी में जिला पुलिस ने 15 विदेशी नागरिकों को पकड़ा है। इनमें 12 नाइजीरिया, दो बांग्लादेश और एक आइवरी कोस्ट से हैं। बिना वैध वीजा के साथ ही कुछ ने पासपोर्ट भी उपलब्ध नहीं कराए।

### बिना दस्तावेज भारत में रह रहे थे

पुलिस अधिकारी ने बताया कि एंटी-नारकोटिक्स सेल ने 11, मोहन गार्डन थाना पुलिस ने तीन और उत्तम नगर थाना पुलिस ने एक विदेशी नागरिक को पकड़ा। जांच में पाया गया कि ये सभी बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रह रहे थे। पकड़े गए विदेशी नागरिकों को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समक्ष पेश किया गया। एफआरआरओ से निर्वासन का आदेश मिलने के बाद उन्हें डिटेंशन सेंटर भेज दिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिक देश के संसाधनों का दुरुपयोग करते हैं और कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकते हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अपने आसपास संदिग्ध गतिविधियों में शामिल या अवैध प्रवासियों की जानकारी पुलिस को दें।

### मणिपुर में दो उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने इंफाल पूर्व जिले में दो अलग-अलग स्थानों से प्रतिबंधित 'यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ)' के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से हथियार तथा करीब 22 लाख रुपये नकद जब्त किए। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि रविवार को इंफाल पूर्व जिले के वांगखेई इलाके से जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल यूएनएलएफ के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक बरेटा पिस्तौल और 15 कारतूस बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि उसके ठिकाने पर की गई छापेमारी में पुलिस ने एक एसएमजी कार्बाइन गन, नौ एमएम की एक पिस्तौल, चार मैगजीन, एक हथगोला, 66 स्नाइपर कारतूस और 69,000 रुपये नकद बरामद किए।

300 किलोग्राम से अधिक है जब्त किया गया मेथामफेटामाइन

# गुजरात एटीएस को मिली बड़ी कामयाबी जब्त किया 1800 करोड़ का मादक पदार्थ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय तटरक्षकबल (आईसीजी) और गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) के हाथ एक बड़ी कामयाबी लगी है। दोनों ने एटीएस के पुख्ता खुफिया इनपुट के आधार पर एक संयुक्त अभियान चलाकर 300 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ 'मेथामफेटामाइन' जब्त किया है। जिसकी कुल कीमत 1800 करोड़ रुपए है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि बीते 12-13 अप्रैल की घनघोर रात में गुजरात और महाराष्ट्र से लगी हुई अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के करीब यह अभियान चलाया गया। जिसमें एक संदिग्ध नौका के ट्रांसशिपमेंट प्रयास को विफल कर इतनी बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ की खेप जब्त की गई।



### तेजी से खत्म होता नशीली दवाओं का नेटवर्क

गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट में गुजरात एटीएस और तटरक्षकबल की इस सफलता के लिए दोनों एजेंसियों की सराहना करते हुए कहा कि मोदी सरकार नशीली दवाओं के नेटवर्क को बुरी तरह से ध्वस्त कर रही है। नशामुक्त भारत के निर्माण के निरंतर प्रयास में अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा के करीब 1800 करोड़ रुपए के 300 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की गई है। समुद्र में किया गया यह अभियान मादक पदार्थों की बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए केंद्र सरकार के समग्र सरकारी दृष्टिकोण की सफलता का एक शानदार उदाहरण प्रस्तुत करता है।

### गाजा पर इजराइल का हमला, 21 की मौत

**येरुशलम।** इजराइल ने रविवार को गाजा के अल-अहली अस्पताल पर मिसाइल हमला किया। इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है लेकिन अस्पताल के भवन को भारी क्षति हुई है। इजराइल ने कहा है कि हमास के आतंकी इस अस्पताल से अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे थे इसलिए उस पर हमला किया गया। गाजा के अन्य इलाकों में हुए ताजा हमलों में 21 लोग मारे गए हैं। बताया गया है कि हमले से कुछ मिनट पहले इजराइली सेना ने मरीजों और चिकित्सा से जुड़े लोगों को अस्पताल खाली करने के लिए कहा, इसके बाद अस्पताल भवन से दो मिसाइलें टकराईं। इस हमले से अस्पताल का आपात चिकित्सा विभाग, आगंतुक कक्ष नष्ट हो गए और अन्य हिस्सों को नुकसान हुआ।

अमेरिका जाने का हजारों भारतीयों का सपना धूमिल

# अनारक्षित वीजा श्रेणी आवेदनों की वेटिंग कट ऑफ एक मई 2019 की

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ट्रंप प्रशासन ने हजारों भारतीयों के अमेरिका जाने और ग्रीन कार्ड पाने के सपने को तोड़ दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने मई 2025 के लिए जारी किए गए वीजा बुलेटिन में भारतीयों के लिए ईबी 5 वीजा श्रेणी में कटौती की है। विदेश विभाग ने अनारक्षित वीजा श्रेणी आवेदनों की वेटिंग कट ऑफ एक मई 2019 कर दी है। पहले यह एक नवंबर 2019 थी। अब 1 मई 2019 के बाद ईबी 5 वीजा के लिए आवेदन करने वालों को लंबा इंतजार करना होगा। ईबी-5 श्रेणियों में भारत द्वारा उच्च मांग और संख्या के उपयोग, शेष विश्व में बढ़ती मांग और संख्या के उपयोग के कारण वित्त वर्ष 2025 की वार्षिक सीमा के अंतर्गत संख्या के उपयोग को अधिकतम सीमा के भीतर रखने के लिए भारत की अंतिम कार्रवाई तिथि को और पीछे करना जरूरी हो गया है।

### अलग-अलग देशों से सवा दो लाख लोग वरीयता में



वीजा बुलेटिन में कहा गया कि आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम (आईएनए) की धारा 201 के अनुसार निर्धारित परिवार प्रायोजित वरीयता वाले प्रवासियों के लिए वित्तीय वर्ष 2025 की सीमा 226,000 है। वार्षिक रोजगार आधारित वरीयता वाले प्रवासियों के लिए विश्वव्यापी स्तर कम से कम 140,000 है।

### शेष विश्व के लिए तिथि निधारित करना जरूरी

बुलेटिन में कहा गया है कि यदि मांग और उपयोग की संख्या में वृद्धि जारी रही तो शेष विश्व के देशों के लिए अंतिम कार्रवाई की तिथि निर्धारित करना भी आवश्यक हो सकता है। बता दें, ईबी-5 एक अमेरिकी अप्रवासी निवेशक वीजा है, जो विदेशी नागरिकों और उनके परिवारों को किसी योग्य अमेरिकी व्यवसाय या क्षेत्रीय केंद्र परियोजना में न्यूनतम राशि का निवेश करके संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थायी निवास प्राप्त करने की अनुमति देता है। इस निवेश से कम से कम 10 रेगुलर नौकरियां पैदा होनी चाहिए।

## सिंगापुर के पीएम वोंग का ऐलान

# आगामी आम चुनाव में भारतीय समुदाय के उम्मीदवारों को उतारेंगे

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग ने व्यवसाय, उद्योग और लोक सेवाओं सहित कई क्षेत्रों में भारतीय समुदाय के लोगों के योगदान को स्वीकारते हुए रविवार को कहा कि सत्तारूढ़ 'पीपुल्स एक्शन पार्टी' (पीएपी) निश्चित रूप से आगामी आम चुनाव में भारतीय समुदाय के लोगों को भी उतारेगी। पीएपी ने 2020 के आम चुनाव में 27 नए चेहरों को चुनाव मैदान में उतारा था लेकिन इनमें एक भी भारतीय मूल का उम्मीदवार नहीं था जिसके बाद संसद में भारतीय समुदाय के प्रतिनिधित्व को लेकर सवाल उठने लगे थे। वोंग ने कहा कि भारतीय समुदाय एक छोटा समुदाय हो सकते हैं, लेकिन निश्चित रूप से सिंगापुर में आपका योगदान और आपका प्रभाव बिल्कुल भी छोटा नहीं है। वास्तव में, मैं कहूंगा कि आप पहले से ही सिंगापुर की भावना का प्रतिबिंब हैं। आपकी कहानी सिंगापुर की कहानी है। वोंग ने सिंगापुर में व्यापार, उद्योग और सरकार सहित कई क्षेत्रों में देश के लिए भारतीयों के योगदान को रेखांकित किया। 2024 में सिंगापुर की आबादी में भारतीय मूल के लोग 7.6% थे, मलेशिया के 15.1% और चीन के 75.6 फीसदी थे।



## आज से पुणे के औंध स्थित विदेशी प्रशिक्षण नोड में होगी युद्धाभ्यास की शुरुआत

# 'दस्तलिक' युद्धाभ्यास के जरिए युद्ध कौशल दिखाएंगे भारत-उज्बेकिस्तान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) से लेकर जमीनी इलाकों तक जारी चीन की विस्तारवादी नीति के बीच भारत की विकासवादी सोच भी दुनिया के तमाम देशों में तेजी से प्रचलित हो रही है। इसका बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है भारत और मध्य एशियाई देश उज्बेकिस्तान की सेनाओं के बीच होने वाला संयुक्त 'दस्तलिक-2025' युद्धाभ्यास। जिसकी शुरुआत मंगलवार से महाराष्ट्र के पुणे के औंध में मौजूद विदेशी प्रशिक्षण नोड में होगी। सूत्रों ने बताया कि इस वर्ष युद्धाभ्यास का छठा संस्करण आयोजित किया जा रहा है। यहां बता दें कि दस्तलिक युद्धाभ्यास का पांचवां संस्करण पिछले साल 2024 में उज्बेकिस्तान टर्मेज जिले में हुआ था।




### सैन्य सहयोग को मिलेगी मजबूती

दस्तलिक का मुख्य उद्देश्य सैन्य सहयोग को मजबूती प्रदान करना, संयुक्त क्षमताओं में वृद्धि और पर्वतीय और उप-नगरीय इलाकों में संयुक्त सैन्य अभियान का सफल संचालन करना है। इसके अलावा यह दोनों सेनाओं को शारीरिक तंदुरुस्ती, साझा योजना बनाने, रणनीतिक ड्रिल, विशेष युद्ध कौशल सहित जमीनी स्तर पर प्रभावी सहयोग को भी बढ़ाने में बेहद मददगार साबित होगा।

### 14 दिन चलेगा युद्धाभ्यास

सूत्रों ने बताया कि 15 अप्रैल से पुणे में शुरू हो रहे दस्तलिक युद्धाभ्यास के छठे संस्करण की कुल अवधि 14 दिनों की होगी। जिसमें युद्धाभ्यास 15 से 28 अप्रैल 2025 तक चलेगा। इसके जरिए भारत और उज्बेकिस्तान की सेनाओं के बीच न केवल आपसी सहयोग और सामंजस्य बढ़ेगा।

### उज्बेकिस्तान भारत का महत्वपूर्ण रणनीतिक भागीदार

मालूम हो कि उज्बेकिस्तान मध्य-एशिया का एक देश होने के अलावा क्षेत्र में भारत का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक भागीदार है। जिसकी मदद से भारत को क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत करने और शांति, स्थिरता को बढ़ावा देने में मदद मिलती है। सोवियत संघ (यूएसएसआर) के विघटन के बाद भारत दुनिया के उन चंद पहले देशों में शामिल है, जिसने उज्बेकिस्तान को बतौर स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता प्रदान की थी। 18 मार्च 1992 को भारत-उज्बेकिस्तान के बीच कूटनीतिक संबंध स्थापित हुए थे। दोनों देशों के बीच 2011 में रणनीतिक साझेदारी हुई। जिसके तहत व्यापक संस्थागत संवाद तंत्र बनाया गया है। यह राजनीतिक और आधिकारिक स्तर पर नियमित रूप से उच्च स्तरीय सहयोग, बैठकों को बढ़ावा देता है।




# अलेक्ना का चक्का फेंक में विश्व रिकॉर्ड, 75.56मी. फेंका थ्रो



**रमोना।** लिथुआनिया के मायकोलास अलेक्ना ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चक्का फेंक में यहां अपने विश्व रिकॉर्ड को दो बार पीछे छोड़ा। उन्होंने ओक्लाहोमा थ्रोज सीरीज वर्ल्ड इनविटेशनल प्रतियोगिता में 247 फीट, नौ इंच (75.56 मीटर) चक्का फेंककर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस स्टार खिलाड़ी ने इससे पहले अपने शुरुआती प्रयास में 74.89 मीटर चक्का फेंककर अपने पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा था। पिछले साल इसी प्रतियोगिता में उन्होंने 1986 से चला आ रहा विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था। उन्होंने पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले ऑस्ट्रेलिया के मैट डेनी ने 74.78 मीटर की दूरी तक चक्का फेंक कर कुछ समय के लिए रिकॉर्ड अपने नाम किया लेकिन 22 वर्षीय अलेक्ना ने जल्द ही फिर से उसे अपने नाम कर दिया।

# तीरंदाजी विश्व कप : धीरज को कांस्य और पुरुष टीम ने जीता रजत पदक



**ऑबर्नडेल।** भारत ने रविवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण एक में अपना अभियान चार पदकों के साथ समाप्त किया, जिसमें पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धा में एक रजत और व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मदेवरा का कांस्य पदक शामिल है। सेना के 23 वर्षीय तीरंदाज धीरज ने कांस्य पदक के लिए खेले गए मैच में जीत हासिल करने के लिए असाधारण धैर्य और संयम दिखाया। उन्होंने 2-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्पेन के एंड्रेस टेमिनो मेडिएल को पांच सेट के तनावपूर्ण मुकाबले में 6-4 से हराया। इससे पहले दिन में धीरज अनुभवी तरूणदीप राय और अतनु दास के साथ उस भारतीय तिकड़ी का भी हिस्सा थे, जिसने टीम स्पर्धा के फाइनल में चीन से 1-5 से हारने के बाद रजत पदक जीता था। भारत ने इस तरह से इस प्रतियोगिता में चार पदक जीते। इससे पहले भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने स्वर्ण और कंपाउंड पुरुष टीम ने कांस्य पदक जीता था। भारत के अभियान में अभिषेक वर्मा पदक से चूक गए और कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में चौथे स्थान पर रहे।

खास खबर

# 13वें ओवर के बाद गेंद बदलने का फायदा मिला : कर्ण शर्मा



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ तीन अहम विकेट लेकर लगभग हारा हुआ मैच जिताने में सूत्रधार की भूमिका निभाने वाले मुंबई इंडियंस के लेग स्पिनर कर्ण शर्मा ने स्वीकार किया कि 13वें ओवर के बाद गेंद बदलने का टीम को फायदा मिला। उन्होंने कहा, 'मैने सोचा नहीं था कि ओस होगी। पहली पारी में ओस नहीं थी। इसलिए जब गेंद बदली तो सीम नहीं थी। इससे मुझे फायदा मिला।' मुंबई इंडियंस के साथ 2017 में खिताब जीत चुके कर्ण को आईपीएल में टीम के लिए 'लकी' माना जाता है। वह 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ, 2017 में मुंबई इंडियंस और 2018 में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ खिताब जीत चुके हैं।

## दिल्ली के कप्तान अक्षर पर 12 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर रविवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मुंबई इंडियंस के हाथों अपनी टीम की 12 रन की हार के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण जुर्माना लगाया गया है।

## मानसिक रूप से मैं तैयार था : नायर

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के लिए आक्रामक अर्धशतक लगाकर दो सत्र बाद आईपीएल में वापसी करने वाले करुण नायर मानसिक रूप से अपना पहला मैच खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार थे और उन्हें पता था कि कैसे खेलना है। जीत के लिए 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए करूण के 40 गेंद में 89 रन की मदद से दिल्ली ने शानदार शुरुआत की लेकिन बीच के ओवरों में लगातार विकेट गंवाकर 12 रन से मैच गंवा दिया।

## एमबाप्पे को पांच साल बाद मिला रेड कार्ड, पर जीता रियल मैड्रिड



**मैड्रिड।** स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे को 2019 के बाद पहली बार रेड कार्ड का सामना करना पड़ा लेकिन इसके बावजूद उनकी टीम रियल मैड्रिड स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस पर 1-0 से जीत हासिल करने में सफल रही। एमबाप्पे को अलावेस के मिडफील्डर एंटोनियो ब्लैंको को गलत ढंग से टैकल करने के कारण मध्यांतर से ठीक पहले बाहर भेज दिया गया। फ्रांस के स्टार को शुरुआत में पीला कार्ड दिखाया गया था लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद रेफरी ने इसे रेड कार्ड में बदल दिया। यह 2019 के बाद पहला अवसर है जबकि एमबाप्पे को किसी भी प्रतियोगिता में रेड कार्ड मिला। इस कारण वह कम से कम अगले रविवार को एथलेटिक बिलबाओ में होने वाले स्पेनिश लीग मैच में नहीं खेल पाएंगे। एडुआर्डो कैमाविंगा ने 34वें मिनट में रियाल मैड्रिड की तरफ से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| दिल्ली | 5 | 4 | 1 | 8 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| कोलकाता | 6 | 3 | 3 | 6 |
| पंजाब | 5 | 3 | 2 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| राजस्थान | 6 | 2 | 4 | 4 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 7 | 2 | 5 | 4 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
357 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप




### अमेरिका और जापान बीजेके फ़ाइनल्स के लिए क्वालीफाई

**ब्रातिस्लावा।** हेली बैपटिस्ट और बर्नार्डा पेरा ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके मेजबान स्लोवाकिया को 2-1 से हराकर अमेरिका को बिली जीन किंग कप टेनिस टूर्नामेंट के फ़ाइनल्स में जगह दिलाई। ग्रुप सी के मैच में बैपटिस्ट ने रेनाटा जैमरिकोवा को 6-3, 6-4 से और पेरा ने रेबेका श्रामकोवा को 7-6 (2), 7-5 से हराया। अमेरिका इस ग्रुप में शीर्ष पर रहा। जापान ने भी फ़ाइनल्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है। ग्रुप ए में निर्णायक युगल मैच में एना शिबहारा और शुको आओयामा ने कनाडा की कायला क्रॉस और रेबेका मैरिनो को 6-3, 5-7, 6-2 से हराकर जापान को फ़ाइनल्स में जगह दिलाई।

### भारतीय निशानेबाजों की नजरें अच्छे प्रदर्शन पर

**लीमा।** भारतीय निशानेबाज मंगलवार से यहां शुरू हो रहे आईएसएसएफ विश्व कप में अपने प्रभावी प्रदर्शन को बरकरार रखने के इरादे से उतरेंगे। भारतीय टीम पिछले सप्ताह ब्यूनस आयर्स में इस साल के पहले विश्व कप में दूसरे स्थान पर रही। पेरू की राजधानी में प्रतिस्पर्धा के पहले दिन मनु भाकर, सुरूची और संयम महिला एयर पिस्टल वर्ग में उतरेंगी जबकि सौरभ चौधरी, वरुण तोमर और रविंदर पुरुषों के एयर पिस्टल वर्ग में चुनौती रखेंगे।

### रिटायर्ड आउट पर तिलक ने खोला राज

**दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा ने आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 33 गेंदों में 59 रन बनाए।



उनकी इस पारी से हार्दिक पंड्या की टीम 20 ओवरों में 205 का स्कोर बनाने में सफल रही। कुछ मैचों पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ तिलक वर्मा को मैनेजमेंट ने 'रिटायर्ड आउट' कर दिया था। इस फैसले पर काफी विवाद हुआ था। अब तिलक वर्मा ने इस पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा, 'कुछ नहीं। मैं बस यह सोच रहा था कि उन्होंने यह फैसला टीम के लिए किया है। इसलिए मैंने इसे सकारात्मक रूप से लिया और नकारात्मक रूप से नहीं लिया। लेकिन मुख्य बात यह है कि आप इसे कैसे लेते हैं।

आईपीएल
लगातार पांच हार के बाद सीएसके की पहली जीत

# धोनी की पारी से टूटा चेन्नई की हार का सिलसिला, लखनऊ को हराया

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

अपने पुराने 'फिनिशर' वाले रूप की झलक दिखाने वाले महेंद्र सिंह धोनी और शिवम दुबे ने लगातार पांच मैचों की हार का सिलसिला तोड़कर चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल के मैच में सोमवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स पर पांच विकेट से जीत दिलाई। जीत के लिए 167 रन के लक्ष्य के जवाब में धोनी ने 11 गेंद में चार चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 26 और दुबे ने 37 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों के साथ नाबाद 43 रन बनाए।

चेन्नई ने तीन गेंद और पांच विकेट बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले फॉर्म में लौटे कप्तान ऋषभ पंत के इस सत्र के पहले अर्धशतक के दम पर लखनऊ ने सात विकेट पर 166 रन बनाए। चेन्नई को आखिरी पांच ओवर में 56 रन की जरूरत थी। धोनी ने आते ही आवेश खान को दो चौके लगाए और चार ओवर में अब चेन्नई को 44 रन चाहिए थे। उन्होंने शार्दुल को एक हाथ से छक्का लगाकर पुराने दिन याद दिला दिए। उन्होंने और दुबे ने कोई जोखिम लिए बिना टीम को जीत तक पहुंचाया।




### ऋतुराज की जगह म्हात्रे शामिल

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स ने चोटिल कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की जगह आयुष म्हात्रे को टीम में शामिल किया है।

## स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जाइंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| माक्रम का त्रिपाठी बो अहमद | 06 | 06 | 1 | 0 |
| मिचेल मार्श बो जडेजा | 30 | 25 | 2 | 2 |
| पूरन पगबाधा बो कम्बोज | 08 | 09 | 2 | 0 |
| पंत का धोनी बो पथिराना | 63 | 49 | 4 | 4 |
| बडोनी स्ट धोनी बो जडेजा | 22 | 17 | 1 | 2 |
| अब्दुल समद रन आउट | 20 | 11 | 0 | 2 |
| डेविड मिलर नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |
| शार्दुल का रशीद बो पथिराना | 06 | 04 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 11, योग : 20 ओवर में 166/7

गेंदबाजी : खलील 4-0-38-1, कम्बोज 3-0-20-1, ओवरटन 2-0-24-0, जडेजा 3-0-24-2, नूर 4-0-13-0, पथिराना 4-0-45-2.

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रशीद का पूरन बो आवेश | 27 | 19 | 6 | 0 |
| रविंद्र पगबाधा बो माक्रम | 37 | 22 | 5 | 0 |
| त्रिपाठी का और बो बिश्नोई | 09 | 10 | 1 | 0 |
| जडेजा का माक्रम बो बिश्नोई | 07 | 11 | 0 | 0 |
| शिवम दुबे नाबाद | 43 | 37 | 3 | 2 |
| शंकर का आवेश बो राठी | 09 | 08 | 1 | 0 |
| एम एस धोनी नाबाद | 26 | 11 | 4 | 1 |

अतिरिक्त : 10, योग : 19.3 ओवर में 168/5

गेंदबाजी : शार्दुल 4-0-56-0, आकाशदीप 1-0-13-0, राठी 4-0-23-1, आवेश 3.3-0-32-1, बिश्नोई 3-0-18-2, माक्रम 4-0-25-1.

### पंजाब के सामने आज कोलकाता की चुनौती

**मुल्लांपुर।** पिछले मैच में अभिषेक शर्मा की विस्फोटक पारी के कारण अपने बड़े स्कोर का बचाव करने में नाकाम रही पंजाब किंग्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के रूप में एक और चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी का सामना करना होगा। ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है कि 245 रन का बड़ा स्कोर बनाने के बावजूद किसी टीम को हार का सामना करना पड़ा हो लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में अभिषेक की 55 गेंद पर खेली गई 141 रन की विस्फोटक पारी के कारण पंजाब किंग्स अपने इस स्कोर का बचाव नहीं कर पाया था।

## पंजाब के सामने आज कोलकाता नाइट राइडर्स की कठिन चुनौती

*मुल्लांपुर। पिछले मैच में अभिषेक शर्मा की विस्फोटक पारी के कारण अपने बड़े स्कोर का बचाव करने में नाकाम रही पंजाब किंग्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के रूप में एक और चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी का सामना करना होगा। ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है कि 245 रन का बड़ा स्कोर बनाने के बावजूद किसी टीम को हार का सामना करना पड़ा हो लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में अभिषेक की 55 गेंद पर खेली गई 141 रन की विस्फोटक पारी के कारण पंजाब किंग्स अपने इस स्कोर का बचाव नहीं कर पाया था। पंजाब किंग्स की पारी में 36 गेंद पर 82 रन बनाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर के पास अभिषेक के सामने अपने गेंदबाजों की दुर्दशा को देखकर मुस्कुराने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। यह मैच हैदराबाद में खेला गया था जहां कोई भी स्कोर सुरक्षित नहीं माना जाता है। पंजाब अब अपना अगला मैच मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर खेलेगा जहां के विकेट को बल्लेबाजी के लिए अनुकूल माना जाता है। पंजाब किंग्स के गेंदबाजों का आत्मविश्वास निश्चित तौर पर डिग गया होगा। विशेष कर उसके दो स्पिनरों युजवेंद्र चहल और ग्लेन मैक्सवेल का मनोबल जरूर प्रभावित हुआ होगा क्योंकि इन दोनों ने पिछले मैच में सात ओवर में 96 रन लुटा दिए थे। इसे देखते हुए पंजाब की टीम पिच को लेकर निश्चित तौर पर असमंजस की स्थिति में होगी। पंजाब अगर इस मैच के लिए सपाट विकेट तैयार करवाता है तो फिर इसकी कोई गारंटी नहीं कि उसके गेंदबाज 220 रन तक के स्कोर का बचाव कर लेंगे क्योंकि कोलकाता की टीम में सुनील नारायण, रिंकू सिंह और वेंकटेश अय्यर जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं।*

ऑस्ट्रेलिया दौरा

# ज्योति सहित भारतीय महिला हॉकी टीम में पांच नए चेहरे



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने 26 अप्रैल से चार मई तक होने वाले ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए सोमवार को 26 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की, जिसमें पांच नए खिलाड़ियों को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है। भारत इस दौरे में कुल पांच मैच खेलेगा।

वह पहले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया ए से भिड़ेगा और उसके बाद तीन मैच ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से खेलेगा। सभी पांच मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह दौरा जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के टीम के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है। पांच खिलाड़ियों ज्योति सिंह, सुजाता कुजूर, अजमीना कुजूर, पूजा यादव और महिमा टेटे को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है। टीम अनुभवी और नए खिलाड़ियों का मिश्रण है। टीम का नेतृत्व मिडफील्डर सलीमा टेटे करेंगी, जबकि अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर को उप कप्तान नियुक्त किया गया है। टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, 'हमने संतुलित टीम का चयन किया है जो अनुभव और युवा का अच्छा मिश्रण है। युवा खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं और सीनियर शिविर में अपना कौशल दिखाया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर की चुनौती का किस तरह से सामना करते हैं।'

### सविता और खारीबाम गोलकीपर


अनुभवी सविता और युवा बिचू देवी खारीबाम गोलकीपर की जिम्मेदारी संभालेंगी जबकि रक्षा पंक्ति में ज्योति सिंह, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम, सुजाता कुजूर, सुमन देवी थौदम, ज्योति, अजमीना कुजूर और साक्षी राणा शामिल हैं। मध्य पंक्ति की जिम्मेदारी कप्तान टेटे, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, महिमा टेटे, पूजा यादव और लालरेम्सियामी पर होगी। नवनीत कौर, दीपिका, रुताजा दादासो पिसल, मुमताज खान, बलजीत कौर, दीपिका सोरेंग और ब्यूटी डुंगडुंग अग्रिम पंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगी। बंसारी सोलंकी (गोलकीपर), अंजना डुंडुंग और लालथंटलुआंगी (डिफेंडर), साक्षी शुक्ला और खैदेम शिलेमा चानू (मिडफील्डर) तथा मोनिका टोप्पो और सोनम (फॉरवर्ड) को स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में चुना गया है।

## पीएम करेंगे खेलो इंडिया युवा खेल का उद्घाटन

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलो इंडिया युवा खेल 2025 का उद्घाटन करने के लिए अगले महीने बिहार का दौरा करेंगे। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी। नीतीश कुमार एक समारोह को संबोधित कर रहे थे, जिसमें केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया भी उपस्थित थे। नीतीश कुमार ने कहा, 'यह हमारे लिए खुशी की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार मई को पटना में खेलो इंडिया युवा खेल 2025 का उद्घाटन करेंगे। इन खेलों के आयोजन ने हमें राज्य में खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का अवसर प्रदान किया है।' मुख्यमंत्री सचिवालय में आयोजित समारोह में रिमोट कंट्रोल के माध्यम से खेलों के लोगो और शुभंकर का अनावरण किया गया। इन खेलों का आयोजन चार से 15 मई तक बिहार के पांच जिलों पटना, गया, नालंदा, भागलपुर और बेगुसराय में किया जाएगा। इन खेलों में देश भर के 8500 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के 1500 सदस्य हिस्सा लेंगे।

# राय, थीगाला शीर्ष 30 में रहे, मैक्लेरॉय चैंपियन

एजेंसी ▶▶| ऑगस्टा



भारतीय मूल के गोल्फर आरोन राय, साहित थीगाला और अक्षय भाटिया का यहां ऑगस्टा मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में प्रदर्शन साधारण रहा तथा इन तीन में से दो खिलाड़ियों ने शीर्ष 30 में जगह बनाई। किसी मास्टर्स टूर्नामेंट में पहली बार भाग ले रहे राय (70) चार दिनों में एक अंडर का स्कोर बनाया और वह संयुक्त 27वें स्थान पर रहे जबकि थीगाला (71) चार दिनों में इवन पार पर रहे और संयुक्त 29वें पर रहे। रोरी मैक्लेरॉय ने प्लेऑफ में जस्टिन रोज पर नाटकीय जीत के साथ अपने पांचवें मेजर खिताब के लिए 11 साल के इंतजार को समाप्त किया।

## तारिक के गेंदबाजी एक्शन की शिकायत

**इस्लामाबाद।** क्वेटा ग्लेडिएटर्स के आफ स्पिनर पाकिस्तान के उस्मान तारिक के गेंदबाजी एक्शन की पाकिस्तान सुपर लीग टी20 टूर्नामेंट के दौरान शिकायत की गई है। क्वेटा की लाहौर कलंदर्स के खिलाफ 79 रन से हार के बाद तारिक की शिकायत मैदानी अंपायरों अहसान रजा और क्रिस ब्राउन ने की। तारिक ने 31 रन देकर एक विकेट लिया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा, 'नियमों के अनुसार उस्मान पीएसएल के बाकी मैचों में गेंदबाजी कर सकता है लेकिन दोबारा शिकायत होने पर उसे गेंदबाजी से निलंबित किया जा सकता है। इसके बाद उसे आईसीसी से मान्यता प्राप्त लैब से मंजूरी लेनी होगी जिसके बाद ही वह गेंदबाजी कर पाएगा।'

अनुचित लाभ लेने से रोकने बीसीसीआई का नया नियम

# बल्लेबाजों के बल्ले के आकार को जांच रहे मैदानी अंपायर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मैदानी अंपायरों ने परंपरा से हटकर इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र के दौरान बल्लेबाजों को अनुचित लाभ लेने से रोकने के लिए मैदान पर ही बल्ले के आकार की जांच करना शुरू कर दिया है। बल्ले के आकार की जांच करना एक प्रचलित चलन है लेकिन पिछली बार तक इस प्रक्रिया का पालन ड्रेसिंग रूम के अंदर ही किया जाता था।



भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने हालांकि पावर-हिटिंग के इस जमाने में अधिक सतर्क रहने के लिए मैच अधिकारियों को आवश्यकता पड़ने पर मैदान पर ही बल्ले की किसी भी तरह से जांच करने की अनुमति दी है। आईपीएल में 100 से अधिक और कई अंतरराष्ट्रीय मैच में अंपायरिंग कर चुके बीसीसीआई के एक पूर्व अंपायर ने भी इस घटनाक्रम पर आश्चर्य व्यक्त किया। इस पूर्व अंपायर ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, 'अंपायर बल्ले के आकार का जांच करने के लिए एक उपकरण 'बैट गेज' को अपने पास रखते हैं। अगर बल्ला उस गेज से गुजरता है, तो इसे स्वीकार्य माना जाता है। हम सभी ने ड्रेसिंग रूम के अंदर पारी शुरू होने से पहले बल्ले की जांच की है। खिलाड़ी अपना बल्ला सौंप देते हैं और जांच हो जाती है। अब सवाल यह है कि क्या किसी खिलाड़ी ने जांच के लिए एक बल्ला दिया था और मैदान पर दूसरे का इस्तेमाल किया था। अगर ऐसा हुआ है, तो यह प्रोटोकॉल स्वागत योग्य है। खिलाड़ी हमेशा कई बल्ले रखते हैं। बल्ले का वजन अलग-अलग हो सकता है, लेकिन उसकी लंबाई, चौड़ाई, गहराई और किनारे की चौड़ाई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा निर्धारित सीमा के अंदर होनी चाहिए।'

### बल्ले का आधिकारिक माप

नियमों के अनुसार, बल्ले के मुख की चौड़ाई 4.25 इंच (10.79 सेमी) से अधिक नहीं होनी चाहिए। बल्ले के मध्य भाग (उभरा हुआ भाग) की मोटाई 2.64 इंच (6.7 सेमी) से अधिक नहीं हो सकती। किनारे की अधिकतम चौड़ाई 1.56 इंच (चार सेमी) से अधिक नहीं हो सकती। बल्ले की लंबाई हैंडल के शीर्ष से आधार तक 38 इंच (96.4 सेमी) से अधिक नहीं हो सकती।

### हेटमायर, पंड्या के बल्ले सही

पिछले कुछ दिनों में, राजस्थान रॉयल्स के शिमरोन हेटमायर, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फिल साल्ट और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या के बल्ले को मैदान पर खेल के दौरान बैट गेज से मापा गया था। इन सभी खिलाड़ियों के बल्ले का आकार सही पाया गया था।

# देशज संस्कृति और परंपरा की सुनहरी छवियों को संजोने वाली फिल्म है 'गणगौर गाथा'

## विश्वरंग फाउंडेशन के लिए युवा सिनेकर्मियों ने फिल्मी दस्तावेज़ों में संजोया लोक पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

आधुनिकता की चकाचौंध में जीवन के असल स्वाद और सरोकारों से दूर होती जा रही जिंदगी को धरोहरों के पास लौटने की ज़रूरत है। देशज संस्कृति और परंपरा की सुनहरी छवियों को संजोती फिल्म 'गणगौर गाथा' सनातन संस्कृति का एक ऐसा ही मनोहारी रूपक है। यहां ज्ञान और कौशल अपनी सहजता में लालित्य तथा श्रृंगार के बेमिसाल दस्तावेज़ बन गये हैं।

इन प्रतिक्रियाओं के बीच शहर के सिने प्रेमियों ने अपने लोकरंगी अनुभव साझा किए। तुलसी नगर स्थित नर्मदा मंदिर सभागार की यह शाम विश्वरंग फाउंडेशन द्वारा निर्मित लघु फिल्म 'गणगौर गाथा' के प्रदर्शन का ख़ासा आकर्षण समेटे थी।

टैगोर लोक कला एवं संस्कृति केन्द्र तथा द पोडियम टीम के सहयोग से हुई विशेष स्क्रीनिंग



### उत्सवधर्मी लोक संस्कृति का चित्रण

युवा फिल्मकार आदित्य उपाध्याय के निर्देशन में तैयार यह डॉक्यूमेंट्री आदिम स्मृतियों को जगाती हमारी उत्सवधर्मी लोक संस्कृति का सुंदर चित्रण करती है। श्री नर्मदा सेवा समाज द्वारा टैगोर लोक कला एवं संस्कृति केन्द्र तथा द पोडियम टीम के सहयोग से यह विशेष स्क्रीनिंग थी। साहित्यकार-संस्कृतिकर्मी तथा विश्वरंग के संस्थापक संतोष चौबे के मार्गदर्शन में देशज धरोहर के संरक्षण तथा उनके प्रति लोक रुचि का परिवेश रचने के उद्देश्य से 'गणगौर गाथा' का निर्माण किया गया है। इस फिल्म में शोध-आलेख तथा वाचक स्वर कला समीक्षक विनय उपाध्याय का है। इस अवसर पर नर्मदा सेवा समाज के अध्यक्ष सुशील बिल्लोरे, पूर्व अध्यक्ष पीसी शर्मा और महिला सभा अध्यक्ष संगीता पाराशर ने आदित्य उपाध्याय तथा द पोडियम टीम के सभी युवा कलाकारों का प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। संचालन विशाखा राजुरकर ने किया।

### पश्चिमी निमाड़ के ग्रामीण इलाकों की यात्रा कर किया फिल्मांकन

पोडियम टीम ने गत वर्ष गणगौर पर्व के अवसर पर पूर्व और पश्चिमी निमाड़ के ग्रामीण इलाकों की सांस्कृतिक यात्रा की और इस पर्व से जुड़े अनुष्ठान तथा अन्य पारंपरिक गतिविधियों का वास्तविक फिल्मांकन किया। इस फिल्म के निर्देशक आदित्य उपाध्याय माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता संस्थान के फिल्म प्रॉडक्शन स्नातकोत्तर हैं। उनकी शॉर्ट फिल्म 'लेटर बॉक्स' का चयन चित्र भारती फिल्म महोत्सव के लिए हुआ है। उन्होंने महेश्वर और मांडू के पुरातात्विक वैभव, साहित्य तथा कलाओं के अंतरराष्ट्रीय महोत्सव 'विश्वरंग' और रबीन्द्रनाथ टैगोर के कृती-व्यक्तित्व पर एकाग्र लघु फिल्मों का निर्माण स्वयं के निर्देशन में किया है।



### इनका भी रहा विशेष सहयोग

इस फिल्म का वीडियो संपादन निखिल कुमार अरमान आर्य सिन्हा तथा अभिषेक कनौजिया ने किया है। छायांकन अनिरुद्ध चौथमल, आशीर्वाद मंडल और हेमांग कुरील का है। ध्वन्यांकन तनिष्क भूरिया ने किया है जबकि कोरियोग्राफ़ी लोक नर्तक संजय महाजन की है।
चैत्र महीने के दसवें दिन से आगामी नौ दिनों तक मध्यप्रदेश के निमाड़ की धरती गणगौर की धन्यता को गाने मचल उठती है। इन गीतों में स्मृतियों की दुनिया खुलती है। स्त्री की सृजन शक्ति, उसकी अभिलाषाएं, उसके सरोकार, उसकी नियति और दैवीय महिमा के दिव्य स्वरूपों को जीवन्त होता देखा जा सकता है। इन गीतों की गुंजार बिखरती है तो देह अनायास ही थिरक उठती है।यह फिल्म बताती है कि एक सिरे पर आध्यात्म के गहरे रंग, अनुष्ठान की पवित्रता, पूजा-प्रार्थना और निवेदन तो दूसरे सिरे पर लोकरंजन में आकंठ डूबा तन-मन एक आदिम सुख की इच्छा से भरकर गणगौर में थिरकने लगता है।

---

### शहीद भवन में तीन दिन तक होगा आयोजन

## नृत्य साधना का महायज्ञ 'कथक अश्वमेध-2' आज से

**भोपाल।** जब परंपरा, साधना और संस्कृति एक ही मंच पर एकत्र हों, तब वह आयोजन सिर्फ कार्यक्रम नहीं, बल्कि आत्मिक अनुभव का महायज्ञ बन जाता है। ऐसा ही अनुभव लेकर आ रहा है 'कथक अश्वमेध- सीज़न 2', जिसका भोपाल साक्षी बन रहा है। 15 से 17 अप्रैल तक शहीद भवन में यह आयोजन होने जा रहा है। 'कथक अश्वमेध- 2' की शुरुआत एक ऑनलाइन ऑडिशन प्रक्रिया से हुई थी, जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों और अमेरिका, यूके सहित कई देशों से करीब 800 कलाकारों ने भाग लिया। नृत्य की इस वैश्विक सहभागिता से चयनित 30 प्रतिभागियों को अब भोपाल बुलाया गया है, जहां वे मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। यह तीन दिवसीय आयोजन हर दिन एक नई ऊर्जा, नया उद्देश्य और नया रंग लिए होगा। पहले दिन सेमीफाइनल राउंड होगा, जिसमें चयनित कलाकार साधना और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### लायंस इंटरनेशनल का क्षेत्रीय सम्मेलन

## डॉ. शैलेश लुनावत संजीवनी पुरस्कार से सम्मानित



**भोपाल।** प्रसिद्ध रेडियोलॉजिस्ट एवं समाजसेवी डॉ. शैलेश लुनावत को उनके निःस्वार्थ समाज सेवा के लिए आज आयोजित लायंस इंटरनेशनल के क्षेत्रीय सम्मेलन में संजीवनी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. लुनावत को इस भव्य सम्मेलन में मुख्य अतिथि मुंबई से आए राजू मनवानी एवं लायंस इंटरनेशनल के क्षेत्रीय अध्यक्ष ज्ञानदेव मिश्रा द्वारा संजीवनी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था ने डॉ. लुनावत द्वारा मानवतावादी सोच के माध्यम से किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की, जिसकी शुरुआत डॉ लुनावत ने कई दशकों पहले कर दी थी।

---

### सम्राट विक्रमादित्य के गुणों को आखिर क्यों न जाने युवा पीढ़ी

राष्ट्र की राजधानी दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य नाटक का मंचन

# राष्ट्र के समृद्ध अतीत को याद दिलाने रंगमंच ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

अशोक मनवाणी ▶▶भोपाल

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रंगमंच की ताकत का एहसास पूरे राष्ट्र को करवा दिया है। कहने को इस डिजिटल युग में सूचना और मनोरंजन के न जाने कितने फॉर्मेट लोकप्रिय हो चुके हैं। लेकिन भारतीय नाट्यशास्त्र की सुदृढ़ और समृद्ध परंपरा से जन जन को परिचित करवाने के लिए राष्ट्र की राजधानी में सम्राट विक्रमादित्य नाटक का मंचन महत्व रखता है। बहुत दिन नहीं हुई जब हम डिजिटल तकनीक को आत्मसात कर बैठे थे। ऐसा लगता था कि पारंपरिक कलाओं को हम भूल रहे हैं। लेकिन मध्य प्रदेश से जो संदेश पूरे राष्ट्र में पहुंचा है, वह यह है कि अभिनय, प्रकाश संयोजन,संगीत वेशभूषा और विशाल मंच के माध्यम से हमारे पौराणिक चरित्रों का जीवन सामने आना चाहिए। हमारे वे आदर्श शासक और आराध्य जो युवा पीढ़ी द्वारा भुला दिए गए हैं या युवा पीढ़ी को हमने उनसे परिचित ही नहीं करवाया तो इसमें कसूर वर्तमान पीढ़ी का भी है। युवाओं के पास समय भी है। सृजन की शक्ति भी है , जिज्ञासा का तत्व भी विद्यमान है तो फिर उन्हें इन राष्ट्र के आदर्श प्रतीकों की जानकारी से वंचित क्यों रखा जाए और बच्चे भी कलाओं के पारखी हो सकते हैं।



### अन्य राज्यों में भी जाएगा नवाचार का संदेश

यह नवाचार आगे जाएगा अन्य राज्यों में भी न केवल सम्राट विक्रमादित्य के कार्यों की जानकारी , नागरिकों को मिलेगी बल्कि भगवान राम, भगवान श्री कृष्ण, राजा भोज, सम्राट अशोक और भारत के गौरव रहे अन्य महापुरुषों के कृतित्व से रंग कर्मियों को माध्यम बनाकर प्रस्तुतियां होंगी। हाथी घोड़ा और बीसियों की संख्या में कलाकार दल के साथ इतिहास के उस दौर को जीवंत करना साधारण कार्य नहीं है। संस्कृति विभाग, विक्रमादित्य पीठ, सामाजिक संगठन इसके लिए एकजुट हुए।

### जाणता राजा का हो चुका मंचन

यदि उन्हें महान व्यक्तित्वों के बारे में ज्ञानवर्धक विवरण देने वाले नाटक मंचन से जोड़ा जाए। भोपाल में कुछ वर्ष पूर्व लाल परेड मैदान पर जाणता राजा का मंचन हुआ था जिसमें शिवाजी महाराज के कृतित्व को दर्शाया गया था। इस नाटक के मंचन से यह जागृति प्रारंभ हो जाती, लेकिन वह लहर न बन सकी। एकाध मंचन हुआ और मामला समाप्त हो गया। लाल किले की प्राचीर पर तीन दिन लगातार सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन मध्य प्रदेश के लिए गर्व की बात है। यह मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का नवाचार है। हमारे ऐसी दानवीर शासक जिन्होंने वीरता और न्याय के क्षेत्र में भी दृष्टांत स्थापित किए।

### युवा हैरिटेज वॉक करें, किलों और स्मारकों को देखें

दिल्ली की मुख्यमंत्री ने इन कार्यक्रमों के लिए जो समन्वय किया उसकी भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रशंसा की है। कलाओं के विकास के साथ भारतीय गौरव का स्मरण करते हुए देश की प्राचीन संस्कृति, भारतीय अस्मिता को सामने लाना आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिर्फ कहने के लिए विरासत से विकास की बात नहीं कही, वे चाहते हैं इसका दायरा विस्तृत हो। हमारे युवा हेरिटेज वॉक करें। वे किलों और स्मारकों को देखें। तत्कालीन शासकों के शौर्य से परिचित हों। सिर्फ बंद कमरों में संगोष्ठी ना हो बल्कि भारत के ऐसे गौरवशाली व्यक्तित्व बच्चों के बीच भी जाने जाएं। स्कूली पाठ्यक्रम से लेकर विद्यालयों, महाविद्यालय के पाठ्यक्रमों में सगर्व उनका उल्लेख हो और नाट्य मंचन उस थ्योरी को प्रैक्टिकल रूप में रंगमंच पर प्रस्तुत करे। रंगमंच से जुड़े देश के हजारों कलाकारों का मन हर्षित है और वे मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रति आभार का भाव रखते हैं जो उन्होंने इस कला को महत्व दिया और राज्याश्रय भी दिया। सैकड़ों कलाकारों को प्रोत्साहित किया। थिएटर की ताकत सही दिशा में और सही विषय को लेकर दिखाई दी है।

*(लेखक मध्य प्रदेश शासन में अधिकारी और रंगमंच से जुड़े हैं।)*

---

### मानस भवन में बाल साहित्यकार सम्मानित



## बच्चों को स्वयं लिखने के लिए प्रेरित करना जरूरी: स्नेह लता

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

बच्चों के लिए बाल साहित्य लिखना जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही बच्चों को लिखने के लिए प्रेरित करना आवश्यक है। बच्चे लिखें उसे बाल साहित्यकार परिष्कृत करें, निखारे, संवारे और उनको प्रोत्साहित करें तो ये बच्चे भी बड़े बाल साहित्यकार बन सकते हैं। ये बात मानस भवन में बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध केन्द्र द्वारा आयोजित बाल साहित्यकार सम्मान समारोह में लोकसभा की पूर्व महासचिव स्नेहलता श्रीवास्तव ने कही। मुख्य अतिथि द्रविन्द्र मोरे, अध्यक्ष मप्र बाल आयोग ने कहा कि बच्चों के अधिकार उनके संरक्षण एवं समुचित उत्थान की चिंता बाल सहित की रचा जाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि श्यामा गुप्ता ने कहा, बच्चों के चरित्र निर्माण और उनकी बदलती रुचियों के अनुसार बाल साहित्य रचा जाए। कार्यक्रम में दिव्या भिमटे, सिहायना तिवारी, मॉडवी, बानी भास्कर, ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

### इनका किया गया सम्मान

डॉ. वन्दना मिश्र भोपाल, सुनीता शर्मा 'सिद्धि', डॉ. नीलू शुक्ला, गिरीश पंकज रायपुर, डॉ. तरुण डाले,मनोहर चमोली 'मनु' उत्तराखंड, किरीट गोस्वामी जामनगर (गुजरात), अशोक कुमार धमेनिया 'अशोक', डॉ. वेदप्रकाश अग्निहोत्री गोला गोकर्णनाथ (उ.प्र.),भाऊराव महंत, देवीप्रसाद गौड़, मथुरा, कन्हैया साहू 'अमित' भाटापारा, हेमलता दाधीच उदयपुर राजस्थान, निर्मला देवी सक्सेना (राजगढ़), प्रदीप नवीन इन्दौर, नविता जौहरी भोपाल।

### इन पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

चांद री बातां हेमलता दाधीच, बच्चों की दुनिया सुनीता शर्मा 'सिद्धि', बच्चों के स्वांग डॉ. रंजना शर्मा, कभी न हिम्मत हारो डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री।

---

### मैनिट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का भरोसा

## मैनिट: डीएचएल आईटी डिवीजन के अंतरराष्ट्रीय रिक्रूटर्स से हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) ने डीएचएल आईटी के अंतरराष्ट्रीय डिजिटल सॉल्यूशन हेड जोहान बर्ग्स को सिंगापुर और हेड ऑफ इंटेलीजेंस ऑटोमेशन- मार्टिन फ्रिटजल को सेंट्रल यूरोप से कैंपस के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने पैनल डिस्कशन में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के साथ मैनिट को आईटी के क्षेत्र में आगे बढ़ाने एवं मैनिट के टैलेंटेड स्टूडेंट्स की डीएचएल जैसी कंपनियों में अहम भागीदारी पर चर्चा की। इसके परिणाम स्वरूप अंतरराष्ट्रीय आईटी प्रोफेशनल्स द्वारा मैनिट को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने का भरोसा दिया गया। मैनिट में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा स्टूडेंट्स को इंडस्ट्री रेडी बनाने के लिए पिछले तीस दिनों से सेशन्स कराए जा रहे हैं।

## हेमा हायर सेकेंडरी स्कूल में विषु संगम का आयोजन

### केरल के पारंपरिक नृत्य तिरुवातिरा, भरतनाट्यम आदि की प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

शबरीमला अय्यप्पा सेवा समाज मध्यभारत प्रांत द्वारा भोपाल में भेल क्षेत्र स्थित हेमा हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में मलयाली समाज का पारंपरिक नव वर्ष विषु के पावन अवसर पर विषु संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर केरल का पारंपरिक नृत्य तिरुवातिरा, भरतनाट्यम आदि सुंदर प्रस्तुतियां दी गईं। 100 कलाकारों के सुंदर प्रस्तुति के अलावा हिन्दू परिवारों की संस्कृति के बारे में वक्ताओं ने कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और जन समुदाय को संबोधित किया। अपनी सनातन संस्कृति की वैज्ञानिक मान्यता और प्रासंगिकता पर लोगों को अवगत कराया। हिंदू समाज विशेषतौर पर केरलीय हिन्दू समाज पर हो रही सांस्कृतिक चुनौतियां और उसके समाधान पर विशेष प्रकाश डाला गया। मुख्य वक्ता के रूप में केरल प्रांत के हिन्दू ऐक्यवेदी के कार्यकारी अध्यक्ष वल्सन ने अपनी प्रखर वाणी से सभी का उत्साहवर्धन किया गया।





### वक्तव्य

विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्यभारत प्रांत के सह संघचालक डॉ. राजेश सेठी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संघ द्वारा संपूर्ण समाज के समक्ष पंच परिवर्तन से परमवैभव की ओर परिवार प्रबोधन विषयों पर वक्तव्य दिए।

बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद
पाईल्स (बवासीर) के दर्द से परेशान?
सिड्पाईल्स टॅबलेट
बवासीर, फिस्टुला, कब्ज़, गुदा मार्ग की सूजन, जलन, चूभन, खुजली, असहनीय वेदना आदि तकलीफें दूर करने में सहायक।


अभयामृत
पुराने से पुराने कब्ज़ को दूर कर पाचन ठीक रखने में सहायक।


वैद्यकीय सलाह: +91 844 844 4935
www.baidyanath.co

---

### गर्मियों के लिए होटल के मीनू में बदलाव, अब जैविक गन्ना और हर्ब्स के रस के साथ गोंद कतीरा का स्वाद चखेंगे

# गर्मी के दिनों में गोंद कतीरा देगा ठंडक का अहसास....

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

गर्मियों का मौसम आ चुका है। गर्मी को देखते हुए होटल के मैन्यू में बदलाव कर कुछ नए शीतल मॉकटेल व डेजर्ट जोड़े जा रहे हैं। वहीं अपने अतिथियों के लिए समर फूड फेस्टिवल की तैयारी भी चल रही है, जिसमें महाराष्ट्रीयन से लेकर पंजाबी फूड फेस्टिवल तक होंगे। इनमें पारंपरिक भोजन परोसा जाएगा। कुछ होटल अपने ग्रहकों को जैविक पेय का आनंद लेने का मौका दे रहे हैं, जिसके लिए वे खुद के बॉटनिकल गार्डन में उगाई हर्ब्स से मॉकटेल का टेस्ट बढाएंगे। वहीं कई होटल इस बार जैविक खेती के जरिए उगाए गए गन्नों के रस का स्वाद भी चखा रहे हैं। इसके अलावा मई में मैंगो डेजर्ट और मैंगो कुजिंस भी बनेंगी। हरिभूमि ने शहर के होटलों में गर्मी के हिसाब से की गई खानपान की तैयारियों के बारे में जाना।

### फल और हर्ब्स से तैयार होगा मॉकटेल



जहांनुमा रिट्रीट के जीएम विंसेट मारक्यूस ने बताया कि हमारा बाटनिकल बार इस बार गर्मी में खास सर्विस देगा, जो कि सिट्रस गार्डन प्रोजेक्ट है। इसमें हम अपने होटल में उगाए फल व हर्ब्स से मॉकटेल के कुछ इंग्रीडिएंट्स तैयार करेंगे जो कि आथेंटिक फ्लेवर देंगे। वहीं आम पर आधारित फेस्ट करेंगे जो कि मई में होगा। गर्मी में सलाद प्रिपरेशन में बदल जाएगी और इंग्रीडिएंट्स मौसम के मुताबिक होंगे। हम अतिथियों को अपने यहां उगाए गए गन्ने का रस सर्व कर रहे हैं। स्ट्रेस बस्टर सिट्रस फ्रूट्स एंड फ्लावर के साथ मॉकटेल देंगे। स्वीट, स्पाइसी, फ्रूटी और फ्लोरल फील वाले क्रैनबेरी जूस, पोमेग्रेनेट जूस, बोगनवेलिया पिंक पेपर शर्ब्स के साथ मूड को जश्न का अनुभव देने वाले माकटेल भी शामिल किए हैं।

### गोंद कतीरा को भिगोकर, नींबू, काला नमक मिलाकर बना ताजा जूस



वहीं, सेल्फ केयर फ्रूट्स एंड जूस डिलेवरी करने वाली गार्गी भारद्वाज ने कहा कि जिस प्रकार गोंद की तासीर गर्म होती है, वो सर्दियों के दिनों में गर्मी देता है, वैसे ही गोंद कतीरा इसका अपोजिट है। गोंद कतीरा गर्मी में ठंडक का अहसास देता है साथ ही फायदेमंद भी होता है। गार्गी ने कहा कि गोंद कतीरा को भिगोकर, इसमें नींबू, काला नमक, और भुना जीरा मिलाकर जूस बनाया जा सकता है, जो गर्मियों में शरीर को ठंडा और हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है। इसमें ठंडा पानी या बटर मिल्क मिलाकर भी पिया जा सकता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930